# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार, 29 जून 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 43 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1932: सोवियत संघ और चीन ने अनाक्रमण संधि पर हस्ताक्षर किए।

1974: सशेल्स द्वीपसमूह को स्वतंत्रता मिली।

2004: पूर्वी एशिया सम्मलेन में आसियान को प्रमुख ताकत बनाने पर सहमति।

2005: भारत और अमेरिका में समग्र 10 वर्षीय समझौता।

2013: कैलिफोर्निया ने समलैंगिक विवाह पर लगी रोक हटाई।

### अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद शुभांशु शुक्ला से पीएम मोदी ने की बात

# '16 बार सूर्योदय व सूर्यास्त देखता हूं'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बात की। बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि आज आप अपनी मातृभूमि से दूर हैं लेकिन आप भारतीयों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभारंभ भी है। पीएम मोदी ने कहा कि इस समय सिर्फ हम दोनों ही बात कर रहे हैं लेकिन 140 करोड़ भारतीयों की भावनाएं भी मेरे साथ हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग है। मैं आपको अंतरिक्ष में हमारा झंडा फहराने के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। क्या वहां सब ठीक है? क्या आप ठीक हैं? पीएम मोदी के साथ




बातचीत में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि पीएम मोदी, आपकी शुभकामनाओं और 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं यहां ठीक और सुरक्षित हूं। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह एक नया अनुभव है। यह यात्रा सिर्फ़ मेरी नहीं बल्कि पूरे देश की यात्रा है। आपके नेतृत्व में, आज का भारत अपने सपनों को पूरा करने के लिए कई अवसर प्रदान करता है। मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत के दौरान,पीएम मोदी ने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने अपने साथ गाजर का हलवा लिया है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा, हां, मैंने गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस खरीदा है। मैं चाहता था कि दूसरे देशों से मेरे साथ आए सभी लोग समृद्ध भारतीय व्यंजनों का आनंद लें। हम सभी ने इसे एक साथ खाया और सभी को यह पसंद आया। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने पीएम मोदी से बातचीत में कहा कि थोड़ी देर पहले जब मैं खिड़की से बाहर देख रहा था तो हम हवाई के ऊपर उड़ रहे थे। हम कक्षा से दिन में 16 बार सूर्योदय और सूर्यास्त देखते हैं। मैं 28000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ब्रह्मांड की सैर कर रहा हूं। हमारा देश बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

# अवैध मिनी गन फैक्ट्री मामले में चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने अवैध मिनी गन फैक्ट्री मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस, कोलकाता और रांची एटीएस की संयुक्त टीम के साथ गांधीनगर थाना क्षेत्र में 19 जून की शाम एक बड़ी कार्रवाई की थी। टीम ने जरीडीह उपर बाजार में कावेरी मैरिज हॉल के सामने स्थित गोदाम में छापेमारी कर अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पर्दाफाश किया था। विभिन्न ब्रांड के शराब के स्टिकर व ढक्कन बरामद भी हुए थे। पुलिस ने पहले चरण में मुंगेर के प्रवीण कुमार और खगड़िया के केशव कुमार को गिरफ्तार किया था। दूसरे चरण में मुख्य सरगना और कावेरी मैरिज हॉल के मालिक सूरज कुमार साव व उसका सहयोगी सूरज प्रजापति को भी पकड़ा गया। छापेमारी में अवैध केन बीयर और विभिन्न ब्रांड के शराब के स्टिकर व ढक्कन बरामद भी हुए थे। जांच में पता चला कि सूरज कुमार साव पर गया के बाराचट्टी थाना और गिरिडीह के सरिया थाना में पहले से मामले दर्ज हैं। सूरज प्रजापति पर मुंगेर के नया रामनगर थाना में भी एक मामला दर्ज है। पूछताछ में दोनों ने अन्य सहयोगियों के नाम बताए हैं। पुलिस ने गांधीनगर थाना में बीएनएस, उत्पाद अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेरमो के नेतृत्व में विशेष टीम अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।



## संक्षिप्त समाचार

### रजरप्पा में पटना का किशोर नदी में डूबा

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** रामगढ़ के रजरप्पा सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में एक दुखद घटना सामने आई है। बिहार के पटना से आए 17 वर्षीय शशि कुमार दामोदर भैरवी नदी में स्नान करते समय तेज बहाव में बह गया। युवक अपने परिवार के साथ मंदिर में पूजा करने आया था। नदी में डूबने की सूचना मिलते ही रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश में जुटी है।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र के हेन्देहास गांव की 19 वर्षीय अनिता कुमारी के रूप में हुई है। शुक्रवार शाम को अनिता ने जहरीला पदार्थ का सेवन किया। घटना के समय घर में कोई नहीं था। परिवार के सदस्य साप्ताहिक बाजार गए थे। वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि अनिता अचानक गिर गई। उसे पहले बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से गंभीर स्थिति के कारण एमएमसीएच रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### तालाब में मिला पत्थर से बंधे युवक का शव

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** झरिया थाना क्षेत्र के ईस्ट भगतडीह गुलगुलिया बस्ती में शनिवार को तालाब में पत्थर से बंधा एक युवक का शव बरामद किया गया। मौके से पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन और चप्पल भी बरामद किया है। मृतक की पहचान भूचकुन भुइंया के रूप में की गई। परिजनों के अनुसार वह दो दिनों से लापता था। उसके दोस्तों ने हत्या कर शव में पत्थर बांधकर सिंह नगर के पास जलकुंभी तालाब में फेंक दिया है।

### मिट्टी के ढेर में दबा बच्चा, मौत

**बेतिया (नबिटा ब्यूरो)।** योगापट्टी प्रखंड अंतर्गत हथिया गांव में शनिवार दोपहर मिट्टी के ढेर में दबने से 14 साल के बालक की मौत हो गई। हादसे में 12 साल का दूसरा बच्चा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ, जब बारिश के पानी की निकासी के लिए खोदे गए नाले के पास मिट्टी का बड़ा ढेर अचानक ढह गया। मृतक की पहचान हथिया गांव निवासी राधेश्याम कुमार उर्फ कल्लू के रूप में हुई है।

### शिक्षक की मौत

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** नेमदारगंज थाना क्षेत्र के जसौली गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार बीपीएससी शिक्षक की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहे दूसरे शिक्षक के घायल होने की सूचना है। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान हिसुआ थाना क्षेत्र के छतियर गांव निवासी मथुरा पांडेय का बेटा गणेश पांडेय (26) के रूप में की गई है।

# शिबू सोरेन के स्वास्थ्य में तेजी से हो रहा सुधार : संजय सेठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी लेने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। संजय सेठ ने कहा कि गुरुजी के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। वे जल्द हमारे बीच होंगे। सीपीएम की वरिष्ठ नेता कॉमरेड बृंदा करात ने भी दिशोम गुरु के स्वास्थ्य की जानकारी लेने अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से मुलाकात की। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के बीजेपी सांसद संजय सेठ ने आज शनिवार को नई दिल्ली में सर गंगाराम अस्पताल जाकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के बाद संजय सेठ ने कहा कि दिशोम गुरु के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। बहुत जल्द वे झारखंड को आशीर्वाद देने हम सबके बीच होंगे। सीपीएम की वरिष्ठ नेता कॉमरेड बृंदा करात ने आज शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक और पूर्व सीएम शिबू सोरेन को देखने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और विश्वास व्यक्त किया कि दिशोम गुरु जल्द स्वस्थ्य होकर झारखंड लौटेंगे। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से भी मुलाकात की। यह जानकारी सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने दी।

# रेल मंत्री ने पुरुलिया से हावड़ा के लिए मेमू ट्रेन को दिखायी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** भारतीय रेलवे द्वारा क्षेत्रीय रेल संपर्क और स्टेशन आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज सांतरागाछी रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांता मजूमदार, बिष्णुपुर के सांसद सौमित्र खान, हावड़ा के सांसद प्रसून बनर्जी, रेलवे के अधिकारीगण एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। अपनी यात्रा के दौरान रेल मंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सांतरागाछी स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इसका उद्देश्य स्टेशन को एक आधुनिक और विश्वस्तरीय ट्रांजिट हब में परिवर्तित करना है। निरीक्षण के उपरांत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन संख्या 08121 पुरुलिया से हावड़ा तक मेमू सेवा का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। यह सेवा क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करती है। इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि यह मेमू सेवा न केवल एक महत्वपूर्ण रेल संपर्क को पुनर्जीवित करती है बल्कि ऐतिहासिक बांकुड़ा-दामोदर रेलवे की भावना को भी पुनर्जीवित करती है। पुरुलिया, बांकुड़ा और हावड़ा के लोगों को अब अधिक स्वच्छ, तेज़ और सुलभ रेल सेवा का लाभ मिलेगा जो हम सबके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता ने नए भारतीय रेलवे की नींव रखी है। इस सपने को साकार करने के लिए रेलवे परिवार के 12 लाख सदस्य पूरे समर्पण से कार्य कर रहे हैं। जहां कभी अधूरे कामों की लम्बी सूची थी, आज वहां तेज़ी से प्रगति दिखाई दे रही है। केवल पश्चिम बंगाल में ही 101 स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तीव्र गति से कार्य जारी है। यह केवल विकास नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे का एक नया प्रारूप तैयार हो रहा है। एक ऐसा युग जिसमें 50-60 साल पुराने स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। आज का यात्री गुणवत्ता चाहता है, बेहतर अनुभव चाहता है, और यही हम प्रदान कर रहे हैं।



# वर्दी व कर्तव्य से होती है पुलिस की पहचान : डीआइजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जोन के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआइजी) नौशाद आलम ने पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और पेशेवर छवि बनाए रखने के उद्देश्य से एक अहम आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपने सरकारी मोबाइल फोन पर वर्दी में अपनी तस्वीर लगानी होगी। डीआइजी ने कहा है कि कई पुलिसकर्मी अपने सरकारी मोबाइल फोन पर पारिवारिक या साधारण कपड़ों में खींची गई तस्वीरें लगा रहे हैं। इससे आम जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है और विभाग की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह एक गंभीर विषय है, क्योंकि सरकारी फोन का उपयोग आम जनता से संवाद और आधिकारिक कार्यों के लिए होता है।



जारी आदेश में कहा गया है कि एक पुलिसकर्मी की असली पहचान उसकी वर्दी, कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता से होती है। जब कोई आम नागरिक पुलिसकर्मी से संपर्क करता है तो उसके फोन पर लगी वर्दीधारी तस्वीर से यह सहज रूप से स्पष्ट होना चाहिए कि वह व्यक्ति पुलिस विभाग का कर्मी है। इससे विश्वास और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित होंगे। यह निर्देश पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, निरीक्षक, थाना प्रभारी और पोस्ट प्रभारी पर लागू होगा। डीआइजी ने संबंधित अधिकारियों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश भी दिया है। इससे पहले डीआइजी ने यह निर्देश जारी किया था कि थाना प्रभारी, पिकेट प्रभारी और इंस्पेक्टर अपने मोबाइल में वरिष्ठ अधिकारियों के नंबर अनिवार्य रूप से सेव रखें। किसी अधिकारी के फोन करने पर परिचय पूछना अनुशासनहीनता मानी जाएगी। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, त्वरित संवाद और प्रोफेशनलिज्म को बढ़ावा देना है। डीआइजी का यह आदेश पुलिस विभाग में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न केवल विभाग की छवि सुदृढ़ होगी बल्कि जनता का विश्वास भी बढ़ेगा।

# श्रावणी मेला के दौरान 24 घंटे होगी विद्युत आपूर्ति

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 में श्रद्धालुओं के सुविधार्थ विद्युत विभाग द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जायेगी। इसे लेकर शनिवार को विद्युत अवर प्रमंडल कार्यालय परिसर बासुकिनाथ में विद्युत विभाग के महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बासुकिनाथ विद्युत सब स्टेशन का निरीक्षण किया। बताया कि लगभग सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। श्रावणी मेले को लेकर यहां फुल लोड विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी। विद्युत विभाग 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के लिए क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। दरअसल श्रावणी मेले के दौरान हजारों श्रद्धालु मंदिर और आसपास के परिसर में मौजूद होते हैं। ऐसे में अगर कुछ देर के लिए भी बिजली कट जाए तो व्यवस्था बिगड़ जाती है। महाप्रबंधक ने जानकारी दी कि हम लोगों ने राजकीय श्रावणी मेले के दौरान बासुकिनाथ में बेहतर विद्युत व्यवस्था की सारी तैयारियां पूरी कर ली है।

# विभा कुमारी और मुन्ना कुमार बने देश के पहले इ-वोटर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आज बिहार में तीन जिलों की 6 नगर पंचायत में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और पार्षद के उपचुनाव के लिए वोटिंग हुई। खास बात ये है कि देश में पहली बार ई-वोटिंग की शुरुआत हुई है। बुजुर्ग, गर्भवती महिला और प्रवासी बिहारी मोबाइल से मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल हुए। इस सुविधा से वैसे लोग काफी खुश दिखे जो अलग-अलग कारणों से मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पा रहे थे। बिहार के पूर्वी चंपारण की रहने वाली विभा देवी पहली महिला ई-वोटर बनी हैं, जबकि मुन्ना कुमार पहले पुरुष ई-वोटर हैं। इन दोनों ने आज मोबाइल से पहली बार मतदान किया है। विभा कुमारी असल में पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ीदयाल के वार्ड नंबर 8 की रहने वाली हैं। वहीं पकड़ीदयाल के ही वार्ड नंबर-1 के मुन्ना कुमार पहले वैसे पुरुष मतदाता बने हैं, जिन्होंने ई-वोटिंग के जरिए अपना वोट डाला। ई-वोटिंग के माध्यम से कुल 67 फीसदों लोगों ने अपने मातधिकार का प्रयोग किया। उधर, बक्सर के पांडेय पट्टी की रहनेवाली वृद्धा मतदाता प्रेमावती देवी ने भी पहली बार ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाला। हालांकि मोबाइल से मतदान करने में उनको थोड़ी दिक्कत हुई लेकिन फिर भी घर बैठे मतदान करने से वह काफी खुश दिखीं। बिहार निर्वाचन आयोग के मुताबिक 80 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती महिला, असाध्य रोगों से ग्रसित व्यक्ति और प्रवासी बिहारी मोबाइल के जरिए ई-वोटिंग प्रक्रिया का लाभ उठा सकते हैं।हालांकि इसके लिए पहले ही रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य था। 28 जून को सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक ई-वोटिंग हुई। नतीजे 30 जून को आएंगे।

# बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर झारखंड में राजनीति तेज

## जेएमएम को छोटा भाई मानते हुए बिहार में उसे सीटें मिलनी चाहिए : दीपक प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा चुनाव भले ही बिहार में हों मगर इसको लेकर झारखंड में सियासत जरुर गर्म है। दरअसल इंडिया गठबंधन में सीटों को लेकर चल रही खींचतान पर भाजपा की नजर है। उसे उम्मीद है कि बिहार में इंडिया गठबंधन के अंदर सीट बंटवारे को लेकर होने वाला बिखराव का फायदा कहीं न कहीं झारखंड की राजनीति में भी होगा। शायद यही वजह है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को बिहार में गठबंधन के अंदर तरजीह नहीं मिलने पर भाजपा भी दुख जताने लगी है। बिहार भाजपा के सह प्रभारी दीपक प्रकाश के बाद पार्टी के पूर्व विधायक अमित मंडल ने कांग्रेस और राजद के रुख की आलोचना करते हुए



कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को यूज एंड थ्रो के रुप में यह महागठबंधन देख रही है। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा को कांग्रेस और राजद द्वारा ठेंगा दिखाए जाने का अंदेशा जताते हुए कहा कि जिस तरह से झारखंड में जेएमएम बड़े भाई की भूमिका में है उसी तरह से बिहार में राजद है। जाहिर तौर पर जेएमएम को छोटा भाई मानते हुए वहां उसे सीटें मिलनी चाहिए। मगर कांग्रेस और राजद, जेएमएम को तरजीह नहीं दे रही हैं। जबकि झारखंड से सटे सीमावर्ती जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में जेएमएम की पकड़ भी है। दीपक प्रकाश ने कहा कि जिस तरह से संताल में कांग्रेस की गतिविधि बढ़ने के बाद अंतर्कलह बढ़ा है उससे लग रहा है कि सबकुछ ठीक नहीं है और कांग्रेस की नीति भी रही है कि गन्ना की तरह चूसकर क्षेत्रीय दल को वह फेंक देती है। बीजेपी नेता और पूर्व विधायक अमित मंडल ने राज्य सरकार के कामकाज पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि श्रम और उद्योग विभाग को डमी बनाकर रख दिया गया है। विभाग के मंत्री को किनारे किए जाने का आरोप लगाते हुए अमित मंडल ने कहा कि पहले मुख्यमंत्री विदेश दौरे में नहीं ले गए और हाल में जमशेदपुर में मुख्य सचिव की मौजूदगी में हुई बैठक में उन्हें नहीं बुलाया गया। ऐसी स्थिति में राज्य में लगे उद्योग को देखने वाला कौन है? मुझे लगता है कि झारखंड सरकार के अधीन उद्योग मंत्रालय पूर्णतः फ़ेल है। यदि उद्योग मंत्रालय देखने के योग्य नहीं है तो मुख्यमंत्री को हस्तक्षेप करनी चाहिए लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि न तो मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में यह है और न ही उद्योग मंत्री को इससे मतलब है। आखिर निजी क्षेत्र में युवाओं को कैसे रोजगार मिलेगा और राज्य में उद्योग धंधे कैसे बढ़ेंगे, यह सोचने वाली बात है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### खेल मैदान का किया उद्घाटन

**भागलपुर, एजेंसी।** बाथ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नयागांव स्थित ग्राम ऊंचागांव उत्तर में 8,86000 रुपये से खेल मैदान का निर्माण कराया गया है। जिसका उद्घाटन नयागांव के मुखिया संजीव कुमार ने किया। मुखिया ने बताया कि बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, रनिंग ट्रैक का निर्माण कराया गया है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य, कनीय अभियंता, पंचायत रोजगार सेवक, सहित ग्रामीण उपस्थित थे। खेल मैदान बन जाने से ग्रामीण और छात्र-छात्राओं में खुशी है।

### हाईकोर्ट ने कहा-अतिक्रमण नहीं हटा तो डीएम पर अवमानना का मामला चलेगा

**पटना, एजेंसी।** 7 पटना हाईकोर्ट ने डीएम को आशियाना-दीघा रोड से अतिक्रमण हटाने और उसका डिजिटल फोटो पेश करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा-अतिक्रमण नहीं हटाने पर यह माना जाएगा कि डीएम ने आदेश का पालन नहीं किया और उनके खिलाफ अवमानना का मामला चलेगा। इसके पहले डीएम की ओर से हलफनामा दायर कर कहा गया कि अतिक्रमण को हटा दिया गया है। जो बचा हुआ है, उसे दो महीने के भीतर हटा दिया जाएगा। लेकिन, वरीय अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि कागजों में ही अतिक्रमण हटाया गया है। वास्तविकता में अतिक्रमण अब भी बरकरार है। इसपर कोर्ट ने कहा कि अगर डीएम अतिक्रमण हटाने में असहाय हैं तो अगली सुनवाई में हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करें। न्यायमूर्ति पीबी बजन्थरी और शशिभूषण प्रसाद सिंह की खंडपीठ ने डॉ. अमित कुमार सिंह द्वारा दायर अवमानना मामले पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। मामले पर अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।

### श्रावणी मेले की तैयारी की समीक्षा और निगरानी को बनी छह कमेटी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** श्रावणी मेले की तैयारी के लिए गठित कार्यकारिणी समिति के पर्यवेक्षण के लिए भी पर्यवेक्षण कमेटी गठित कर दी गई है। डीएम सुब्रत कुमार ने छह पर्यवेक्षण कमेटी का गठन करते हुए इन्हें पर्यवेक्षण की जिम्मेवारी सौंपी है। यह कमेटी कार्यकारिणी समिति के कामों की निगरानी और समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट डीएम को देगी। कार्यकारिणी समिति के पर्यवेक्षण के लिए बनी छह कमेटियों में सड़क पर्यवेक्षण, कांवरियों के ठहराव की व्यवस्था, सफाई, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य व अन्य शिविर, बैरिकेडिंग कमेटी शामिल है। सड़कों के पर्यवेक्षण को बनी कमेटी में तीन अधिकारी डीडीसी, दोनों एसडीओ व एक वरीय उपसमाहर्ता शामिल शामिल किए गए हैं। वहीं कांवरियों के ठहराव के लिए गठित पर्यवेक्षण कमेटी में डीडीसी, दोनों एसडीओ और तीन वरीय उपसमाहर्ता हैं। इसके अलावा सफाई के लिए बनी पर्यवेक्षण कमेटी में नगर आयुक्त व जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शामिल है।

# अकाउंटेंट ने काली कमाई से जुटाई 1.36 करोड़ की संपत्ति

## पिता किराना कारोबारी तो छोटा भाई किसान, रेड में अलमारी से मिले 50 लाख के गहने



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** फूड कॉर्पोरेशन के अकाउंटेंट राजेश कुमार के ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने शुक्रवार को छापेमारी की। मुजफ्फरपुर में इनके दो ठिकानों समेत 6 जगह पर कार्रवाई हुई। मुजफ्फरपुर के पैतृक आवास पर करीब 7 घंटे तक छापेमारी चली। वहीं, शहर के किराए वाले मकान में 8 घंटे तक ईओयू की टीम ने जांच-पड़ताल की। पैतृक घर से करीब 50 ग्राम सोने के गहने जब्त किए गए हैं। जिसकी कीमत करीब 50 लाख हैं। राजेश के पिता हेमंत साह का किराना का होलसेल का कारोबार है। छोटा भाई सोनू कुमार खेती करता है। तीन बहनें भी हैं। जिसमें 2 की शादी हो चुकी है। तीसरी अभी पढ़ाई कर रही है। राजेश कुमार 2016 में बिहार स्टेट फुड एण्ड सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना में लेखपाल के रूप में नियुक्त हुए थे। उस वक्त वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे. 2400 रुपए थे। 9 साल में आय से अधिक कुल 1 करोड़ 36 लाख 31 हजार रुपए की संपत्ति पाई गई, जो कमाई से 201.94प्रतिशत ज्यादा आंकी गई है।

**रिश्तेदार को शहर भेजकर मंगवाई चाबी :** ईओयू के अधिकारी के अनुसार राजेश के पैतृक गांव कुढ़नी के केरमा और शहर के काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के प्रोफेसर कॉलोनी गली नंबर-1 में किराए के घर, दोनों जगह पर ईओयू की टीम कार्रवाई कर रही थी। पैतृक आवास पर मौजूद टीम को एक गोदरेज मिला, जो लॉक था। गोदरेज की चाबी किराए वाले मकान में थी। छापेमारी के दौरान पैतृक आवास से घर से किसी सदस्य को निकलने का आदेश नहीं था, इसलिए टीम ने राजेश के किसी रिश्तेदार को बुलाया, जो घर के बाहर था। उसे शहर के किराए वाले मकान में भेजकर गोदरेज की चाबी मंगवाई। जिसके बाद 50 ग्राम सोने के जेवरात मिले।

**पैतृक गांव में परिवार, राजेश फरार :** छापेमारी के बाद राजेश के किराए वाले घर में फिलहाल ताला लगा हुआ है। वहीं, पैतृक आवास पर राजेश का परिवार मौजूद है। परिवार में पिता हेमंत शाह, छोटा भाई सोनू (27), राजेश की पत्नी और राजेश के 2 बच्चे रह रहे हैं। वहीं, राजेश अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। राजेश अभी मोतिहारी जिले में बिहार राज्य खाद्य निगम के लेखापाल के पद पर कार्यरत है। राजेश कुमार के खिलाफ 26 जून को आर्थिक अपराध थाना में मामला दर्ज हुआ था। कोर्ट से सर्च वारंट लेने के बाद शुक्रवार को मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर और पटना समेत अन्य ठिकानों पर तलाशी ली गई।

### 12 लाख से अधिक रुपए होंगे फ्रिज

ईओयू की छापेमारी में अबतक कई बैंकों के पासबुक, जमीन खरीदने से संबंधित दर्जनों डॉक्युमेंट्स, मकान और गोदाम के कागजात मिले हैं। जिन्हें जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा वाहन के कागजात, लैपटॉप और मोबाइल भी मिले हैं। अब तक कुल 12 लाख 53 हजार 247 रुपए बैंक अकाउंट में मिले हैं, जिन्हें फ्रीज करने के लिए बैंक को कहा गया है।

### मोतिहारी से मिले पासबुक और जरूरी पेपर

आर्थिक अपराध इकाई की टीम शुक्रवार को करीब सुबह 7-8 बजे के बीच मोतिहारी पहुंची। जहां बिहार राज्य खाद्य निगम कार्यालय, मोतिहारी में छापा मारा। हालांकि इस दौरान लेखापाल कार्यालय में नहीं मिले। दो घंटे से अधिक तक राजेश कुमार के चैंबर में कागजातों को टीम ने खंगाला। टीम को दो पासबुक मिले हैं। एक पासबुक केनरा बैंक और दूसरा पासबुक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का बताया जा रहा। बताया जाता है कि टीम को कुछ महत्वपूर्ण कागजात भी मिले हैं, जो नकदी लेन-देन, जमीन में निवेश संबंधित हो सकते हैं। राजेश कुमार दो साल से अधिक समय से मोतिहारी कार्यालय में पदस्थापित हैं।

### काले धन को वैध बनाने की कोशिश

प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि राजेश कुमार ने नकद लेन-देन, अचल संपत्ति में निवेश और कई फर्जी खातों के माध्यम से काले धन को वैध बनाने की कोशिश की है। इसके अलावा उनके कुछ करीबी रिश्तेदारों के नाम पर भी संपत्तियां बनाई है, जिसकी जांच चल रही है। ईओयू अब जब्त दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण करने के बाद राजेश कुमार की संपत्ति के स्रोतों की जांच करेगी। अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम और अन्य भ्रष्टाचार विरोधी धाराओं में भी कार्रवाई की जा सकती है।

# स्कूल में नाबालिग से 3 लड़कों ने किया गैंगरेप

**एकमा (सारण), एजेंसी।** सारण में नाबालिग लड़की (16) के साथ स्कूल में गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपियों पर नाबालिग का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का भी आरोप है। नाबालिग पीड़िता ने शुक्रवार को मांझी थाने में तीन युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक, 27 मई की शाम वह शौच के लिए घर से निकली थी। तभी गांव के दो युवकों ने उसका मुंह गमछे से बांध दिया। फिर जबरन बाइक पर बैठाकर उत्क्रमित मध्य स्कूल ले गए। वहां दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया और वीडियो भी बना लिया। इसके बाद उन्होंने एक और युवक को बुलाया, जिसने पहले उसे जातिसूचक गालियां दीं। इसके बाद उसने भी रेप किया। तीन आरोपियों भगवान यादव, नितेश कुमार यादव और अंकेश राय के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**पीड़िता बोली- 2-3 घंटे की दरिंदगी की :** पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि- 27 मई को रात लगभग 9 बजे रात को जब में अपने घर से शौच के लिए निकली थी, तभी मेरे ही गांव के दो लड़कों (भगवान यादव, नितेश कुमार यादव) ने मुझे आवाज लगाई। जैसे ही मैं रुकी, इन दोनों ने मेरा मुंह गमछे से बांध दिया। विरोध करने पर मेरे पेट में नितेश ने घुसा मारा और जबरदस्ती अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा कर लेकर भागे और मेरे ही गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भलुआ खुर्द के अंदर मुझे लेकर गए और मेरे साथ लगभग दो घंटे तक दुष्कर्म करते रहे। मैं रोती चिल्लाती गिड़गिड़ाती रही, पर दोनों हसते रहे। पहले भगवान यादव और फिर नितेश कुमार यादव ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद भगवान यादव ने फोन से मेरा वीडियो बनाया और कुछ फोटो खींचे और किसी को फ़ोन किया। जिसके कुछ देर बाद वहां अंकेश राय आया। उसने गाली और जाति सूचक शब्द देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। यह पूरी घटना मेरे साथ लगभग 2-3 घंटे चलती रही, जिसके बाद में बेहोश हो गई। होश में आने पर मैंने अपने आप को अपने घर के सामने पाया। अगले दिन ये तीनों दूसरे लोगों के साथ मेरे घर पर पहुंचे और कहा कि अगर पुलिस के पास गई तो तुम्हारा वीडियो हम वायरल कर देंगे। जिसके डर और लोक लाज के भय से में इस कांड की सूचना नहीं दे पाई। लेकिन पिछले कई दिनों से तीनों फिर से मेरे साथ वही घटना को दुहराना चाहते हैं।

**मुझे और भाई को मारने की धमकी दी :** पीड़िता के अनुसार, वारदात के दौरान वह बेहोश हो गई थी। जब उसे होश आया तो खुद को घर के सामने पाया। अगले दिन आरोपी अन्य लोगों के साथ उसके घर पहुंचे और धमकी दी कि अगर उसने पुलिस में शिकायत की तो वीडियो वायरल कर देंगे। उसे और उसके भाई को भी जान से मार देंगे। डरी-सहमी पीड़िता ने लोकलाज के कारण उस वक्त शिकायत नहीं की। हाल ही में आरोपी उसे दोबारा धमकाने और घटना को दोहराने की कोशिश करने लगे।

# गयाजी में ठनका से किशोर समेत 2 की मौत

## एक खेत में मवेशी चरा रहा था, दूसरा रफीगंज से अपने गांव लौट रहे थे



**गया, एजेंसी।** गयाजी में शुक्रवार को गुरारू प्रखण्ड में अचानक मौसम का मिजाज बदला तो करमा टोला पाण्डेय पोखर और दौलता गांव में ठनका गिरने से 2 की मौत हो गई। इनमें एक किशोर है। करमा टोला पाण्डेय पोखर में रमेश मांझी का 14 वर्षीय बेटा रोहित कुमार शुक्रवार को गांव के बधार में मवेशी चरा रहा था। काले बादल घिरे थे। कुछ देर में तेज गरज के साथ बिजली कड़की और रोहित उसकी चपेट में आ गया। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते। तब तक रोहित की जान जा चुकी थी। परिजन बदहवास होकर मौके पर पहुंचे। इधर, दौलता गांव निवासी 40 वर्षीय दिनेश यादव, पिता जानकी यादव, रफीगंज प्रखंड के कोई गांव हितैषी से लौट रहे थे। शाम करीब 6 बजे भदुकी गांव के पास पहुंचे ही थे कि अचानक ठनका गिरा। वह भी इसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### मुआवजा देने की मांग

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि खराब मौसम में खुले में न जाएं। बिजली गिरने की आशंका में सुरक्षित जगह पर रहें। थोड़ी सी सावधानी आपको बचा सकती है। इधर, ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता कौशल यादव ने भी पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने की बात कही है। दोनों गांवों में शोक का माहौल है। लोग बता रहे हैं कि बारिश के मौसम में खेत-खलिहान में काम के दौरान सतर्क रहना जरूरी है। अचानक हुई इस घटना ने गांव में दहशत भी बढ़ा दी है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### स्पीडी ट्रायल के लिए दो-दो संगीन मामले चिन्हित करेंगे सभी एपीपी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** विभिन्न न्यायालयों में चल रहे संगीन मामले की स्पीडी ट्रायल के तहत सुनवाई कराई जाएगी। इसके लिए फिलहाल प्रत्येक अपर लोक अभियोजकों (एपीपी) को दो-दो ऐसे मामले चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश नवनियुक्त लोक अभियोजक अजय कुमार ने दिया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सत्र न्यायालयों में 40 एपीपी कार्यरत हैं। सभी को काफी संगीन दो-दो मामले चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। इन मामलों की जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट सौंप दी है। ऐसे दो-दो मामले को चिन्हित कर कोर्ट से जल्द निष्पादन कराया जाएगा।

# सांसद ने पूछा... बिहटा- औरंगाबाद रेल लाइन प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में क्यों



**पटना, एजेंसी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में शुक्रवार को मंडल संसदीय समिति की बैठक में बिहटा-औरंगाबाद रेल लाइन परियोजना का मुद्दा छाया रहा। काराकाट के सांसद राजाराम सिंह ने सवाल उठाया कि 18 साल पुरानी बिहटा-औरंगाबाद रेल लाइन परियोजना अब तक ठंडे बस्ते में क्यों है? इसपर रेलवे के अधिकारी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। करीब 118 किलोमीटर लंबी बिहटा-औरंगाबाद रेल लाइन परियोजना का शिलान्यास 2007 में हुआ था। सासाराम के सांसद मनोज कुमार ने पूर्व मध्य रेल के जीएम और डीडीयू डीआरएम से कहा कि सभी स्टेशनों पर पानी, शौचालय और यात्रियों को बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था नहीं है। जीएम ने कहा कि स्टेशनों पर जांच कराकर और बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि गयाजी स्टेशन को विश्वस्तरीय और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया जा रहा है। बैठक में आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह और साधना सिंह मौजूद थीं। केंद्रीय मंत्री सह गयाजी के सांसद जीतन राम मांझी के प्रतिनिधि राजेश कुमार पाण्डेय, बक्सर सांसद सुधाकर सिंह प्रतिनिधि अजीत, औरंगाबाद सांसद अभय कुमार सिन्हा के प्रतिनिधि संजय कुमार भी उपस्थित थे।

# नालंदा में 30 जून को लगेगा जॉब कैंप : निर्मला ऑक्सीजन कंपनी में 4 पदों होगी भर्ती




**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में 30 जून को रोजगार कैंप लगेगा। जिला रोजगार कार्यालय सह मॉडल करियर सेंटर की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में स्थानीय कंपनी निर्मला ऑक्सीजन में 4 पदों पर भर्ती होगी। इसमें हेल्पर के लिए 2, ड्राइवर का 1और कंप्यूटर ऑपरेटर का 1 पद शामिल है। सभी पदों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष है।

हेल्पर के लिए 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। मासिक वेतन 8000 रुपए के अलावा अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पद केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए है। ड्राइवर के लिए अभ्यर्थी के पास 10वीं के साथ-साथ वैध ड्राइविंग लाइसेंस का होना आवश्यक है। इसके लिए मासिक वेतन 10,000 रुपए निर्धारित किया गया है। यह पद भी केवल पुरुषों के लिए सुरक्षित है। कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए स्नातक या उससे समकक्ष योग्यता आवश्यक है। इस पद पर भी 10,000 रुपए मासिक वेतन के अलावा अन्य लाभ मिलेंगे।

**रोजगार मेले की जानकारी :** प्लेसमेंट ड्राइव 30 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। आयोजन रोजगार कार्यालय सह मॉडल करियर सेंटर, संयुक्त श्रम भवन, बिहारशरीफ ब्लॉक कैंपस, हॉस्पिटल मोड़ के पास होगा। राष्ट्रीय करियर सेवा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में इच्छुक अभ्यर्थी सीधे पहुंचकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# जुलाई में पटना पहुंचेगी 3 कोच वाली मेट्रो, 6 किलोमीटर लंबे प्राथमिक कॉरिडोर पर होगा ट्रायल



**पटना, एजेंसी।** पटना में मेट्रो ट्रेन दौड़ने का सपना अब साकार होने ही वाला है। 3 कोच वाली मेट्रो ट्रेन जुलाई महीने में पटना पहुंच जाएगी। कोच का निर्माण महाराष्ट्र के पुणे में किया जा रहा है। अगले महीने यह पटना पहुंचेगा। इसके बाद तकनीकी टीम डिपो में इसको असेंबल करेगी। इसमें लगभग 15 से 20 दिन का समय लगेगा। मेट्रो का कोच जब तैयार हो जाएगा, उसके बाद 6.107 किलोमीटर लंबे प्राथमिक कॉरिडोर में इसका ट्रायल होगा। पटना मेट्रो के प्राथमिक कॉरिडोर में 15 अगस्त 2025 से परिचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

पटना मेट्रो के कोच की खरीदारी जायका फंड से होनी थी, लेकिन फंड मिलने में देरी होने के कारण राज्य सरकार ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को 115 करोड़ रुपये दिए। इससे प्राथमिक कॉरिडोर के लिए 3 डिब्बे वाली एक ट्रेन, मेट्रो लाइन के लिए पटरी, लिफ्ट एवं एस्केलेटर को खरीदा गया। नगर विकास एवं आवास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड की ओर से निर्मित ट्रेन का पटना के प्राथमिक कॉरिडोर में इस्तेमाल किया जाएगा।

### छोटी ट्रेन में ऊर्जा की होगी कम खपत

3 कोच वाली छोटी मेट्रो ट्रेन से यह भी फायदा होगा कि इसमें प्रति ट्रिप ऊर्जा की कम खपत होगी। इसे विशेष रूप से कम दूरी की यात्रा के लिए विकसित किया गया है। छोटी ट्रेनें दैनिक यात्रियों की पर्याप्त संख्या को समायोजित करते हुए बेहतर फ्रीक्वेंसी और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करेंगी। तीन कोच वाली मेट्रो केवल ट्रेन की लंबाई को कम करने के बारे में नहीं, बल्कि भविष्य के लिए कुशल और कम लागत वाली मेट्रो प्रणाली के साथ शहरी गतिशीलता के उपयोग को अपनाने की तरफ कदम है। भविष्य में राजधानी पटना के संकरे क्षेत्रों में मेट्रो की पहुंच बढ़ाने में भी यह बेहतर साबित होगा।

### एक कोच में 300 यात्रियों की होगी क्षमता

पटना मेट्रो के हर कोच की क्षमता 300 यात्रियों की होगी, ताकि कम खर्च के साथ पर्यावरण को भी नुकसान न हो। यानी 3 कोच में हर ट्रिप में लगभग 900 यात्री यात्रा खड़े होकर या बैठकर कर सकेंगे। पटना मेट्रो के प्राथमिक कॉरिडोर में 5 स्टेशन हैं, जिसमें न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माइल, भूतनाथ, खेमनीचक और मलाही पकड़ी स्टेशन शामिल हैं। शुरुआती दौर में खेमनीचक स्टेशन पर मेट्रो का ठहराव नहीं होगा। यह स्टेशन इंटरचेंज स्टेशन है, जिसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है।

### 2025 में कहां से चुनाव लड़ेंगे तेज प्रताप, कहा- हसनपुर सीट पर ही फोकस है, जल्द क्षेत्र का दौरा करेंगे

**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे एवं पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी सीट नहीं बदलने के संकेत दिए हैं। चर्चा है कि आरजेडी से निष्कासित किए जाने के बाद तेज प्रताप ने वैशाली जिले की महुआ विधानसभा सीट का मोह त्याग दिया है। हालिया बयान में उन्होंने समस्तीपुर जिले की हसनपुर सीट पर ही फोकस करने की बात कही है, जहां से वह वर्तमान में विधायक हैं। तेज प्रताप हसनपुर से पहले महुआ से विधायक रह चुके हैं। कुछ महीने पहले, उन्होंने महुआ पर दावा ठोका था, जिसे लेकर आरजेडी में सियासी ड्रामा देखा गया था। तेज प्रताप यादव ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में शुक्रवार को कहा कि वह हसनपुर से विधायक हैं। आने वाले दिनों में वह क्षेत्र का दौरा करेंगे, जनता के बीच जाएंगे, जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निपटारा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह 6 साल के लिए संगठन से बाहर किए गए हैं, इसका मतलब यह नहीं कि घर में कैद हो जाएं। वह अपने तरीके से यात्रा करेंगे और जनता के लिए काम करेंगे। तेज प्रताप ने आगामी विधानसभा चुनाव में सीट बदलने की बात से इनकार करते हुए कहा कि फिलहाल इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। वह हसनपुर से विधायक हैं और यहीं पर फोकस कर रहे हैं। अभी सीट बदलने की कोई बात नहीं है।

# नवीनगर में बीएलओ का प्रशिक्षण सम्पन्न, घर-घर जाकर योग्य मतदाताओं को जोड़ा जाएगा सूची में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के परिप्रेक्ष्य में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद जिले में निर्वाचन से संबंधित विभिन्न गतिविधियां तीव्र गति से संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज प्रखंड कार्यालय नवीनगर स्थित सभा कक्ष में मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। उन्होंने उपस्थित बीएलओ को संबोधित करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को अत्यंत गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संपन्न करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न हो और कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में दर्ज न रह



जाए। यह सुनिश्चित करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस कार्य के सफल निष्पादन में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करें, समयबद्ध ढंग से नाम जोड़ने, विलोपित करने एवं सुधार संबंधी आवश्यक कार्य करें और ईआरओ नेट पोर्टल पर सूचनाओं को अद्यतन करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस पुनरीक्षण अभियान में किसी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 भरने की प्रक्रिया, शुद्धिकरण की विधि, पात्रता मापदंड तथा निर्धारित समय-सारणी की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में निर्वाचन से संबंधित तकनीकी पक्षों को भी विस्तार से समझाया गया ताकि फील्ड स्तर पर किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण दायित्व को निष्ठा, पारदर्शिता और इमानदारी से निभाएं तथा जनसामान्य को जागरूक करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित करें।

## बच्चों के सुरक्षित स्थल का सचिव ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बाल सुधार गृह केंद्र एवं बच्चों के सुरक्षित स्थल बभंडी का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल तथा किशोर न्याय परिषद के प्रधान दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह एवं बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक अनीता कुमारी द्वारा किया गया। निरीक्षण क्रम में सचिव ने बच्चों की सुरक्षा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की, सचिव ने वहां आवासित बच्चों से बातचीत किया एवं उनसे जुड़ी समस्याओं, शिक्षा एवं खाने-पीने की व्यवस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त की, सचिव ने वहां आवासित बच्चे के कानूनी अधिकार से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें उपलब्ध होने वाले विधिक सहायता से संबंधित जरूरी दिशानिर्देश दिया गया। सचिव ने अपने निरीक्षण के क्रम में कुछ बुनियादी समस्याओं एवं कमियों को दुर करने हेतु निर्देशित किया और बच्चे के रख-रखाव शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में किसी तरह की कोताही नहीं करने का सख्त निर्देश संबंधित प्रशासन को दिया।

## चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपितों को खुदवां थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए आरोपित की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के सादा बिगहा निवासी लवकुश कुमार एवं ओबरा थाना क्षेत्र के कुराईपुर निवासी लक्ष्मी चौधरी व निकेश कुमार के रूप में की गई हैं। दरअसल, वाहन जांच के दौरान एक बाइक को रोकर आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई, लेकिन ये तीनों बाइक से संबधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद बाइक जब्त कर तीनों को हिरासत में लिया गया। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि चोरी की स्प्लेंडर बाइक के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार किया गया। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# 30 सितंबर तक चलेगा विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 30 जुलाई तक पूर्ण कर लें। किसी का नाम छुटे नहीं और घर घर जा कर फार्म उपलब्ध कराएं और तीन दिन बाद मतदाताओं से फार्म वापस ले। यह दायित्व बीएलओ, बीएलए एवं सुपरवाइजरों को दिया गया हैं। यह बात उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने शनिवार को मदनपुर बहुदेशीय भवन में आयोजित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के प्रशिक्षण में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि 2003 के मतदाता सूची के आधार पर माता-पिता का परिचय पत्र या आवासीय प्रमाणपत्र या अन्य कोई भी जाति प्रमाण पत्र कागजात लेकर सत्यापन कर सकते हैं, और उसका नाम जोड़ सकते हैं। सभी बीएलओ अपने अपने बुथ क्षेत्रों में घर-घर जाएंगे और नाम जोड़ने का काम ईमानदारी पूर्वक करेंगे। किसी मतदाता का नाम कटना नहीं चाहिए। यदि कोई व्यक्ति घर नहीं हो, बाहर रहता हो




तो वैसे स्थिति में फोन से सम्पर्क कर उससे कागजात मंगवा लेंगे। फार्म भरवाने का काम जल्द से जल्द पूरा कर ले। 30 सितंबर तक फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है। अगस्त माह में मतदाता सघन पुनरीक्षण कार्य संपन्न हो जाना चाहिए। यह ध्यान रहे कि किसी का नाम न छुटे। डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार ने प्रशिक्षण में कहा कि प्रत्येक घर के लोगों का सूची बना लेंगे, ताकि मतदाता सूची में उस परिवार का नाम एक जगह पर रहें। मतदाता के दिन परेशानी नहीं हो। मतदाता पुनरीक्षण का कार्य 25 जून 2025 से शुरू हो गया है और 26 जुलाई तक चलेगा। इसी बीच घर घर जाकर कर लोगों से संपर्क कर सत्यापन का कार्य कर लेंगे। यह केवल सांकेतिक मतदाता सूची तैयार हो रहा है। कोई संशोधन करने की जरुरत पड़ेगी तो किया जाएगा। फाइनल सितंबर में होगा। प्रशिक्षण में सीओ मो. अकबर हुसैन, पीओ योगेन्द्र प्रसाद सिंह, बीपीआरो विनोद कुमार वर्मा, बीईओ संजीव कुमार सिंह, बीएओ सुरेन्द्र राम, उदय नारायण सिंह, कामाख्या नारायण पाल सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

## श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर स्थापना दिवस पर होगा अखंड कीर्तन और भंडारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के किराना पट्टी स्थित श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 30 जून से भव्य अखंड कीर्तन एवं मेला का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं में इस अवसर को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है और कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 जून को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अखंड कीर्तन की शुरुआत होगी, जो एक जुलाई तक अनवरत जारी रहेगा। समापन के दिन हवन-पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

कार्यक्रम संयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## नए अधिवक्ताओं को 5000 मासिक प्रोत्साहन राशि देने की मांग, जिला विधिज्ञ संघ ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद की कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को संघ भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने की, जबकि संचालन महासचिव जगनारायण सिंह ने किया। बैठक में अधिवक्ताओं की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी कई मांगों को लेकर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से राज्य सरकार तथा स्टेट बार काउंसिल पटना को मांगपत्र भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रस्तावित मांगों में शामिल है कि नए अधिवक्ताओं को 5000 प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि दी जाए, ताकि प्रारंभिक संघर्ष के दौरान उन्हें आर्थिक सहारा मिल सके। साथ ही 65 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ताओं द्वारा यदि लाइसेंस समर्पित किया जाता है तो उन्हें 14,000 प्रतिमाह पेंशन के रूप में दिया जाए। इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं और उनके परिवार के लिए 5 लाख से 10 लाख तक का चिकित्सा बीमा सुनिश्चित कराने की भी मांग की गई। इस दौरान अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि सोमवार से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद कोर्ट डे घोषित किया जाएगा। साथ ही अधिवक्ताओं के लिए नए लायर्स हॉल और तीन मंजिला चेंबर का कार्य तेजी से चल रहा है, जिसे शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जुलाई माह में विभिन्न ज्वलंत विषयों को लेकर रघुनंदन बार भवन के केंद्रीय कक्ष में एक आमसभा आयोजित की जाएगी। इस मौके पर कार्यसमिति के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे।

## उत्तर कोयल नहर परियोजना पर श्रेय की होड़, किसान मजदूर मोर्चा ने जताया ऐतराज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर परियोजना को लेकर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह और वर्तमान सांसद अभय कुशवाहा के बीच श्रेय लेने की होड़ पर किसान मजदूर मोर्चा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। मोर्चा के मगध संयोजक डॉ. शिवनंदन प्रसाद यादव ने कासमा में प्रेस बयान जारी कर कहा कि इस परियोजना की बहाली के लिए सबसे पहले आवाज किसान मजदूर मोर्चा ने 1998 में रफीगंज प्रखंड से उठाई थी और तब से लेकर आज तक लगातार संघर्ष जारी है। उन्होंने बताया कि उत्तर कोयल डैम में फाटक लगाए जाने की मांग को लेकर किसान मजदूर मोर्चा रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में पिछले 150 दिनों से अधिक समय से धरना दे रहा है। जब तक डैम में फाटक नहीं लग जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कुटकुट डैम विस्थापितों के पुनर्वास को लेकर सरकार से वार्ता और 780 विस्थापितों की सूची बनाकर उन्हें 15-15 लाख रुपये और एक-एक एकड़ जमीन देने का जो निर्णय हुआ है, वह किसान मजदूर मोर्चा की देन है। डॉ. यादव ने कहा कि मेन कैनाल में जो कार्य आज जारी है, वह किसान मजदूर मोर्चा की वर्षों की तपस्या और संघर्ष का परिणाम है, न कि किसी जनप्रतिनिधि की कृपा। उन्होंने सांसदों से अपील की कि वे श्रेय की होड़ में न पड़ें, बल्कि किसान मजदूर मोर्चा के आंदोलन को समर्थन दें ताकि डैम में फाटक लगाने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो सके और परियोजना का लाभ किसानों को मिल सके। उन्होंने बताया कि भंडरिया और बढ़गढ़ प्रखंडों में विस्थापितों के पुनर्वास की योजना बनाई गई है। इस संघर्ष को सफल बनाने में लड्डू खान, तुलसी यादव, सिद्धि यादव, जयप्रकाश प्रजापति, विष्णु यादव, सत्येंद्र यादव, सूर्यदेव यादव, चंद्रशेखर यादव, महेश यादव, भोला वर्मा, संतोष गिरी और बालकुमार यादव सहित कई लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे हैं।

## जलजमाव से ग्रामीण परेशान, नाली का गंदा पानी घुसा घरों में, मुखिया पर लापरवाही का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कियाखाप गांव में नाली का गंदा पानी दर्जनों घरों में घुस जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव की गलियां छोटी गंगा में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। प्रमिला देवी, कविता कुमारी, सुजीत कुमार, अरुण कुमार, महेंद्र चौधरी, प्रमोद चौधरी, गणेश यादव, कमलेश चौधरी, योगेंद्र मेहता, मुकेश कुमार सहित कई परिवारों का घर पानी से घिर गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के मुखिया द्वारा अधूरा कार्य करवा दिया गया, जिससे जल निकासी की व्यवस्था बाधित हो गई। लोगों का कहना है कि काम पूरा नहीं होने के बावजूद भुगतान कर दिया गया है। ग्रामीणों ने वरीय अधिकारियों से जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। पंचायत समिति सदस्य पति सूरज चौधरी ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में उनकी कोई भूमिका नहीं है और यह कार्य पूरी तरह से मुखिया द्वारा कराया गया है। वहीं वार्ड सदस्य ने भी जिम्मेदारी मुखिया पर डाली। मुखिया प्रतिनिधि विनोद राठौड़ ने स्थिति को गंभीर मानते हुए कहा कि आज से कार्य फिर से शुरू किया जा रहा है और चार दिन के भीतर जल निकासी की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी बीडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। घटनास्थल पर वार्ड सचिव लालू यादव, जितेंद्र चौधरी, मुन्ना यादव, सुधीर कुमार, हैदर खान, सुनील यादव, अंकित यादव, रंजन यादव, गीता देवी, जगमोहिनी देवी, उत्तमा देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## अनुसूचित जाति टोलों में लगा विशेष शिविर 332 मामलों का मौके पर निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** आपका द्वार पहुंचे सरकार कार्यक्रम के तहत हसपुरा प्रखंड के विभिन्न अनुसूचित जाति बहुल टोलों में शनिवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर टाल पंचायत के बहादुर बिगहा (चंद्रदेव राम के घर के पास), अमझरशरीफ के करणविगहा (कृष्णा राजवंशी के पास), सोनहथु के शंभुपुर (जगदंबा राम के पास) और कोईलवां के आजाद बिगहा (गोविंद पासवान के पास) लगाया गया। शिविर में कुल 22 विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में कुल 395 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें जाति प्रमाण पत्र, आवासीय, आय, जन्म प्रमाण पत्र और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन शामिल थे। इनमें से 332 मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 63 मामलों की अद्यतन जांच के बाद निष्पादन किया जाएगा। शिविर के दौरान बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, बीपीआरओ वीरेन्द्र कुमार चौधरी और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार द्वारा आवेदकों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया।

## मतदाता जागरूकता के लिए मैराथन, सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 को सफल, शांतिपूर्ण और अधिकतम जनभागीदारी के साथ संपन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य भर में स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को औरंगाबाद जिला गांधी मैदान में छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के कुशल मार्गदर्शन में एवं जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस आयोजन में जिले के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमार पप्पू राज ने लोकतंत्र में मतदान की भूमिका और महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने में प्रत्येक नागरिक का योगदान अनिवार्य है। विशेष रूप से युवाओं और प्रथम बार मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को 'मतदाता शपथ' भी दिलाई गई, जिसमें सभी ने निर्भीक, निष्पक्ष और सोच-समझकर मतदान करने का संकल्प लिया। साथ ही यह भी संकल्प लिया कि वे अपने आस-पास के नागरिकों को भी मतदान के लिए जागरूक करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा यह जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम की एक प्रभावी कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है, जिसके माध्यम से युवा वर्ग, महिलाएं, दिव्यांगजन तथा नए मतदाता विशेष रूप से जागरूक किए जा रहे हैं। आगामी दिनों में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायत क्षेत्रों एवं सामुदायिक स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे।

## बस टाइमिंग को लेकर विवाद में भिड़े दो पक्ष, लाठी-डंडे से मारपीट में छह घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के रमेश चौक पर शनिवार को बस टाइमिंग को लेकर दो बस संचालकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बात मारपीट तक जा पहुंची। लाठी-डंडे चले और दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, देव से पटना के लिए चलने वाली शिवरथ बस के मालिक और वार्ड 8 के पार्षद सुशील कुमार ने आरोप लगाया कि वे अपनी परमिटयुक्त बस को तय समय पर रमेश चौक लाए थे, तभी राजधानी बस के 20-25 लोगों ने उनकी बस को खड़ा करने से मना करते हुए हमला कर दिया। उन्होंने दावा किया कि उनकी बस के पास वैध परमिट है, जबकि राजधानी बस अवैध रूप से संचालन कर रही है। उन्होंने परिवहन विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं, राजधानी बस की ओर से कर्मी अनिल बैठा ने भी नगर थाने में आवेदन दिया है। उनका आरोप है कि सुशील कुमार, मनीष कुमार, रॉकी कुमार, गोपाल कुमार और श्रीकांत सिंह ने जबरन उनकी बस के यात्रियों को उतारकर अपनी बस में बैठाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से जान बच सकी। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## साइकिल सवार को बचाने में बाइक पलटी, तीन युवक गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के सड़सी मोड़ के पास शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। घायल युवकों की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के गउरा गांव निवासी अंकित कुमार, मनीष कुमार और शुभम कुमार के रूप में की गई है। तीनों युवक पवई मोड़ स्थित एक पार्क घूमकर वापस लौट रहे थे और एक ही बाइक पर सवार थे। बाइक अंकित चला रहा था। जैसे ही वे सड़सी मोड़ के समीप



पहुंचे, सामने अचानक एक साइकिल सवार आ गया। उसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने तीनों घायलों को औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अंकित की हालत अत्यंत गंभीर पाई और उसे बेहतर इलाज के लिए बनारस ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल, अन्य दो घायलों मनीष और शुभम का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। यह हादसा न सिर्फ तेज रफ्तार का परिणाम है, बल्कि सड़कों पर सतर्कता की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है। स्थानीय लोगों और परिजनों ने युवकों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## बिहार में युवा आयोग का गठन आवश्यक : प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना)।** गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम कुमार ने बिहार में युवा आयोग के गठन की जोरदार वकालत की है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत भले ही दुनिया का सबसे युवा देश हो, लेकिन बिहार के युवाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक है। प्रेम जी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं सम्राट चौधरी से अनुरोध किया कि बिहार में युवाओं की समस्याओं को समझते हुए जल्द से जल्द राज्य युवा आयोग का गठन किया जाए। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि आज राज्य में दर्जनों बोर्ड, निगम और आयोग बने हैं, लेकिन युवाओं के लिए कोई समर्पित मंच नहीं है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में बिहार के लाखों युवा आज भी पलायन को मजबूर हैं। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए बताया कि तेलंगाना के कामारेडी के एक फार्म हाउस में उन्हें पटना और आसपास के कई नौजवान मिले, जो मात्र 15,000 वेतन पर सुरक्षा गार्ड का काम कर रहे हैं। उनकी आंखों में भविष्य की चिंता और घर से दूर रहने का दर्द साफ झलक रहा था, प्रेम जी ने कहा।

## मोहर्रम को लेकर देव थाना में शांति समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** मोहर्रम पर्व को लेकर शनिवार को देव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता देव अंचलाधिकारी दीपक कुमार व थाना प्रभारी कुमार सौरव ने संयुक्त रूप से की। बैठक में एसआई राहुल कुमार, नीतू कुमारी, पीएसआई रूबी कुमारी व कुणाल कुमार सहित पुलिस-प्रशासन के अन्य अधिकारी, ताजिया अखाड़ों के खलीफा, दोनों संप्रदायों के गणमान्य लोग, पंचायत प्रतिनिधि, नगर पंचायत देव के चेयरमैन व उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में थाना प्रभारी कुमार सौरव ने लोगों से मोहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी भ्रामक सूचना की तुरंत जानकारी पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्थान पर पुलिस बल तैनात रहेगा।

# नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में जदयू 29 जून से आयोजित करेगा बूथ सदस्यों की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के नबीनगर 221 विधानसभा क्षेत्र में द्वितीय चरण के अंतर्गत जनता दल यूनाइटेड 29 जून से पंचायतवार/वार्डवार बूथ सदस्यों की बैठक शुरू करेगी। यह बैठक लगातार 13 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी प्रदेश महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह ने पत्र जारी कर दी है। इन सभी कार्यक्रम में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह, जिला प्रभारी जनता दल (यूनाइटेड) बिंदा चंद्रवंशी, नबीनगर विधानसभा प्रभारी अरुण शर्मा उपस्थित रहेंगे।

पत्र के अनुसार 29 जून को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के पिपरा पंचायत के ग्राम पिपरा में नाट्य कला मंच के पास एवं दोपहर 2 बजे धनगाई पंचायत के पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के आवास पर बैठक होगी। इसी तरह 30 जून को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के गोठौली पंचायत के परशुरामपुर में रंजीत कुमार सिंह के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे कोचाढ़ पंचायत के कोचाढ़ पांच नंबर फॉर्म सामुदायिक भवन के पास बैठक होगी। 1 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के महुआव पंचायत के ग्राम मझिआव में धनंजय कुमार पटेल के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे अंकोरहा पंचायत के ग्राम अजनिआ में भोला गुप्ता के आवास पर बैठक होगी। 2 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के सोनौरा पंचायत के ग्राम चरण में ललन शौंडिक के आवाज पर एवं दोपहर 2 बजे राजपुर पंचायत के ग्राम जयपुर में संतोष सिंह के आवास पर बैठक होगी। 3 जुलाई को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के पौथु पंचायत के ग्राम पौथु में बिरला झा के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे काजीचक पंचायत के ग्राम चिरैला में सामुदायिक भवन के पास बैठक होगी।

4 जुलाई को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के रिउर पंचायत के ग्राम पौथु में ललन प्रजापति के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे धमनी पंचायत के ग्राम शेखपुरा में पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र कुमार के आवास पर बैठक होगी। 5 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के कंकेर पंचायत के ग्राम कंकेर में अमोद पटेल के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे मझिआव पंचायत के ग्राम गोसाईडीह में सुबोध सिंह के आवास पर बैठक होगी। 6 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के नाउर पंचायत के ग्राम वंसहा सरयू पाल के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे ठेंगो पंचायत के ग्राम कोइरीडीह में महावीर कुशवाहा के आवास पर बैठक होगी। 8 जुलाई को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के बारून पंचायत के पार्टी कार्यालय बारून में एवं दोपहर 2 बजे मेंह पंचायत के ग्राम अंबा में जोखू पटेल के आवास पर बैठक होगी। 9 जुलाई को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के भोपतपुर पंचायत के ग्राम घोरहा में अजय सिंह के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे टेंगरा पंचायत के ग्राम पहाड़पुर में दुर्गा प्रजापति के आवास पर बैठक होगी। 10 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के बैरिया पंचायत के ग्राम बभंडी में रंजीत मेहता के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे सिमरी धमनी पंचायत के ग्राम अंबा में सुभाष पांडे के आवास पर बैठक होगी।

11 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के तोल पंचायत के ग्राम तोल में सामुदायिक भवन के पास एवं दोपहर 2 बजे पिपरा पंचायत के ग्राम भेलवा में राकेश कुमार सिंह के आवास पर बैठक होगी।

12 जुलाई को सुबह 11 बारून प्रखंड के जनकोप पंचायत के ग्राम उर्दीना में नागेंद्र सिंह पूर्व मुखिया के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे कंचनपुर पंचायत के ग्राम अदमा में पूर्व मुखिया उदय पटेल के आवास पर बैठक होगी। 13 जुलाई को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के खैरा पंचायत के ग्राम तेंदुआ गणपत में मुन्ना कुमार के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे दुधार पंचायत के ग्राम सुंदरगंज में ओमप्रकाश गुप्ता के आवास पर बैठक होगी।

# प्रशासन की पहल: प्रत्येक पीड़ित को मिलेगा समय पर भत्ता और न्याय : एसपी

## अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की समीक्षा को लेकर नवादा में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में शनिवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से की। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों ने अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की अद्यतन स्थिति, अनुदान भुगतान, अनुसंधान की प्रगति और पीड़ितों को दी जा रही सहायता पर चर्चा की। बैठक की शुरुआत विगत बैठक की कार्यवाही की समीक्षा से हुई। डीएम रवि प्रकाश ने कहा कि अत्याचार की घटनाओं का त्वरित निराकरण और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पेंशन और अनुदान भुगतान अद्यतन रहे तथा गंभीर मामलों में प्राथमिकता के आधार पर आवंटन की मांग की जाए। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अनुसंधान में कोई लापरवाही न हो और कमजोर वर्गों के बीच कानून के प्रति भरोसा कायम रहे। उन्होंने थाना स्तर पर सतत मॉनिटरिंग की आवश्यकता पर बल दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि अब तक अधिनियम के तहत 1340 कांड दर्ज किए गए, जिनमें 851 मामलों में भुगतान किया जा चुका है। हत्या के मामलों में प्रथम किस्त के तहत 15 और द्वितीय किस्त में 8 पीड़ित परिवारों को सहायता दी गई है। आरोप गठन की सूचना प्राप्त 6 मामलों का भी संज्ञान लिया गया है।




प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, विभागीय पोर्टल पर अब तक 1405 मामलों की प्रविष्टि की गई है, जिनमें से 1394 में प्रथम किस्त तथा 924 मामलों में द्वितीय किस्त का भुगतान हो चुका है। वहीं, 39 पीड़ितों को यात्रा एवं भरण-पोषण भत्ता सीधे उनके खातों में भेजा गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), एसडीपीओ नवादा, रजौली एवं पकरीबरावां, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक जिला प्रशासन की संवेदनशीलता, पारदर्शिता और पीड़ित केंद्रित न्याय व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# सामुदायिक भवन का मंत्री सह विधायक ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड क्षेत्र के हवनपुरा गांव में नवनिर्मित समुदाय भवन का उद्घाटन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने किया। उद्घाटन के पहले सामुदायिक भवन की निरीक्षण किया और संवेदन को समुदाय भवन में मोटर एवं शौचालय का पूर्ण निर्माण करने का निर्देश दिया। योजना एवं विकास विभाग मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत 11 लाख रुपए की लागत से निर्माण किया गया है। उद्घाटन के बाद मंत्री सह विधायक ने कहा कि लंबे समय से स्थानीय लोगों की मांग थी। सामुदायिक भवन निर्माण हो जाने से अब स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।




सामुदायिक भवन बन जाने से ग्रामीण लोगों को शादी विवाह अन्य कार्य में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास का कार्य नियंत्रण जारी रहेगा। ताकि आम जनता की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के ऊपर एक मंजिल और भी बनाया जाएगा। मौके पर राहुल कुमार, श्याम सिंह ,महेश सिंह, शंभू सिंह, चंदन सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सीतामढ़ी मेला को मिला राजकीय दर्जा

## नवादा को सांस्कृतिक पहचान दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक सीतामढ़ी मेला को आखिरकार राजकीय दर्ज़ा मिल गया है। यह सौगात जिलेवासियों को बिहार विधान परिषद सदस्य अशोक कुमार यादव के सतत प्रयासों के फलस्वरूप मिली है। उन्होंने विधान परिषद के 209वें सत्र के दौरान सरकार से सीतामढ़ी मेला मेसकौर, ककोलत महोत्सव, तमसा नदी महोत्सव और हिसुआ गोविन्दपुर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्ज़ा दिलाने की पुरजोर मांग की थी।

पर्यटन मंत्री द्वारा इस प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और श्रद्धालुओं ने इस उपलब्धि के लिए एमएलसी अशोक कुमार का आभार जताया है। लोगों ने इसे नवादा की सांस्कृतिक अस्मिता और पहचान को सशक्त बनाने वाला कदम बताया।

जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुणाल कुमार, भिखमपुर मुखिया विकास कुमार, गोविन्दपुर मुखिया अनुज राजवंशी, उपेन्द्र राजवंशी, आरो यादव, कपिल यादव, बाल्मीकि यादव, शशिभूषण शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और एमएलसी अशोक कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया। स्थानीय जनों का मानना है कि राजकीय दर्जा मिलने से सीतामढ़ी मेला अब राज्य स्तरीय पहचान हासिल करेगा, जिससे पर्यटन, आस्था, व्यापार और स्थानीय रोजगार को भी व्यापक बल मिलेगा। अब यह मेला नवादा जिले की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रदेश स्तर पर स्थापित हो सकेगा।

# घर घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे बीएलओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध,अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि सभी पात्र नागरिकों को मतदान का अधिकार सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में 25 जून से मतदाताओं का भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। जो 25 जुलाई तक चलेगा। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि इस सम्बंध में सभी बीएलओ को चुनाव आयोग से प्राप्त आवश्यक दिशा निर्देश प्रशिक्षण के माध्यम से अवगत करा दिए गए हैं।

# नवादा की सांस्कृतिक विरासत को मिला नया आयाम, राज्य स्तरीय पहचान से नवादा गौरवान्वित: विवेक ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा मिली है। क्षेत्रीय सांस्कृतिक महोत्सवों को राज्यस्तरीय मान्यता मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व सांस्कृतिक जगत में हर्ष की लहर है। भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि सीतामढ़ी मेला महोत्सव और तमसा महोत्सव को राज्य सरकार द्वारा राज्य सांस्कृतिक महोत्सव की सूची में शामिल किया जाना नवादा के लिए गौरव का विषय है। पूर्व से ककोलत महोत्सव इस सूची में सम्मिलित है। सांसद ठाकुर ने कहा कि ये महोत्सव नवादा की सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं, जो न केवल ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करते हैं, बल्कि स्थानीय कलाकारों, हस्तशिल्प और परंपराओं को भी व्यापक मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने इसे नवादा के सांस्कृतिक उन्नयन की दिशा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने आगे कहा कि राज्य स्तरीय मान्यता मिलने से इन आयोजनों की भव्यता बढ़ेगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और नवादा की एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान विकसित होगी। अब ये आयोजन केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सम्पूर्ण बिहार की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थापित होंगे। सांसद ठाकुर ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय नवादा लोकसभा क्षेत्र के लिए गर्व और उल्लास का क्षण है।



# सड़क हादसे में शिक्षक की मौत, एक घायल शिक्षक समुदाय में शोक की लहर

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ली नव नियुक्त शिक्षक की जान, शिक्षकों ने जताया शोक व की मुआवजे की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के चितरकोली स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के दो शिक्षक – गणेश कुमार एवं प्रवीण कुमार – सोमवार को बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान जसौली गांव के समीप एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षक गणेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रवीण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतक शिक्षक गणेश कुमार छतिहार गांव के निवासी थे और हाल ही में बीपीएससी के माध्यम से टीआरई-3 से चयनित होकर नियुक्त हुए थे। दुखद है कि उनका वेतन भी अब तक प्रारंभ नहीं हुआ था और इसी बीच वे असमय काल के गाल में समा गए। यह खबर सुनते ही पूरे शिक्षक समाज में शोक की लहर दौड़ गई है।



शिक्षक नेता अजित कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार पुष्कर, दयानंद सिंहा, सुरेश कुमार, सोमनाथ, लालजीत कुमार, रंजीत कुमार, शशिकांत कुमार, सदानंद कुमार, राजेश कुमार, राकेश सिंह, चंदन कुमार, सुशील कुमार दानी सहित कई शिक्षकों ने शोक व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। सभी ने मृतक के परिवार को अनुकंपा नियुक्ति देने की भी मांग की है।

शिक्षक नेता अजित कुमार ने बिहार सरकार, शिक्षा मंत्री, अपर मुख्य सचिव सिद्धार्थ, नवादा डीएम और जिला शिक्षा पदाधिकारी से अपील की है कि मृत शिक्षक के परिवार को शीघ्र अनुकंपा का लाभ प्रदान किया जाए और आर्थिक सहायता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नवादा जिले के सभी शिक्षक संघों से भी इस विषय पर एकजुट होकर न्याय दिलाने की अपील की है।

शिक्षक समुदाय ने इसे शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी बताते हुए मांग की है कि सरकार संवेदनशीलता दिखाते हुए मृतक शिक्षक के परिजनों को हर संभव सहायता दे।

# सीतामढ़ी मेला महोत्सव और तमसा नदी महोत्सव को मिली राज्य स्तरीय मान्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। जिले के दो ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों – सीतामढ़ी मेला महोत्सव और तमसा नदी महोत्सव – को राज्य सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा राजकीय सांस्कृतिक महोत्सव के रूप में मान्यता प्रदान कर दी गई है। दोनों आयोजनों को विभाग के सांस्कृतिक कैलेंडर 2025-26 में शामिल किया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने जानकारी देते हुए कहा कि यह नवादा की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह गौरव का क्षण है कि नवादा की परंपराएं अब राज्य पटल पर और अधिक मजबूती से उभरेंगी। सीतामढ़ी मेला महोत्सव नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड स्थित सीतामढ़ी क्षेत्र में हर वर्ष अगहन पूर्णिमा से एक सप्ताह तक भव्य रूप से आयोजित होता है। यह स्थल रामायण काल से जुड़ा हुआ है, जहां मान्यता है कि माता सीता ने अपने द्वितीय वनवास के दौरान यहीं निवास किया था और लव-कुश का जन्म भी यहीं हुआ था। महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि के रूप में विख्यात इस स्थान पर स्थित सीता गुफा की चिकनी दीवारें बराबर गुफा की स्थापत्य शैली से मिलती हैं, जो इसके पुरातात्विक महत्व को दर्शाती हैं। मेले में स्थानीय काष्ठ एवं मूर्तिकला का शिल्प बाजार भी लगता है, जो कृषकों की समृद्धि और धार्मिक आस्था का प्रतीक है।

वहीं, तमसा नदी महोत्सव नवादा के हिसुआ प्रखंड में कार्तिक शुक्ल एकादशी (देवोत्थान एकादशी) को आयोजित होता है। यह आयोजन भी वाल्मीकि आश्रम, माता सीता और लव-कुश से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं पर आधारित है। बंगाल गजेटियर 1906 के अनुसार, हिसुआ प्रखंड के 'बारत' गांव को वाल्मीकि आश्रम और सीता जी के निर्वासन स्थल के रूप में जाना जाता है। तमसा (तिलैया) नदी के संरक्षण और सांस्कृतिक पुनरुद्धार के उद्देश्य से इस महोत्सव का महत्व और बढ़ जाता है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने बताया कि सीतामढ़ी मेला महोत्सव के लिए 3 मई 2025 एवं तमसा नदी महोत्सव के लिए 23 जनवरी 2025 को विभाग को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे स्वीकृत करते हुए अब इन आयोजनों को राज्य सांस्कृतिक कैलेंडर में स्थान दिया गया है।

इस ऐतिहासिक मान्यता से नवादा जिले को न सिर्फ सांस्कृतिक पहचान की नई ऊँचाइयाँ मिलेंगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन और स्थानीय शिल्प को भी नया जीवन मिलेगा।

# महारैली को सफल बनाने का किया आह्वान

**पकरीबरावां/नबिटा सं।** पकरीबरावां प्रखण्ड के कई गांवों में शुक्रवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने कार्यकर्ताओं से संपर्क कर महारैली को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रधान महासचिव ने प्रखण्ड के रोहुआ, पोकसी, गुलनी, कचना, पकरीबरावां, धेवधा आदि गांवों में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 29 जून को राजगीर में भीम संकल्प महारैली है। कहा कि महारैली में लगभग तीन लाख से ज्यादा कार्यकर्ता अपने नेता चिराग पासवान के भाषण को सुनने पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि नवादा, नालंदा सहित आस पास के कई जिलों में कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा रहा है। महारैली की तैयारी का जायजा लिया जा रहा है।

# महिला व बाल अधिकारों पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत बाजार में स्थित एक निजी स्कूल में शनिवार को स्माइल परियोजना के तृतीय चरण के अंतर्गत, बिहार वाटर डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। यह कार्यशाला महिला एवं बाल अधिकारों पर केंद्रित थी, जिसमें स्वयं सहायता समूह और महिला अधिकार समिति के नेताओं, सरकारी अधिकारियों और अन्य हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को महिला और बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा उन्हें इन अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए आवश्यक जानकारी और कौशल प्रदान करना था। इस दौरान, प्रतिभागियों के साथ अधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। सतत विकास लक्ष्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रवीण चंद्रा के द्वारा प्रदान की गई, जिन्होंने विशेष रूप से लैंगिक समानता और बच्चों से संबंधित अन्य लक्ष्यों पर प्रकाश डाला, ताकि समुदाय स्तर पर इन लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाई जा सके। कार्यशाला में बिहार वाटर डेवलपमेंट सोसाइटी के डायरेक्टर फादर दिनेश और फादर एंड्रयू राजा ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया। मौके पर नपं के मुख्य पार्षद बबीता देवी, चेरो मुखिया अशोक रजक, गुड्डी देवी, सूरूची कुमारी, मृदुला, रिंकु, रूबी, मनीता समेत अन्य मौजूद थे।

# सीएचसी रहुई का सीएस ने किया निरीक्षण

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहुई का सिविल सर्जन ने औचक निरीक्षण किया। जैसे ही सिविल सर्जन का गाड़ी अस्पताल परिसर के अंदर प्रवेश किया वैसे ही कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। अस्पताल के अंदर प्रवेश करने के बाद सीएस ने कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच की जहां लेखपाल कपिल कुमार 25, 26, 27 और 28 तक अनुपस्थित पाए गए, चंदन कुमार पीएम डब्लू 28 जून को, बसंत कुमार फार्मासिस्ट 27 और 28 जून, अजेंद्र कुमार लैब टेक्नीशियन 27 और 28 जून, प्रियंका कुमारी एएनएम 27 और 28 जून, प्रेम लता कुमारी 28 जून, चंद्रकांता कुमारी 28 जून और रीना कुमारी जीएनएम 28 जून को अनुपस्थित पाई गई।

# टोटो और बाइक पर लदी 198 लीटर शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र में उत्पाद बलों द्वारा लगातार फुलवरिया डैम समेत आसपास के जंगली क्षेत्रों से होने वाले शराब परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। बीते शुक्रवार की शाम को गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद बलों ने फुलवरिया डैम के समीप से एक टोटो और बाइक पर लदे 198 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई राजेश कुमार पटेल के नेतृत्व में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी



वाहनों की सघन जांच की जाती है।साथ ही आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते शाम को उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार ने उत्पाद बलों के सहयोग से फुलवरिया डैम के रास्ते हो रहे शराब परिवहन की खेंप के विरुद्ध कार्रवाई की है। इस दौरान बाइक पर लदे 123 लीटर देशी महुआ शराब को बरामद किया, जबकि शराब तस्कर जंगली रास्तों का उपयोग कर भागने में सफल रहे वहीं दूसरी ओर टोटो रिक्शा के सीट के अंदर बने तहखाने में रखे 75 लीटर देशी महुआ शराब को बरामद किया गया। टोटो चालक पीपरपाती गांव निवासी बाल्मीकि चौहान के पुत्र श्यामसुंदर कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त बाइक, टोटो व शराब के साथ गिरफ्तार और फरार तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है वहीं गिरफ्तार तस्कर को शनिवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना में स्मार्ट क्लास की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना में शनिवार को स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया। यह सुविधा भारतीय जन उत्थान परिषद के एलआईसी एचएफसी साथी प्रोजेक्ट के तहत स्थापित की गई है। स्मार्ट क्लास की शुरुआत के साथ ही विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन कृष्ण मिंज और सुमित कुमार ने किया। इस दौरान शिक्षकों को स्मार्ट क्लास के उपयोग, डिजिटल सामग्री के प्रभावी संचालन और तकनीकी उपकरणों की




कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सुमन ने कहा कि स्मार्ट क्लास की शुरुआत से बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। तकनीकी शिक्षा से बच्चों की सीखने की प्रक्रिया अधिक रोचक और प्रभावशाली होगी।

इस मौके पर सिमांजली कुमारी, सोनाली शोभना, बेबी, प्रहलाद कुमार, अरविंद कुमार और शंकर कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक और कर्मी उपस्थित रहे। स्मार्ट क्लास की शुरुआत से बच्चों में खुशी और उत्साह की लहर देखी गई। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल के लिए भारतीय जन उत्थान परिषद एवं एलआईसी एचएफसी के प्रति आभार प्रकट किया है।

# डीडीसी ने बीएलओ के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में शनिवार को नालंदा डीसीसी श्रीकांत कुंडलीक खांडेकर ने बीएलओ के साथ बैठक की। बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी उज्जवल कांत ने बताया कि बैठक आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर था। जिसमें बीएलओ को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।


## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/ एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **[वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/हावड़ा]। ई-निविदा संख्या : 94_2025-26, दिनांक: 25.06.2025। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/डानकुनी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/ डानकुनी के अधिकार क्षेत्र में डानकुनी, गोबरा, जनाई रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म को ऊँचा करना तथा वर्तमान सतह का विकास तथा सहायक अभियंता/डानकुनी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/ डानकुनी के अधिकार क्षेत्र में गुड़ाप, झापंडांगा और जौग्राम स्टेशन के प्लेटफॉर्म को ऊँचा करना तथा वर्तमान सतह का विकास एवं सहायक अभियंता/बर्द्धमान के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/ बर्द्धमान में नबग्राम स्टेशन के प्लेटफॉर्म को ऊँचा करना तथा वर्तमान सतह का विकास। **अनुमानित लागत:** ₹ 6,13,11,169.72। **बयाना राशि:** ₹ 4,56,600। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/ हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा।

निविदा **बंद होने की तारीख और समय:** 17.07.2025 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-163/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


# साइबर ठग पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** साइबर थाना पुलिस ने नालंदा थाना क्षेत्र के मामूराबाद गांव में कार्रवाई कर कम ब्याज पर आसानी से लोन दिलाने का झांसा देकर भोले-भाले लोगों से ठगी करने वाले एक अधेड़ और उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई साइबर डीएसपी ज्योति शंकर के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में अशोक प्रसाद और उसके दो पुत्र अभिषेक कुमार एवं सोनू राज है। पुलिस ने इनके पास से डेढ़ दर्जन से अधिक मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल ये लोग देशभर के अलग-अलग हिस्सों में लोगों को ठगने के लिए किया करते थे। साइबर डीएसपी ज्योति शंकर ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल कई शिकायतें दर्ज थीं। इन शिकायतों की तकनीकी जांच और मोबाइल लोकेशन के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि इनका ठगी नेटवर्क बिहार के अलावा झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में फैला हुआ था।

# शराब कारोबारी गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के अहियाचक गांव से बिंद थाना की पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान अहियाचक गांव निवासी राजेश उर्फ जुलम सिंह के रूप में की गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि एक वारंटी को पकड़ने के लिए पुलिस अहियाचक गांव गई थी जहां पुलिस को आता देख कारोबारी खिड़की से अंग्रेजी शराब को बाहर फेंक रहा था। पुलिस को नजर उस खिड़की पर पड़ी और घेरकर कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया।

# 64 प्रतिशत मतदान, चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही प्रभावी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** अस्थावां नगर पंचायत के तहत हुए चुनाव में 64 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो लोकतंत्र में लोगों की सक्रिय भागीदारी और सफल आयोजन का प्रतीक है। वार्ड संख्या 3 के मदरसा फसीह लिल बनात मतदान केंद्र पर दो पोलिंग बूथ बनाए गए थे, जिनमें कुल 1,427 मतदाता (755 पुरुष और 672 महिला) सूचीबद्ध थे। इनमें से लगभग 64 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। डीएसपी तारकेश्वर प्रसाद तथा अस्थावां थाना अध्यक्ष लालमणि दुबे ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। पुलिस बल की तैनाती के साथ मतदान केंद्र पर शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन सतर्क रहा। थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सजग और मुस्तैद था। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। चुनाव के सफल संचालन में प्रशासनिक और पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये खादी पुरुष त्रिपुरारी शरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल (नवादा)।** सर्वोदयी नेता और बिहार के खादी पुरुष स्वर्गीय त्रिपुरारी शरण की बारहवीं पुण्यतिथि शनिवार को सोखोदेवरा जेपी आश्रम में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, कृषि वैज्ञानिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने उन्हें भारत की महान विभूतियों में शुमार करते हुए कहा कि स्व. त्रिपुरारी शरण ने खादी, सर्वोदय, भूदान और ग्राम निर्माण आंदोलनों को नया आयाम दिया। अरविंद कुमार ने कहा कि वे केवल एक नेता नहीं, बल्कि विचार और आंदोलन थे, जिन्होंने गांव, खादी और स्वावलंबन को अपना जीवन-ध्येय बनाया।

# राघोपुर के विकास के लिए सरकार ने कमिटी का किया गठन : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी तरह के एक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने तेजस्वी यादव के विधानसभा क्षेत्र राघोपुर को पुल की सौगात देने के बाद राघोपुर के विकास के लिए एक और बड़ी घोषणा कर बड़ा दांव खेल दिया है। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है कि राघोपुर के विकास के लिए सरकार ने एक कमिटी गठित की है जो इस इलाके का अध्ययन कर विकास की संभावनाओं की सभी पहलुओं पर कार्य योजना तैयार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि न्याय के साथ विकास का जो वादा उन्होंने बिहार की जनता से किया है उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा कि आप जानते हैं कि 23 जून 2025 को कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पटना से राघोपुर की सम्पर्कता का लोकार्पण किया गया है। इस पुल के लोकार्पण होने से सुगम आवागमन के साथ-साथ राघोपुर दियारा इलाके में सामाजिक, आर्थिक और पर्यटकीय गतिविधियां सुदृढ़ होंगी। निवेश के नए रास्ते बनेंगे जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इससे राघोपुर दियारा तथा उसके पूर्वी एवं पश्चिमी इलाके में विकास की असीम संभावनाएं उत्पन्न हुई हैं। इस परिप्रेक्ष्य में इस क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए सड़कों के और अधिक निर्माण के साथ-साथ अन्य आधारभूत संरचनाओं का भी निर्माण करना होगा। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है कि इसे ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा एक कमिटी गठित की गई है जो क्षेत्र का स्थल अध्ययन कर सुनियोजित विकास की संभावनाओं के सभी पहलुओं का अध्ययन कर कार्य योजना तैयार करेगी। हमारा प्रयास है कि न्याय के साथ विकास का लाभ प्रदेश के हर क्षेत्र और तबके को बिना किसी भेदभाव के समान रूप से मिले क्योंकि जनता की सेवा ही हमारा धर्म है।

## अचानक मतदाता सूची में पुनरीक्षण की क्या जरूरत पड़ गई : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अपने आवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनावी वर्ष में वोटर लिस्ट के नए सिरे से पुनरीक्षण की प्रक्रिया लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के जरिए गरीबों से वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है।

## पटना में बंद पड़ी नल-जल योजनाएं की गई चिन्हित, जल्द होंगी कार्यरत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के विभिन्न पंचायतों में 'हर घर नल का जल' निश्चय योजना की प्रगति की जिलाधिकारी की तरफ से की गई समीक्षा के पश्चात लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी की समीक्षा कर दौरान 581 योजनाओं को बंद पायी गयी थी। विभाग ने बंद पड़ी योजनाओं की शुक्रवार को जब जांच कराई, तो पाया कि वास्तविक तौर पर 581 में 231 योजनाएं फिलहाल अकार्यरत हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने अपने प्रमंडलीय पदाधिकारियों को निदेश दिया कि सभी योजनाओं को चालू करा कर संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों के संयुक्त हस्ताक्षर से सभी बंद पड़े योजनाओं का क्रियाशीलता प्रतिवेदन अगले दो से तीन दिनों में उपलब्ध कराये। विभाग के कनीय अभियंताओं से शुक्रवार को इन योजनाओं की कराई गई आरंभिक जांच में पाया गया कि पटना जिले में कुल 53 योजनाएं ऐसी हैं जो पहले से छूटे हुए टोलों में शामिल हैं। इसे शुरू करने के लिए विभाग के स्तर से टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पटना पूर्वी और पटना पश्चिम के कार्यपालक अभियंताओं ने बताया कि जांच में यह भी पाया गया है कि बन्द पड़ी योजनाओं में कुल 79 योजनाएं ऐसी हैं जिन्हें शुरू करने में वृहद पैमाने पर कार्य कराने की आवश्यकता है। ऐसी योजनाओं को अगले दो सप्ताह में शुरू कर दिया जाएगा जबकि मोटर जलने, बिजली कनेक्शन के अभाव जैसी छोटी समस्याओं वाली कुल 100 योजनाओं को अगले 48 घंटे में दुरुस्त कर उन्हें शुरू किया जाएगा।

# बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू

**▶ 77,000 से अधिक बीएलओ मैदान में, 1.5 लाख बीएलए कर रहे सहयोग**

**▶ 5.74 करोड़ मोबाइल धारकों को भेजा जा रहा एसएमएस**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया संविधान सम्मत प्रावधानों और व्यापक जनभागीदारी के साथ जोर-शोर से शुरू हो चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग की निगरानी में राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में यह कार्य एक व्यक्ति, एक मत की भावना के अनुरूप पारदर्शिता और समावेशिता के साथ किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल वही व्यक्ति मतदाता बनने का अधिकारी है जो भारतीय नागरिक हो, जिसकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो और जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी हो। इसी आधार पर बिहार में प्रत्येक मतदाता की पात्रता की पुष्टि हेतु घर-घर सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।



**बीएलओ और बीएलए की सक्रिय भागीदारी**

निर्वाचन आयोग के पास पहले से ही 77,895 बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) कार्यरत हैं और नए मतदान केंद्रों की आवश्यकता को देखते हुए लगभग 20,603 नए बीएलओ की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। इनकी सहायता के लिए 1 लाख से अधिक स्वयंसेवकों को भी तैनात किया गया है जो विशेष रूप से वृद्ध, बीमार, दिव्यांगजन, निर्धन और अन्य कमजोर वर्गों के मतदाताओं की सहायता करेंगे। राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और प्रांतीय राजनीतिक दलों ने अब तक 1,54,977 बूथ स्तर अभिकर्ता (बीएलए) नियुक्त किए हैं जो बीएलओ के साथ मिलकर सत्यापन कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

**गणना प्रपत्रों का वितरण और मोबाइल पर एसएमएस**

राज्य के मौजूदा 7,89,69,844 मतदाताओं के लिए नए गणना प्रपत्र की छपाई और घर-घर वितरण प्रारंभ हो चुका है। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से भी यह फॉर्म भरने की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इनमें से 4.96 करोड़ मतदाता जो वर्ष 2003 के अंतिम गहन पुनरीक्षण में सूचीबद्ध थे उन्हें केवल अपनी जानकारी की पुष्टि करनी है और फॉर्म भरकर जमा करना है। जनजागरूकता और सूचना के प्रसार के लिए 5.74 करोड़ पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर एसएमएस भेजे जा रहे हैं जिनमें नागरिकों से मतदाता सूची अद्यतन में सक्रिय भागीदारी की अपील की जा रही है।

**प्रशासनिक सतर्कता और निगरानी**

बिहार के सभी संभागीय आयुक्त और जिलाधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ को पूर्णकालिक तैनाती दे रहे हैं। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सुचारू रूप से आगे बढ़ रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि यह पुनरीक्षण केवल नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने की आधारशिला है। राजनीतिक दलों, नागरिक समाज और आम मतदाताओं की सहभागिता से यह प्रक्रिया और भी मजबूत बन रही है।

## पश्चिम बंगाल में निर्ममता से चल रही है ममता दीदी की सरकार : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री व पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रभारी मंगल पाण्डेय ने कहा कि पिछले साल अगस्त में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में इंटर्न डॉक्टर बेटी से हैवानियत के बाद अब साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म से यह स्पष्ट हो गया है कि पश्चिम बंगाल में ममता दीदी की सरकार 'निर्ममता' से चल रही है। 'भद्रो जन' के इस प्रदेश में सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण गुंडों, मवालियों और लंपटों की जमात बेलगाम हो गई है। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रेप मामले में पकड़े गए मुख्य आरोपी व उसके अन्य दोनों सहयोगियों का सीधा जुड़ाव सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस से है। इससे यह भी साफ है कि पश्चिम बंगाल के बलात्कारियों व अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। शादी से इनकार करने पर जिस लड़की के साथ दुःसाहसपूर्ण दरिंदगी लॉ कॉलेज के गार्ड रूम में की गई उससे पश्चिम बंगाल की बेशर्म सरकार के लॉ एंड आर्डर की खस्ताहाली की कलई भी खुलती है। पश्चिम बंगाल में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, मगर वहां की सरकार आंख मुंदी हुई है। इस तरह की हर शर्मनाक घटना के बाद केवल कार्रवाई का दिखावा कर असली अपराधियों को बचाने में सरकार लगी रहती है। श्री पाण्डेय ने कहा कि ममता सरकार का अंत अब निकट है। प्रदेश की बदहाली अपनी चरम पर है। कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमराई हुई है। 2026 में पश्चिम बंगाल की जनता ने इस निर्मम सरकार की विदाई का मन बना लिया है।



## गांधी मैदान में हो रही रैली का शरीयत से कोई लेना-देना नहीं : मौलाना अरशद मोहसिन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के गांधी मैदान में 29 जून को होने वाले वक्फ कांफ्रेंस के ठीक एक दिन पहले शनिवार को पटना में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। मरकज ए खुद्दाम ए शरीयत संगठन का सेवक बताते हुए मौलाना अरशद मोहसिन ने कहा कि वक्फ बिल के खिलाफ कांफ्रेस या रैली करना किसी भी मायने में सही नहीं है। उन्होंने अपने साथ लाए कुरान शरीफ का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा ईमान इसी कुरान पर है, हम कुरान पर यकीन करते हैं। हम शरीयत पर यकीन करते हैं। इसमें कहीं भी यह नहीं लिखा है कि हम किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरें या रैली करें। उन्होंने आगे कहा कि हमारे नबी (सल्ल) ने कभी किसी कानून का विरोध नहीं किया। न ही हमारे साथियों ने किसी कानून के खिलाफ कोई रैली की।

# बिहार में सरकारी नौकरियों की बहार, युवाओं के रोजगार के सपने लगातार हो रहे साकार

**सिर्फ 5 साल में 50 लाख युवाओं को नौकरी, रोजगार देने का बनेगा रिकॉर्ड**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में युवाओं को लगातार सरकारी नौकरी और रोजगार दिया जा रहा है। यूं कहें कि नौकरी और रोजगार देने के मामले में बिहार लगातार इतिहास रच रहा है। वर्ष 2020 से लेकर अब तक 9 लाख 60 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। इसमें से 10 से ज्यादा बार नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन कर खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने हाथों से विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस कड़ी में शानिवार को 21,391 युवक-युवतियों को पुलिस की नौकरी मिली है। इसके अलावा अलग-अलग विभागों में करीब 2 लाख पदों पर बहाली की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही बिहार में 24 लाख लोगों को अलग-अलग सेक्टर में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये हैं। इसमें से सबसे ज्यादा रोजगार उद्योग के क्षेत्र में युवाओं को मिला है। बिहार के अलग-अलग जिलों में कई औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए हैं जहां छोटी-बड़ी कंपनियां अपनी इकाई स्थापित कर बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार दे रही हैं। इसमें से सबसे ज्यादा रोजगार मुजफ्फरपुर के बेला इंडस्ट्रियल एरिया, भोजपुर के गीधा और बिहटा औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध हुए हैं। इसके अलावे मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत प्रदेश में अब तक 40 हजार से ज्यादा उद्यमियों ने अपना खुद का कारोबार शुरू किया है। साथ ही इन इकाइयों में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए हैं। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर बड़ी संख्या में महिलाएं भी स्वरोजगार से जुड़ी हैं और आस-पास के लोगों को रोजगार भी दे रही हैं। इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को नौकरी और रोजगार देकर नीतीश सरकार ने पूरे देश में नजीर पेश किया है। बिहार में सिर्फ 5 साल में 50 लाख युवाओं को नौकरी/रोजगार देने का रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।

**मुख्यमंत्री ने 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का किया था वादा**

वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 7 निश्चय 2 के तहत 10 लाख युवाओं को नौकरी और 10 लाख को रोजगार देने का वादा किया था। इस बढ़ाकर अब 12 लाख नौकरी एवं 38 लाख रोजगार कर दिया गया है। नीतीश सरकार लोगों को नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर मिशन मोड में लगातार काम कर ही है। इसका परिणाम है कि अब तक विभिन्न विभागों में 9 लाख 60 हजार से अधिक बहाली हो चुकी है, शेष की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही 10 लाख की जगह अब तक 24 लाख लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था की जा चुकी है। इस वर्ष चुनाव से पहले तक 38 लाख लोगों को रोजगार मिल जाएगा।

## मछली पालकों को सरकार दे रही है आर्थिक सहायता, तुरंत करें आवेदन

**विगत तीन वर्षों में मछली पालकों को 298.46 करोड़ रूपये का मिला अनुदान**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के जरिए मछली पालकों को सहायता दे रही है जिसकी बदौलत राज्य को मछली के उत्पादन में आत्मनिर्भरता मिली है। इसी कड़ी में बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अन्तर्गत मत्स्य निदेशालय ने मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इसका लाभ उठाने के लिए मछली पालकों के पास 31 अगस्त तक का समय है। इस तिथि तक आवेदन करने वाले आवेदक योजना का लाभ उठा सकते हैं। मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना के तहत मछली पालकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना में पांच प्रमुख श्रेणियां शामिल है। सभी श्रेणी में इकाई लागत का 50 से 70 फीसदी तक की भारी सब्सिडी दी जा रही है जहां सामान्य वर्ग के मछली पालकों को 50 फीसदी की सब्सिडी दी जा रही है।

इस योजनान्तर्गत राज्य को मत्स्य उत्पादन के साथ-साथ मत्स्य बीज उत्पादन में भी आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन राज्य के सभी जिलों में की जा रही है। इस योजना के जरिए विगत तीन वर्षो में मछली पालकों को 298.46 करोड़ रूपये का अनुदान दिया जा चुका है जिसका लाभ उठाकर राज्य के मछली पालक आत्मनिर्भर हुए हैं। मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना के तहत जिन पांच श्रेणियों में अनुदान दिया जाता है उसमें पहली श्रेणी उन्नत मत्स्य उत्पादन की है जिसका लाभ लेने के लिए 0.5 एकड़ वाली प्रति इकाई लागत एक लाख रूपये का 50-70 प्रतिशत अनुदान देय है। वहीं दूसरी श्रेणी ट्यूबवेल तथा पम्प सेट अधिष्ठापन की है, इसके लिए 1.2 लाख रूपये की इकाई लागत पर 50-60 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। तीसरी श्रेणी तालाब मत्स्यिकी के लिए यांत्रिक एरेटर लगाने पर प्रति इकाई लागत 50 हजार रूपये का 50-70 प्रतिशत अनुदान देय होगा। चौथी श्रेणी कार्प हैचरी इनपुट सहायता की है, इसमें इकाई की लागत 8.00 लाख रूपये का 50-70 प्रतिशत अनुदान देय है। वही पांचवीं श्रेणी मत्स्य बीज हैचरी का जीर्णोद्धार एवं उन्नयन की है जिसमें इकाई लागत 5.00 लाख रूपये होने पर 50-70 प्रतिशत अनुदान मिलेगा।

आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू हो चुकी है, और सभी इच्छुक लाभार्थी 31 अगस्त तक पर आवेदन कर सकते हैं।

## महिलाओं में बढ़ते एंडोमेट्रियल कैंसर को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना के तत्वावधान में महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे एंडोमेट्रियल कैंसर को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समय पर जांच, लक्षणों की पहचान और आधुनिक इलाज के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. श्वेता राय ने बताया कि यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समय रहते सतर्कता बरतने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जयप्रभा मेदांता के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. शंकर सिंह ने भी इस तरह के शैक्षणिक एवं सामाजिक प्रयासों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में बिहार और झारखंड की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनमें डॉ. शांति राय, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. मीना सावंत, डॉ. जे. के. सिंह एवं डॉ. मंजु गीता मिश्रा जैसे वरिष्ठ चिकित्सकों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। वक्ता दल ने एंडोमेट्रियल कैंसर के शुरुआती लक्षण जैसे मासिक धर्म के बाद रक्तस्राव, पेट के निचले हिस्से में लगातार दर्द, थकावट आदि के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि शुरुआती चरण में पहचान होने पर आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक सर्जरी, कीमोथेरेपी एवं रेडिएशन से इसका प्रभावी इलाज संभव है।



## बिहार की जनता लालू-राबड़ी शासनकाल को दोबारा नहीं देखना चाहती : चिराग पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोजपा (रा) प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार की जनता से बीस महीने के लिए सत्ता की बागडोर सौंपने की राजद नेता तेजस्वी यादव की मांग पर पलटवार किया है। दिल्ली से पटना पहुंचे चिराग पासवान ने शनिवार को कहा कि बिहार की जनता ने उनके माता- पिता के 15 साल के शासन को देखा है। इसलिए वह कभी वैसा दिन दोबारा देखना नहीं चाहती है। वहीं, मतदाता सूची पुनरीक्षण का विपक्ष द्वारा किए जा रहे विरोध पर उन्होंने कहा कि वह लोग हार से डरे हुए हैं। चिराग पासवान ने कहा कि वह जान गए हैं कि फिर से हार मिलने जा रही है। ऐसे में बार-बार इवीएम का विरोध नहीं कर सकते हैं। ऐसे में अब दूसरा बहाना होना चाहिए। उन्हें यह पता नहीं है कि कितने फॉर्म हैं क्योंकि इस पार्टी को पढ़ाई लिखाई से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं जो सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया है और चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को पूरा कर रहा है। यह जानना जरूरी है वोटर लिस्ट में किसका कहां नाम है, अगर कोई व्यक्ति नहीं है तो उसका नाम हटाना चाहिए जो व्यक्ति है, उसका नाम जुड़ना चाहिए।

## हेलीकॉप्टर बाबा ने बनाई 'विकास वंचित इंसान पार्टी'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा चुनाव से पूर्व आज पटना में नयी राजनितिक पार्टी की घोषणा की गयी जिसका नाम-विकास वंचित इंसान पार्टी है। पटना के होटल मौर्या में आयोजित प्रेस वार्ता में इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप निषाद उर्फ हेलीकॉप्टर बाबा ने पार्टी के गठन की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह पार्टी शोषितों, पीड़ितों, दलितों, महादलितों, अत्यंत पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक उत्थान के लिए समर्पित रहेगी। श्री निषाद ने कहा कि पार्टी में सभी जाति, धर्म और संप्रदाय के लोगों की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। खासकर निषाद समाज की सभी उपजातियों को एक सूत्र में बांधकर उनके वाजिब हक और अधिकार दिलाने की दिशा में पार्टी काम करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं और महिलाओं को नेतृत्व में अहम भूमिका दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास वंचित इंसान पार्टी का गठन किसी व्यक्ति विशेष या सत्ता की लालसा के लिए नहीं, बल्कि समाज के उन तबकों की आवाज बनने के लिए किया गया है जिन्हें अब तक सिर्फ वोट बैंक समझा गया। उन्होंने कहा कि निषाद समाज समेत दलित, अत्यंत पिछड़ा, अल्पसंख्यक और वंचित समुदायों के लोगों को उनका हक दिलाना ही पार्टी का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी बिहार से शुरू होकर पूरे देश में समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को जोड़ने का काम करेगी। यह सिर्फ एक राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की मुहिम है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और सभी वर्गों से इस आंदोलन से जुड़ने की अपील की।




## पटना में स्पिनगो ने शुरू की सेल्फ-ड्राइव कार रेंटल सेवा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के लोगों के लिए स्मार्ट ट्रैवल का नया विकल्प सामने आया है। देश की उभरती हुई ट्रांसपोर्ट स्टार्टअप कंपनी स्पिनगो ने पटना में अपनी सेल्फ-ड्राइव कार रेंटल सेवा की शुरुआत कर दी। अब शहरवासी अपनी पसंद की कार को कुछ घंटों, दिनों या हफ्तों के लिए किराए पर लेकर खुद चला सकते हैं वह भी पूरी तरह ड्राइवर-फ्री और झंझट मुक्त तरीके से। स्पिनगो की यह सेवा उन लोगों के लिए खास है जो वीकेंड ट्रिप, पारिवारिक कार्यक्रम, ऑफिस मीटिंग या फिर निजी कामों के लिए एक सुविधाजनक, किफायती और आधुनिक परिवहन विकल्प की तलाश में हैं। कंपनी की वेबसाइट पर जाकर कार बुक की जा सकती है। संपूर्ण बुकिंग प्रक्रिया ऑनलाइन है। ग्राहक को केवल ड्राइविंग लाइसेंस और एक वैध सरकारी पहचान पत्र अपलोड करना होता है जिसके बाद वेरिफिकेशन कर तुरंत कार उपलब्ध करा दी जाती है।

# अपर समाहर्ता कार्यालयों की रैंकिंग जारी, बांका प्रथम स्थान पर

**राजस्व न्यायालयों में नियमित सुनवाई से आमजनों के कार्यों को मिल रही गति : मंत्री संजय सरावगी**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी अपर समाहर्ता (एडीएम) राजस्व कार्यालयों की मई महीने की रैंकिंग जारी कर दी है। इस महीने बांका एडीएम कार्यालय ने प्रथम स्थान बरकरार रखा है। वहीं, शेखपुरा दूसरे, मधुबनी तीसरे और जहानाबाद चौथे स्थान पर कायम है।

औरंगाबाद एक पायदान उछलकर छठे से पांचवें तो नालंदा एक पायदान खिसककर पांचवें से छठे स्थान पर पहुंच गया है। कैमूर सातवें और सीतामढ़ी आठवें स्थान पर बरकरार है। दरभंगा इस माह 10वें से नौवें स्थान पर आ गया है। अरवल ने 13वें स्थान से छलांग लगाकर टॉप 10 में जगह बना ली है और 10वें स्थान पर है। वहीं, किशनगंज इस बार नौवें स्थान से खिसककर 20वें स्थान पर चला गया है। राजस्व संबंधित कार्यों के निपटारे में पूर्णिया अपर समाहर्ता (राजस्व) कार्यालय 11वें और मधेपुरा 12वें स्थान पर स्थिर है। नवादा 15वें से 13वें, पूर्वी चंपारण 14वें से 15वें स्थान पर आ गया है। खगड़िया 19वें स्थान से 16वें, मुंगेर 21वें से 17वें, बक्सर 22वें से 18वें और मुजफ्फरपुर 24वें से 19वें स्थान पर आ गया है।

**रैंकिंग का आधार**

दाखिल-खारिज के पर्यवेक्षण पर 15, परिमार्जन प्लस के पर्यवेक्षण पर 15, अंचल कार्यालयों के निरीक्षण पर 10, अभियान बसेरा 2 पर 15, दाखिल-खारिज रिविजन पर 20, आधार सीडिंग स्टेटस पर 5, जमाबंदी कैंसिलेशन पर 15 और ऑनलाइन हियरिंग पर 5 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं।

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि सभी कार्यालयों की रैंकिंग राजस्व कार्यों के आधार पर की जा रही है। इसमें एडीएम की तरफ से किये अंचल कार्यालयों के निरीक्षण को भी शामिल किया गया है। साथ ही एडीएम राजस्व न्यायालय में ऑनलाइन विवादों की सुनवाई के आधार पर भी अंक प्रदान किए जा रहे हैं। राजस्व न्यायालयों में समयबद्ध सुनवाई से इससे आमजनों के कार्यों को गति मिलने लगी है।

## आईआईटी पटना में बनेगा फायर टेस्टिंग और ट्रेनिंग सेंटर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भवन निर्माण विभाग और आईआईटी पटना के बीच शनिवार को एक महत्वपूर्ण एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर हुआ। इसमें यह तय हुआ कि 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फायर टेस्टिंग, ट्रेनिंग एवं रिसर्च लैबरेट्री' की स्थापना की जाएगी। यह केंद्र अग्नि सुरक्षा से जुड़ी जांच, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए समर्पित होगा। पटना स्थित सचिवालय के विभागीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एमओयू पर विभाग के मुख्य अभियंता (निरूपण) रेजा वारिस वारसी और आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी एन सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर विभागीय सचिव कुमार रवि ने कहा कि यह सरकारी भवनों को अग्नि से सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सेंटर के संचालन, प्रशिक्षण, उपकरणों के रख-रखाव आदि की जिम्मेदारी अगले पांच वर्षों तक भवन निर्माण विभाग उठाएगा जबकि आईआईटी पटना विशेषज्ञता, फैकल्टी सहयोग और अनुसंधान गतिविधियों में तकनीकी नेतृत्व प्रदान करेगा। यह केंद्र आईआईटी पटना परिसर में स्थापित होगा और इसकी अनुमानित लागत करीब 1736 लाख रुपये होगी। इसके लिए जरूरी संरचना भवन निर्माण विभाग तैयार करेगा और आईआईटी पटना मुफ्त में जमीन उपलब्ध कराएगा।

## संपादकीय

# गुजरात में आप के दांव से भाजपा सियासी सांसत में

गुजरात की विसावदर सीट पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार गोपाल इटालिया ने बीजेपी के उम्मीदवार किरीट पटेल को बड़े अंतर से हराया। चूंकि 2022 के चुनावों में आप ने यह सीट जीती थी। ऐसे में आप के सामने इस सीट को जहां बचाने की चुनौती थी, तो वहीं दिल्ली हार जाने के बाद प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई थी। इससे साफ हो गया कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी ने अच्छा कमबैक किया है।

खास बात यह है कि आप उम्मीदवार गोपाल इटालिया ने कुछ राउंड को छोड़कर पूरे 21 राउंड की मतगणना में ज्यादातर समय बढ़त बनाए रखी। इटालिया ने बीजेपी के कैंडिडेट किरीट पटेल को 17,581 वोटों से शिकस्त दी। स्पष्ट है कि बीजेपी के गढ़ गुजरात में आप की जीत इसलिए बड़ी है क्योंकि आम आदमी पार्टी में दिल्ली की हार के बाद जबरदस्त निराशा थी।वैसे भी उपचुनावों में सत्तारूढ़ दल का पलड़ा भारी माना जाना है, लेकिन आप ने पुख्ता व्यूहरचना से विसावदर में बीजेपी को कमल खिलाने से रोक दिया। जबकि बीजेपी इस सीट पर 2007 से इस सीट पर पुनः जीत के लिए तरस रही है। इस बार के चुनाव में कुल 16 कैंडिडेट मैदान में थे। जिसमें गोपाल इटालिया आप 75,906 वोट पाकर जीत गए, जबकि किरीट पटेल बीजेपी 58325 वोट पाकर दूसरे स्थान पर और नितिन रणपारिया कांग्रेस 5491 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे।

राजनीतिक टिप्पणीकार बताते हैं कि आम आदमी पार्टी ने गुजरात में भी पंजाब वाल दांव खेला था। चूंकि दिल्ली चुनावों में हार के बाद आप ने विसावदर सीट पर चुनाव आयोग की घोषणा से पहले ही कैंडिडेट का ऐलान कर दिया था। जबकि बीजेपी में यहां कैंडिडेट को लेकर आखिर तक जद्दोजहद जारी रही। इससे आप कैंडिडेट को प्रचार का पूरा मौका मिला और परिणाम भी उनके पक्ष में आया।

वहीं, गुजरात की इस सीट को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने बड़े चेहरे को मैदान में उतारा। पार्टी के प्रदेश प्रभारी गोपाल इटालिया इस क्षेत्र के निवासी नहीं होने के बाद भी पूरी विधानसभा में दो से तीन भ्रमण करके लोगों के बीच अपनी गहरी पैठ बना ली। ऐसे में उन्होंने लोगों को खुद से जोड़ लिया। जबकि बीजेपी सत्ता में होने के बाद भी अंत तक चुनाव प्रचार में पिछड़ी रही। यही वजह है कि गोपाल इटालिया के सामने किरीट पटेल हल्के साबित हुए।

आप के रणनीतिकारों ने बताया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों में लोगों ने आप पर भरोसा किया था, लेकिन भूपत भायाणी के बीजेपी में जाने से आप के दावे को झटका लगा था। इसलिए गोपाल इटालिया के नामांकन में पहुंचे अरविंद केजरीवाल को इसका एहसास था, लिहाजा उन्होंने सार्वजनिक तौर पर ऐलान कर दिया कि अगर बीजेपी गोपाल इटालिया को खरीद लेगी तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।

चुनाव विश्लेषक के मुताबिक, विसावदर में जब पिछली बार आप जीती थी तो गोपाल इटालिया प्रदेश प्रमुख थे। वह उस चुनाव में सूरत की कतारगाम से लड़े थे, लेकिन इस बार गोपाल इटालिया ने बतौर कैंडिडेट विसावदर पर फोकस किया। बतौर कैंडिडेट जबरदस्त होमवर्क किया और वे तमाम मुद्दे उठाए, जिन पर बीजेपी को घेरा जा सकता था।

**जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और संभवत आगामी लगभग दो वर्षों के अंदर जर्मनी की अर्थव्यवस्था से आगे निकलकर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की अपनी अपनी विशेषताएं हैं, जिसके आधार पर यह अर्थव्यवस्थाएं विश्व में उच्च स्थान पर पहुंची हैं एवं इस स्थान पर बनी हुई हैं। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में आज भी कई विकसित देश भारत से आगे हैं। इन समस्त देशों के बीच चूंकि भारत की आबादी सबसे अधिक अर्थात 140 करोड़ नागरिकों से अधिक है, इसलिए भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बहुत कम है।**

# भारत आध्यात्म एवं युवाओं के बल पर प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में अतुलनीय वृद्धि कर सकता है

(प्रह्लाद सबनानी)

सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व की सबसे बड़ी 10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत शामिल होकर चौथे स्थान पहुंच जरूर गया है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत इन सभी अर्थव्यवस्थाओं से अभी भी बहुत पीछे है।

जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और संभवत आगामी लगभग दो वर्षों के अंदर जर्मनी की अर्थव्यवस्था से आगे निकलकर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की अपनी अपनी विशेषताएं हैं, जिसके आधार पर यह अर्थव्यवस्थाएं विश्व में उच्च स्थान पर पहुंची हैं एवं इस स्थान पर बनी हुई हैं। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में आज भी कई विकसित देश भारत से आगे हैं। इन समस्त देशों के बीच चूंकि भारत की आबादी सबसे अधिक अर्थात 140 करोड़ नागरिकों से अधिक है, इसलिए भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बहुत कम है। अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 30.51 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति ब्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 89,110 अमेरिकी डॉलर हैं। इसी प्रकार, चीन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 19.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 13,690 अमेरिकी डॉलर है और जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.74 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 55,910 अमेरिकी डॉलर है। यह तीनों देश सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में आज भारत से आगे हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है तथा प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद केवल 2,880 अमेरिकी डॉलर है। भारत के पीछे आने वाले देशों में हालांकि सकल घरेलू उत्पाद का आकार कम जरूर है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में यह देश भारत से बहुत आगे हैं। जैसे जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.18 लाख करोड़ है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 33,960 अमेरिकी डॉलर है। ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.84 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 54,950 अमेरिकी डॉलर है। फ्रान्स के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 46,390 अमेरिकी डॉलर है। इटली के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.42 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 41,090 अमेरिकी डॉलर है। कनाडा के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 53,560 अमेरिकी डॉलर है। ब्राजील के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.13 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 9,960 अमेरिकी डॉलर है।

सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व की सबसे बड़ी 10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत शामिल होकर चौथे स्थान पहुंच जरूर गया है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत इन सभी अर्थव्यवस्थाओं से अभी भी बहुत पीछे है। इस सबके पीछे सबसे बड़े कारणों में शामिल है भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात, आर्थिक विकास की दौड़ में बहुत अधिक देर के बाद शामिल होना। भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों की शुरुआत वर्ष 1991 में प्रारम्भ जरूर हुई परंतु इसमें इस क्षेत्र में तेजी से कार्य वर्ष 2014 के बाद ही प्रारम्भ हो सका है। इसके बाद, पिछले 11 वर्षों में



परिणाम हमारे सामने हैं और भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगते हुए आज 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दूसरे, इन देशों की तुलना में भारत की जनसंख्या का बहुत अधिक होना, जिसके चलते सकल घरेलू उत्पाद का आकार तो लगातार बढ़ रहा है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अभी भी अत्यधिक दबाव में है। अमेरिका में तो आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम 1940 में ही प्रारम्भ हो गए थे एवं चीन में वर्ष 1960 से प्रारम्भ हुए। अतः भारत इस मामले में विश्व के विकसित देशों से बहुत अधिक पिछड़ गया है। परंतु, अब भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है तथा साथ ही अतिधनाडय एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है, जिससे अब उम्मीद की जानी चाहिए कि आगे आने वाली समय में भारत में भी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि होगी।

विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, अमेरिका में सेवा क्षेत्र इसकी सबसे बढ़ी ताकत है। अमेरिका में केवल 2 प्रतिशत आबादी ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर है और अमेरिका की अधिकतम आबादी उच्च तकनीकी का उपयोग करती है जिसके कारण अमेरिका में उत्पादकता अपने उच्चत्तम स्तर पर है। अतः अमेरिका के नागरिकों ने बहुत तेजी से धन सम्पदा का संग्रहण किया है इसी के चलते प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अमेरिका में बहुत अधिक है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद वर्ष 1944 में अमेरिका के ब्रेटन वुड्ज नामक स्थान पर हुई एतिहासिक बैठक में विश्व के 44 देशों ने वैश्विक वित्तीय व्यवस्था के नए ढांचे पर सहमति जताते हुए अपने देश की मुद्रा को अमेरिकी डॉलर से जोड़ दिया था। इसके बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था में अमेरिकी डॉलर का दबदबा बना हुआ है। आज विश्व का लगभग 80 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग लेन देन अमेरिकी डॉलर में होता है। अमेरिका के बाद विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को पूरे विश्व का विनिर्माण केंद्र कहा जाता है क्योंकि आज पूरे विश्व के औद्योगिक उत्पादन का 31 प्रतिशत हिस्सा चीन में निर्मित होता है। चीन में पूरे विश्व की लगभग समस्त कम्पनियों ने अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित की हुई हैं। चीन के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण इकाईयों का योगदान 27 प्रतिशत से अधिक हैं। पूरे विश्व में आज उत्पादों के निर्यात के मामले में प्रथम स्थान पर है। विभिन्न उत्पादों का निर्यात चीन की आर्थिक शक्ति का प्रमुख आधार है। सस्ती श्रम लागत के चलते चीन में उत्पादित वस्तुओं की कुल लागत तुलनात्मक रूप से बहुत कम होती है। वर्ष 2024 में चीन का कुल निर्यात 3.57 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का रहा है।

पेट्रोलीयम पदार्थों एवं रक्षा उत्पादों के निर्यात के मामले में अमेरिका आज पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2024 में अमेरिका ने 2.08 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के बराबर का सामान अन्य देशों को निर्यात किया है, जो चीन के बाद विश्व के दूसरे स्थान पर है। तकनीकी वर्चस्व, बौद्धिक सम्पदा एवं प्रौद्योगिकी नवाचार ने अमेरिका को विकास के मामले में बहुत आगे पहुंचा दिया है। टेक्निकल नवाचार से जुड़ी विश्व की पांच शीर्ष कम्पनियों में से चार, यथा एप्पल, एनवीडिया, माक्रोसोफ्ट एवं अल्फाबेट, अमेरिका की कम्पनियां हैं। इन कम्पनियों का संयुक्त बाजार मूल्य 12 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक है, जो विश्व के कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से बहुत अधिक है।

विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अर्थात जर्मनी ने पिछले एक वर्ष में 25,000 पेटेंट अर्जित किए हैं। जर्मनी को, ऑटोमोबाइल उद्योग ने, पूरे विश्व में एक नई पहचान दी है। चार पहिया वाहनों के उत्पादन एवं निर्यात के मामले में जर्मनी पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर है। जर्मनी में निर्मित चार पहिया वाहनों का 70 प्रतिशत हिस्सा निर्यात होता है। यूरोपीय यूनियन के देशों की सड़कों पर दौड़ने वाली हर तीसरी कार जर्मनी में निर्मित होती है। जर्मनी विश्व का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है, जिसने 2024 में 1.66 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के बराबर राशि के उत्पाद एवं सेवाओं का निर्यात किया था। मुख्य निर्यात वस्तुओं में मोटर वाहनों के अलावा मशीनरी, रसायन और इलेक्ट्रिक उत्पाद शामिल हैं।

आज भारत सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व में चौथे पर पहुंच गया है परंतु भारत को प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में जबरदस्त सुधार करने की आवश्यकता है। भारत पूरे विश्व में आध्यात्म के मामले में सबसे आगे है अतः भारत को धार्मिक पर्यटन को सबसे तेज गति से आगे बढ़ाते हुए युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर निर्मित करने चाहिए जिससे नागरिकों की आय में वृद्धि करना आसान हो। दूसरे, भारत में 80 करोड़ आबादी का युवा (35 वर्ष से कम आयु) होना भी विकास के इंजिन के रूप में कार्य कर सकता है। भारत की विशाल आबादी ने भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान दिया है। भारत की अर्थव्यवस्था में विविधता झलकती है और यह केवल कुछ क्षेत्रों पर निर्भर नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान 16 प्रतिशत है तथा रोजगार के अधिकतम अवसर भी कृषि क्षेत्र से ही निकलते हैं, जिसके चलते प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद विपरीत रूप से प्रभावित होता है। सेवा क्षेत्र का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है परंतु, विनिर्माण क्षेत्र का योगदान बढ़ाने की आवश्यकता है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत में 81 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है अर्थात विदेशी निवेशक भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। आज विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास बढ़ा है। आज भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी 694 अरब अमेरिकी डॉलर की आंकड़े को पार कर गया है। आगे आने वाले समय में अब विश्वास किया जा सकता है कि भारत में भी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि होती हुई दिखाई देगी। (लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंकहै)

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# आम जन के बीच भूमिका तलाशे राजभाषा विभाग

(उमेश चतुर्वेदी)

संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के तौर पर भले ही स्वीकार कर लिया था, लेकिन राजभाषा के प्रतिष्ठापन और कार्यान्वयन को लेकर अलग से विभाग की स्थापना आजादी के फौरन बाद नहीं हो पाई। राजभाषा विभाग की स्थापना आजादी के 28 वर्ष बाद 26 जून 1975 को हुई थी।

इसे संयोग कहें या कुछ और, राजभाषा हिंदी को प्रतिष्ठापित करने के लिए गठित भारत सरकार का राजभाषा विभाग जिस समय अपनी पचासवीं सालगिरह मना रहा है, ठीक उसी वक्त महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत कई राज्यों में राजभाषा को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल तो उस महाराष्ट्र में भी उठ रहा है, जहां के लोकमान्य तिलक, काका कालेलकर और विनोबा भावे जैसी विभूतियों ने हिंदी में राष्ट्रीय एकता के सूत्र दिखे थे। सदा की तरह तमिलनाडु ने हिंदी विरोध में राजनीतिक मोर्चा खोल ही रखा है।

संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के तौर पर भले ही स्वीकार कर लिया था, लेकिन राजभाषा के प्रतिष्ठापन और कार्यान्वयन को लेकर अलग से विभाग की स्थापना आजादी के फौरन बाद नहीं हो पाई। राजभाषा विभाग की स्थापना आजादी के 28 वर्ष बाद 26 जून 1975 को हुई थी। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस दिन स्वाधीन भारत के इतिहास के काले अध्याय यानी आपातकाल की घोषणा हुई, ठीक उसके अगले दिन राजभाषा विभाग अस्तित्व में आया। वैसे यह भी ध्यान देने की बात है कि संभवतः भारत अकेला देश है, जहां राजभाषा के लिए अलग से विभाग है। राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए अधिकारी हैं। दुनिया में ऐसा उदाहरण किसी दूसरे देश में नहीं मिलता। पचास साल की यात्रा पूरी कर चुके राजभाषा विभाग की स्थापना का बुनियादी उद्देश्य राजभाषा संबंधी संवैधानिक और कानूनी नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और संघ के सरकारी काम-काज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाना रहा।

किसी विभाग की पचास साल की यात्रा कोई कम नहीं होती। यह ठीक है कि इस दौरान हिंदी ने लंबा सफर तय किया है। संचार के माध्यमों, बाजार और सिनेमा ने हिंदी को दुनिया के उस कोने तक पहुंचा दिया है, जहां सरकारी सहयोग से उसके पहुंचने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि नए सिरे से हिंदी के विरोध में आवाजें उठ रही हैं। हिंदी विरोधी सुर उन राज्यों में भी दिख रहे हैं, जहां कभी हिंदी के समर्थन में आंदोलन हुए, हिंदी ने जहां रचनात्मक उपलब्धियां हासिल कीं। महाराष्ट्र ऐसा ही राज्य है। लेकिन नई शिक्षा नीति के त्रिभाषा फॉर्मूले के तहत हिंदी को रखने के चलते इस राज्य में विरोध तेज हो गया। इस विरोध की आंच बैंकों और केंद्र सरकार के दूसरे दफ्तरों तक पहुंची, जहां हिंदीभाषी कर्मचारी और अधिकारी कार्यरत हैं। स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने उन पर मराठी बोलने का दबाव बढ़ाया। सोशल मीडिया के जरिए दुनिया ने देखा कि मराठी नहीं बोल पाने के कारण बैंकों और दूसरे संस्थानों के कर्मचारियों से किस तरह बदसलूकी हुई। महाराष्ट्र से सटे कर्नाटक राज्य में भी ऐसा नजर आया। कन्नड़ ना बोल पाने के कारण एक बैंक अधिकारी के साथ स्थानीय समूह बदतमीजी करते नजर आए। सॉफ्टवेयर क्रांति का केंद्र बेंगलुरू में हिंदी बोलने के कारण उत्तर भारतीयों को ऑटो और बाइक चालकों की बदसलूकी का शिकार होना पड़ा है।

आजादी के सतहत्तर साल बीतने और राजभाषा विभाग के गठन के पचास साल होने के बावजूद किसी गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदीभाषियों के साथ बदसलूकी होने के पीछे कहीं न कहीं राजभाषा विभाग की नाकामी भी है। राजभाषा विभाग ने बेशक सरकारी कार्यालयों में हिंदी में कामकाज को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किया है, लेकिन हिंदी के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में उसकी भूमिका कम ही दिखती है। बेशक राजभाषा विभाग के लिखित उद्देश्य में इसका जिक्र नहीं है। लेकिन राजभाषा विभाग को इस दिशा में भी काम करना होना। उसे सोचना होगा कि गैर हिंदीभाषी राज्यों के मन में हिंदी को लेकर जो गांठ बन रही है, उसे किस तरह दूर किया जा सकता है। राजभाषा विभाग को देखना होगा कि हिंदी के नजदीक दूसरे राज्यों के लोग कैसे आ सकते हैं।

अपनी प्रमुख पुस्तिका हिंद स्वराज में गांधीजी ने हिंदी को ही स्वाधीन भारत की भाषा माना था। उन्हें पता था कि तमिलनाडु जैसे गैर हिंदीभाषी राज्य इसका विरोध कर सकते हैं। इसलिए 1918 के इंदौर के हिंदी साहित्य सम्मेलन के दफ्तर में हिंदी के पांच सेवकों को दक्षिणी राज्य में प्रचार के लिए भेजा था, जिनमें एक उनके बेटे देवदास गांधी भी थे। उन्होंने दक्षिण भारत में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की। इसके बाद केरल हिंदी प्रचार सभा, राष्ट्रभाषा प्रचार परिषद जैसी कई संस्थाएं बनी और हिंदी को सहज स्वीकार्य बनाने की दिशा में काम करने लगीं। यह बिडंबना ही कहा जाएगा कि राष्ट्रभाषा प्रचार परिषद का मुख्यालय महाराष्ट्र के वर्धा में है और महाराष्ट्र में ही हिंदी को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है।

राजभाषा विभाग के कई उद्देश्य हैं, जिनमें राज्य विशेष के उच्च न्यायालय की कार्यवाही में अंग्रेजी भाषा से भिन्न किसी अन्य भाषा का सीमित प्रयोग शुरू कराने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी पाना, केंद्रीय कर्मचारियों के लिए हिंदी शिक्षण योजना चलाना, जरूरी पत्र-पत्रिकाओं और संबंधित साहित्य का प्रकाशन आदि है। राजभाषा विभाग ने इन मोर्चों पर काम किया भी है। लेकिन राजभाषा विभाग को इससे इतर भी भूमिका तलाशनी होगी। केंद्रीय कर्मचारियों को सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के साथ ही आम लोगों की हिंदी के प्रति बनी नकारात्मक धारणा को तोड़ने की दिशा में भी राजभाषा विभाग से प्रयास की उम्मीद की जाती है। चूंकि हिंदीप्रेमी अमित शाह गृहमंत्री हैं, लिहाजा राजभाषा विभाग को अपनी इस भूमिका के लिए शासन से जरूरी सहयोग मिल सकता है। अपनी पचासवीं सालगिरह पर राजभाषा विभाग को इस दिशा में सोचना होगा। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# चार राज्यों के 5 विधानसभा सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव के मिले परिणामों के सियासी मायने

**बिहार विधान सभा चुनावों से ठीक पहले देश के चार प्रमुख राज्यों- पंजाब, गुजरात, पश्चिम बंगाल व केरल के 5 सीटों पर हुए उपचुनाव के आए परिणामों में जहां आप व टीएमसी को खुशी मिली है, वहीं कांग्रेस-भाजपा को सुकून के साथ साथ रणनीतिक झटका भी लगा है, लेकिन माकपा को करारी मात मिली है। उपचुनाव परिणाम इस बात की चुगली करते हैं कि जहां आप को उम्मीदों के विपरीत पंजाब और गुजरात में एक-एक सीट पर जबर्दस्त पुनः वापसी जीत मिली है, वहीं केरल में कांग्रेस को एक सीट नई मिलने से वहां उसकी स्थिति मजबूत हुई है।**

(कमलेश पांडे)

आपको पता होगा कि अगले साल पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होंगे। लिहाजा इससे पहले हुए इस उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने राहत की सांस ली है। क्योंकि आप ने पंजाब और गुजरात में पिछले चुनाव में जीती गई दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखने में कामयाबी पाई है।

बिहार विधान सभा चुनावों से ठीक पहले देश के चार प्रमुख राज्यों- पंजाब, गुजरात, पश्चिम बंगाल व केरल के 5 सीटों पर हुए उपचुनाव के आए परिणामों में जहां आप व टीएमसी को खुशी मिली है, वहीं कांग्रेस-भाजपा को सुकून के साथ साथ रणनीतिक झटका भी लगा है, लेकिन माकपा को करारी मात मिली है। उपचुनाव परिणाम इस बात की चुगली करते हैं कि जहां आप को उम्मीदों के विपरीत पंजाब और गुजरात में एक-एक सीट पर जबर्दस्त पुनः वापसी जीत मिली है, वहीं केरल में कांग्रेस को एक सीट नई मिलने से वहां उसकी स्थिति मजबूत हुई है।

इधर, पश्चिम बंगाल में टीएमसी को भी एक जीती हुई सीट पुनः मिलने से जहां उसका सियासी दबदबा बरकरार है, वहीं गुजरात में बीजेपी को महज एक सीट पर जीत मिली, जो उसकी जीती हुई सीट है। लेकिन केंद्र व राज्य में भाजपा की सत्ता होने के बावजूद वह यहां की दूसरी सीट आप से झटक नहीं सकी, जिससे उसका कब्जा बरकरार रहा है। इससे साफ है कि गुजरात में कांग्रेस की जगह आप भी भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी बन सकती है।

देखा जाए तो केरल के नीलांबुर सीट को छोड़कर अन्य तीन राज्यों में कोई भी पार्टी एक-दूसरे से सीट नहीं छीन सकी है। कहने का तातपर्य यह कि जिसका पहले विधायक था, उसी के प्रत्याशी जीते हैं। गौरतलब है कि इन सभी राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। पंजाब के लुधियाना वेस्ट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने तमाम समीकरणों को दरकिनार करते हुए 10,637 वोटों से जीत दर्ज की है। वहीं, केरल में कांग्रेस ने लेफ्ट से नीलांबुर सीट छीन ली, जो उसके बढ़ते वर्चस्व का तकाजा है।

वहीं, पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट से तृणमूल कांग्रेस की अलिफा अहमद ने कब्जा किया है। वहीं, बीजेपी के खाते में गुजरात की कडी सीट आई। जहां से पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र कुमार चावड़ा उर्फ राजूभाई जीत गए। हालांकि, सूबाई सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा राज्य की दूसरी सीट



विसावदर को नहीं हथिया पाई। क्योंकि यहां पर आप के गोपाल इटालिया ने कब्जा किया। इसप्रकार इस उपचुनाव में जहां आप का स्कोर दो रहा, वहीं बीजेपी, कांग्रेस और टीएमसी का स्कोर एक-एक रहा। यह आप के लिए सुकून की बात है, जिसका सियासी ग्राफ दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद तेजी से गिरता जा रहा है।

वहीं, केरल में कांग्रेस की उम्मीद बढ़ने से सीपीएम को झटका लगा है। यह ठीक है कि कांग्रेस पंजाब और गुजरात के एक-एक सीट पर दूसरे स्थान पर रही, जबकि बीजेपी पश्चिम बंगाल और गुजरात की विसावदर में दूसरे स्थान पर रही। वहीं, केरल में नीलांबुर सीट गंवाने वाली सीपीएम भी दूसरे स्थान पर यानी रनर अप रही। लिहाजा इस उपचुनाव के नतीजों ने जहां कांग्रेस को गुजरात में झटका दिया, वहीं केरल और पंजाब में कुछ उम्मीद लेकर आई है। बता दें कि केरल के नीलांबुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार आर्यदान शौकत ने सीपीएम के एम स्वराज को लगभग 10,000 वोटों से हराया। यह क्षेत्र उसी वायनाड लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है, जहां से प्रियंका गांधी सांसद हैं। लिहाजा उनके लिए भी यह सुकून की बात है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने इस उपचुनाव को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नौ साल के शासन के खिलाफ जनादेश के रूप में पेश किया था। चूंकि साल 2026 में केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए यह रिजल्ट सीएम पिनाराई विजयन के लिए खतरे की घंटी की तरह है।

आपको पता होगा कि अगले साल पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होंगे। लिहाजा इससे पहले हुए इस उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने राहत की सांस ली है। क्योंकि आप ने पंजाब और गुजरात में पिछले चुनाव में जीती गई दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखने में कामयाबी पाई है। जबकि उपचुनाव से पहले लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट को विपक्ष ने आप के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी। लेकिन कड़े मुकाबले में आप के संजीव अरोड़ा कांग्रेस के भारतभूषण आशु को हराया। हालांकि आप की इस जीत में बीजेपी का योगदान रहा, जिसके उम्मीदवार जीवन गुप्ता को 20323 वोट मिले।

वहीं, इस जीत के बाद अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा में जाने का रास्ता साफ हो गया है, जो दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद से गायब थे। हालांकि उन्होंने घोषणा की है कि वो राज्यसभा नहीं जाएंगे। इसलिए समझा जा रहा है कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को वह राज्यसभा भेज सकते हैं। जैसा कि केजरीवाल ने कहा है कि इस बात का अंतिम फैसला पीएसी ही करेगी।

वहीं, पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट तृणमूल कांग्रेस के खाते में गई है, जहां पर बीजेपी के आशीष घोष टीएमसी कैंडिडेट अलीफा अहमद से करीब 50 हजार वोटों से हार गए। इस सीट पर कांग्रेस ने मुस्लिम कैंडिडेट कबीलुद्दीन शेख को उतारा था, लेकिन उन्हें 28251 वोट मिले और वह तीसरे पायदान पर रहे। इससे साफ है कि इस चुनाव में भी मुस्लिम वोटरों ने टीएमसी को लिए वोट किया। लिहाजा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इस रिजल्ट को वोटिंग पैटर्न का ट्रेलर माना जा रहा है। जानकार बताते हैं कि यदि यह पैटर्न दोहराया गया तो मुस्लिम वोट टीएमसी के खाते में रहेगी और चुनाव में उसका मुख्य मुकाबला बीजेपी से होगा। इसप्रकार से बंगाल में कमजोर हो रही कांग्रेस के लिए यह परिणाम खतरे की घंटी है।

वहीं, गुजरात में बीजेपी ने एक सीट जीती, जबकि दूसरे पर दूसरे स्थान पर यानी रनर अप रही। यहां आप विधायक गोपाल इटालिया की जीत से बीजेपी की टेंशन बढ़ सकती है, क्योंकि वह राज्य में पार्टी के प्रभारी हैं। यह जीत आम आदमी पार्टी के कैडर का हौसला भी बुलंद कर सकती है। इससे साफ है कि गुजरात में नुकसान कांग्रेस को हुआ है, जहां राहुल गांधी नए सिरे से पार्टी को संवारने में जुटे हैं। वहीं इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सिर्फ कडी विधानसभा सीट पर मुकाबले में आए, लेकिन 39452 वोटों के भारी अंतर से हार गए। समझा जाता है कि गुटबाजी और नेतृत्व की कमी से जूझ रही कांग्रेस 2026 के विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी को राहत दे सकती है। उल्लेखनीय है कि गुजरात में विसावदर की सीट आप विधायक भूपत भयानी के इस्तीफे से खाली हुई थी, उस पर गोपाल इटालिया ने जीत हासिल की। इस जीत से आप ने साबित कर दिया कि वह गुजरात में कांग्रेस से ज्यादा बेहतर विपक्ष है।

## संक्षिप्त समाचार

### मिनी गन फैक्ट्री संचालक सहित दो गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 19 एवं 20 जून की रात्रि को बंगाल और झारखंड एटीएस की टीम ने गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार स्थित कावेरी मैरेज हॉल में छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। इस मिनी गन फैक्ट्री का संचालक और इस मामले का मुख्य आरोपी सूरज कुमार साव को बोकारो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में सूरज प्रजापति को भी गिरफ्तार किया गया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि मिनी गन फैक्ट्री का संचालक सूरज कुमार साव था। इस मामले में सूरज प्रजापति को भी गिरफ्तार किया गया है दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया है और अन्य लोगों के भी इस मामले में शामिल होने की जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक सूरज प्रजापति पहले शराब के मामले में जेल जा चुका है ।सूरज सव भी शराब का कारोबार करता था। सूरज प्रजापति की जेल में ही मुंगेर के हथियार बनाने वाले कारीगरों से मुलाकात हुई ।उसके बाद सूरज साव के साथ मिलकर मिनी गन फैक्ट्री लगाने का काम किया।



### मधुबन वेज़िस ने मोंगिया नेशनल वॉलीबॉल अकादमी के बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह के प्रसिद्ध रेस्तरां मधुबन वेज़िस ने मोंगिया नेशनल वॉलीबॉल अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे बच्चों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया और उत्कृष्ट खान-पान की व्यवस्था भी की गई। अकादमी के चेयरमेन डॉ. गुणवंत सिंह मोंगिया ने मधुबन वेज़िस के संस्थापक प्रमोद कुमार की इस पहल की जमकर प्रशंसा की और इसे बच्चों के मनोबल को बढ़ाने वाला बताया। इस मौके पर प्रमोद कुमार ने कहा कि यह सम्मान समारोह बच्चों को प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है ताकि वे अपने खेल में और बेहतर करें और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें। कार्यक्रम में कोच अजित सिंह, लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट के दिव्यांशु सिंह एवं अश्विनी यादव समेत अकादमी के कई सदस्य मौजूद रहे।




### पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम के तहत संतोष गुप्ता ने किया पौधरोपण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संतोष कुमार गुप्ता भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओबीसी मोर्चा, अखिल भारतीय रोनियार वश्य महा सभा पूर्व संगठन मंत्री, आज भाजपा प्रदेश के आदेशानुसार कार्यक्रम के लिमिट एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम के तहत संतोष गुप्ता जन्मदिन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जिला कार्यालय में वृक्षा रोपण का कार्यक्रम किया, जिसमें आम, जामुन, कटहल, अमरूद, मीठा नीम पता, पतराज, और फूल का पौधा लगाए, पेड़ लगाने का मकसद हमारा पर्यावरण हरा भरा रहे, और साथ में सभी से आग्रह किए हैं कि अपने कोई भी कार्यक्रम में, पेड़ को ध्यान में रख कर जरूर लगाए, जिससे प्राकृतिक का सौंदर्य बना रहे हैं, को प्राकृतिक आबादा नहीं आए, जिसमें मुख्य रूप से रोहित वर्मा, ऋषि गुप्ता, अतुल गुप्ता, किशन गुप्ता, हर्ष गुप्ता, अभिषेक साव सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।



### चतुर्थवर्गीय कर्मियों ने चार सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड राज्य चतुर्थ वर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ की जिला शाखा बोकारो ने राज्य कमिटी के आह्वान पर एक दिवसीय धरना दिया। इसका उद्देश्य मुख्यमंत्री का ध्यान संघ की चार सूत्री मांगों की ओर आकृष्ट करना था।कर्मचारियों ने बताया कि झारखंड निर्माण के बाद से अब तक उनके साथ लगातार अन्याय होता आ रहा है। अविभाजित बिहार में योग्यता के आधार पर 25% पदों पर तृतीय वर्ग में पदोन्नति का प्रावधान था, जो झारखंड गठन के बाद समाप्त कर दिया गया।

चार प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं-

1. योग्यता और वरीयता के आधार पर तृतीय वर्ग में एकमुश्त पदोन्नति।
2. केंद्र सरकार की तर्ज पर 1800 ग्रेड पे को समूह 'ग' में शामिल करना।
3. 10 वर्षों की सेवा उपरांत 2400 ग्रेड पे।
4. छठे वेतन आयोग के अनुरूप वेतनमान को संशोधित कर 3050-4590 किया जाए। संघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगों को नहीं माना गया, तो 30 जुलाई को राज्यस्तरीय आंदोलन किया जाएगा। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से न्याय की मांग की।



### बलगो निवासी सुल्तान मियां उड़ीसा पुलिस के हत्थे चढ़ा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उड़ीसा में फर्जी निकासी मामले में था वांछित, बैंक खाते में आया था ढाई लाख बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद पंचायत अंतर्गत बलगो गांव निवासी सुल्तान मियां को उड़ीसा पुलिस ने गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। सुल्तान मियां कमीशन एजेंट के तौर पर काम करता था जानकारी के अनुसार, उड़ीसा राज्य के हातिबारी थाना क्षेत्र में किसी व्यक्ति के बैंक खाते से ढाई लाख रुपये की फर्जी निकासी का मामला सामने आया था। यह राशि सुल्तान मियां के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी। मामले को लेकर हातिबारी थाना कांड संख्या 90/25, दिनांक 15 मई 2025 को दर्ज किया गया था इसी क्रम में बुधवार को उड़ीसा पुलिस की एक टीम, एसआई एस. एन. महांता के नेतृत्व में बलगो पहुंची। स्थानीय बेंगाबाद थाना पुलिस की मदद से आरोपी के घर छापामारी की गई और सुल्तान मियां को हिरासत में लिया गया उड़ीसा पुलिस आरोपी से पूछताछ के बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि बैंक डिटेल और लेनदेन के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची। मामले की जांच उड़ीसा पुलिस द्वारा जारी है।इस गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में चचाओं का दौर शुरू हो गया है।



# झारखण्ड की तरक्की के लिए एकजुटता की आवश्यकता : राजकुमार राज

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखण्ड के गठन को 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन यह प्रदेश आज भी अपनी अपार संभावनाओं को पूर्ण रूप से साकार नहीं कर पाया है। प्राकृतिक संसाधनों, खनिज संपदा और मानव संसाधन से परिपूर्ण यह राज्य विकास के मामले में अभी भी कई चुनौतियों से जूझ रहा है। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज का मानना है कि झारखण्ड की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा राजनीतिक अस्थिरता और दलों के बीच आपसी टकराव है राजकुमार राज ने कहा, "झारखण्ड के पास वह सब कुछ है, जो इसे एक समृद्ध और विकसित राज्य बनाने के लिए चाहिए। लेकिन, राजनीतिक दलों के बीच सत्ता की खींचतान और आपसी मतभेद ने इस राज्य की प्रगति को बाधित किया है। अगर हमें झारखण्ड को तरक्की के रास्ते पर ले जाना है, तो सभी दलों को अपने निजी हितों और मतभेदों को दरकिनार कर राज्यहित के मुद्दों पर एकजुट होना होगा उन्होंने जोर देकर कहा कि झारखण्ड के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। "राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को बेहतर करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। साथ ही, खनिज संपदा का बेहतर उपयोग और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार



के अवसर सृजित करने पर ध्यान देना होगा। लेकिन, यह तभी संभव है जब सभी दल मिलकर एक साझा विजन के लिए काम करें श्री राज ने यह भी बताया कि रालोजपा झारखण्ड के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य केवल सत्ता में भागीदारी नहीं, बल्कि झारखण्ड के हर नागरिक के जीवन स्तर को ऊपर उठाना है। इसके लिए हम शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष जोर दे रहे हैं। हमारी पार्टी आदिवासी और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है।" उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे सत्ता की राजनीति से ऊपर उठकर झारखण्ड के विकास के लिए एक साझा रणनीति बनाएं। "हमें यह समझना होगा कि झारखण्ड की जनता ने हमें अपनी सेवा के लिए चुना है। यदि हम आपसी टकराव में उलझे रहेंगे, तो जनता का विश्वास खो देंगे। यह समय है कि सभी दल एक मंच पर आएं और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और बुनियादी ढांचे जैसे मुद्दों पर ठोस नीतियां बनाकर उन्हें लागू करें।" राजकुमार राज ने यह भी कहा कि झारखण्ड की प्रगति के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। "केंद्र सरकार की कई योजनाएं, जैसे स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत, और उज्ज्वला योजना, झारखण्ड में प्रभावी ढंग से लागू होनी चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार को केंद्र के साथ मिलकर काम करना होगा अंत में, उन्होंने झारखण्ड की जनता से अपील की कि वे भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और नेताओं से विकास कार्यों की जवाबदेही मांगें। झारखण्ड का भविष्य उज्ज्वल है, बशर्ते हम सभी मिलकर एक साझा लक्ष्य की ओर काम करें। यह समय है एकजुटता का, ताकि हम अपने बच्चों के लिए एक समृद्ध और सशक्त झारखण्ड का निर्माण कर सकें।

### नर्सिंग होम में आयोजित किया गया जांच शिविर

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोटरी गिरिडीह द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क न्यूरो एवं स्पाइनल से संबंधित जांच शिविर गोवर्धन लाल नर्सिंग होम,गिरिडीह में आयोजित किया गया जिसमें गुड़गांव दिल्ली से आए प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ सुमित सिंह द्वारा सिरदर्द, मिर्गी, स्ट्रोक, लकवा, सायटिका, स्लिपडिस्क, गर्दन पीठ दर्द एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित 115 लोगों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर के सफल संचालन में डॉ विकास लाल, रोटरी गिरिडीह अध्यक्ष रवि चूड़ीवाला, रोटरी के निवर्तमान जिलापाल शिव प्रकाश बगड़िया, शिविर संयोजक अमित अग्रवाल, मनीष वर्णवाल, नीरज शर्मा,गुरुप्रीत सिंह, अमित गुप्ता,शंभु जैन, रोहित जैन,अभिषेक जैन,विकास बगड़िया, नरेंद्र सिंह,भूपेंद्र सिंह,सारंग केडिया एवं गोवर्धन लाल नर्सिंग होम के सभी स्वास्थ्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 9 जुलाई को देश व्यापी हड़ताल की तैयारी जोरों पर, लगातार हो रही हैं बैठकें : माले

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड गादी श्रीरामपुर पंचायत के महुआटांड़ स्थित प्रखण्ड कार्यालय में माले समर्थित असंगठित मजदूर मोर्चा की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड किशोर राय ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 7 जुलाई को नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि 8 जुलाई को शाम 5 बजे अजीडीह से चतरो तक मशाल जुलूस का आयोजन किया जाएगा. सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 9 जुलाई को भारत बंद कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी रहेगी बैठक में कन्हाई पाण्डेय, सनातन साहु, नारायण सिंह, गुलाब कोल्ह, मधुसुदन कोल्ह, सुनील ठाकुर, लखन कोल्ह, भीम कोल्ह, डीलचंद कोल्ह, मोहन कोल्ह आदि उपस्थित थे।माले के



कन्हाई पांडेय और मसूदन कोल्ह ने कहा कि मजदूरों के हक में सिर्फ माले करता है,इसलिए मजदूरों को भी माले के कार्यों में आगे बढ़ कर आगे आने की जरूरत है। वही गिरिडीह नगर सचिव राजेश सिन्हा ने कहा कि नगर में भी इसकी तैयारी जोर शोर से होगी,मोदी सरकार ने मजदूरो के हक में जितने कानून थे सब बदल दिया है,कानून बनाकर मजदूरों को अलग थलग छोड़ दिया है,इसकी हक की लड़ाई माले हमेशा पहली पंक्ति में खड़ा रहता है,लोकल मजदूरों को भी माले के नेतृत्व में खड़े रहने की जरूरत है,गिरिडीह के मजदूर एक हो,दुनियां के मजदूर एक हो।

## पचंबा-कल्याणडीह फोरलेन का बनने की प्रक्रिया से गिरिडीह की जनता है परेशान : राजेश सिन्हा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रशासन,प्रतिनिधि,जनता और संबंधित विभाग की परवाह नहीं करता है संवेदक जनता को संज्ञान में लेने की जरूरत - माले जनता के साथ खड़ा है आंदोलन पीएचडी विभाग के सामने करना होगा यह बात को गांठ बांधने की है जरूरत उपायुक्त को दिया जाएगा ज्ञापन पचंबा कल्याणडीह रोड अच्छा प्रोजेक्ट है,कार्य फाईनल कर के एक साल के अंदर देना था किन्तु लगातार आधा अधूरा काम करने और करवाने से एक साल में पूरा नहीं कर सका है,राहगीर की हालत खराब है,गर्मी और जाड़ा के दिनों में धूल कण से लोग परेशान थे अब बरसात में जगह जगह गड्ढे से परेशान है कार्मेल स्कूल से कल्याणडीह तक दोनो तरफ रोड तो बन गया है किन्तु,अधूरा ही रह गया है कार्य,अभी बनने की आसार भी नहीं आ रहे है अलकापुरी मोड से जेपी चौक तक पिछले एक महीने से सड़क में बड़े बड़े गड्ढे जेसीबी से कर दिया गया है,जबकि एक डेढ़ महीने से कोई कार्य की पहल नहीं है,अब बरसात के दिनों में बड़े बड़े गड्ढे होने से पानी का जमाव हो रहा है जिससे जाम की



समस्या उत्पन्न हो रही है क्योंकि चार चक्का और दो चक्का रास्ते में चल नहीं पाते है,गिरते बजड़ते या हिचकोला खाते लोग आ जा रहे वाहन बर्बाद हो रहे है, ईंधन दो गुणा लग रहा है,निचोड़ यही है कि स्कूली बच्चे, राहगीर, बीमार, एंबुलेंस, दुकानदार, बिजनेस मेन, रिक्शा, सभी चालकों को काफी दिक्कत हो रही है।ठेकेदार और पेटी कॉन्ट्रेक्टर को जब नहीं करना था कार्य तो रोड में गढ्ढा क्यों किया इसका सुध लेने वाला विभाग और प्रशासन के साथ प्रतिनिधि भी नहीं लेने वाले है लगता है ठेकेदार ने सभी को अपने अपने तरीके से बात कर मनवा लिया है,माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा,लगातार माले के प्रयास से थोड़ा काम होता है और फिर माले थोड़ा दिन रुकता है तो काम भी रुक जाता है प्रतिनिधि,प्रशासन,जनता,मीडिया को लगातार इग्नोर कर रहे है संवेदक,इसलिए सभी को जोर शोर से लगना होगा,गिरिडीह आपका है,संवेदक का नहीं है,यदि संवेदक को कोई दिक्कत हो काम करने में तो सभी प्रतिनिधि और प्रशासन की बैठक रखे जिसमें आम जनता भी हो प्रॉब्लम शॉर्ट करने की बात की जा सकती है किन्तु संबंधित विभाग कोई कारवाई नहीं कर रहा है मतलब कही न कही साठ गांठ की बु आ रही है।

## सेव अर्थ मिशन ने 'ग्लोबल विजन' कार्यक्रम की घोषणा की

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत सिर्फ 1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर, सेव अर्थ मिशन ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस विश्व रिकॉर्ड-सृजन कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और फोर्बेस, फॉक्स, बिजनस इनसाइडर, व अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया चैनलों पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। अब सेव अर्थ मिशन वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रहा है। संगठन ने अपने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम सेव अर्थ मिशन ग्लोबल विजन अन्विलिंग की आधिकारिक घोषणा की है। यह आयोजन सेव अर्थ मिशन की वैश्विक रणनीति की शुरूआत को चिन्हित करेगा, जिसका उद्देश्य है वर्ष 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना और पृथ्वी को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाना। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को शाम 6:00 बजे आईएसटी पर प्रतिष्ठित गिफ्ट सिटी क्लब, अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। यह वैश्विक घोषणा सेव अर्थ मिशन की यात्रा में एक बड़ा और निर्णायक कदम है, कार्यक्रम में सेव अर्थ मिशन के वैश्विक नेटवर्क से नेता, प्रतिनिधि और स्वयंसेवक शामिल होंगे, जो देशवार वृक्षारोपण अभियानों, नई साझेदारियों, और तेज गति से पुनर्वनीकरण के प्रयासों की नींव रखेंगे। संदीप चौधरी, अध्यक्ष- भारत चैप्टर, सेव अर्थ मिशन ने कहा- यह केवल भारत नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व का क्षण है। लोगों ने अपनी आवाज उठाई और अहमदाबाद ने वैश्विक जलवायु एकता का प्रतीक बनकर एक नई मिसाल कायम की है। ग्लोबल विजन अनवीलिंग कार्यक्रम में मैं सेव अर्थ मिशन का वैश्विक रोडमैप प्रस्तुत करूंगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय वृक्षारोपण अभियानों, सीमापार सहयोग और नागरिकों, कॉपोरेट्स व सरकारों को एक साथ जोड़कर 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाने के मिशन को पूरा करने की योजना होगी।

## समारोह पूर्वक सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वर्षों की जनता की मांग पूरी हुई जमुआ चौक पर एक अदद सामुदायिक शौचालय की मांग करने वाले लोगों के लिए यह किसी खुशखबरी से कम नहीं कि शुक्रवार को सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन जमुआ प्रमुख मिष्टू देवी ने समारोह पूर्वक किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि जमुआ न केवल गिरिडीह जिला का प्रमुख केंद्र है बल्कि देव नगरी देवघर के अलावा बिहार कोडरमा व रांची जाने वाले लोगों का एक अस्थाई पड़ाव स्थल है। कहा हर दिन दस बीस हजार लोगों का आना जाना जमुआ में रहता है।शौचालय न होने से उन्हें फजीहत का सामना करना पड़ता था।भाजपा के वरिष्ठ नेता साहेब महतो ने कहा कि चीर काल से लोगों की मांग आज पूरी हुई। कहा कि शौचालय को स्वच्छ और गंदगी मुक्त रखने की जरूरत है।उप प्रमुख रब्बुल हसन ने कहा कि पंचायत समिति सदन द्वारा इस बार हर पंचायत में कुछ न कुछ जनोपयोगी कार्य हुआ है।उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हमलोग बेहतर कर रहे हैं।प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने कहा कि अनुभवी लोगों से भी हमलोग मशविरा करते है तब जमुआ में बदलाव दिख रहा है। कहा कि ब्लॉक परिसर में पार्क का निर्माण करवाए,एक बृहद चबूतरा बनवाए,सामुदायिक शौचालय का सौंदर्यीकरण करवाए,विभिन्न पंचायतों में दर्जनों चबूतरा,और सैकड़ों ग्रामीण पथों का पीसीसीकरण करवाए। कहा कि जनता के साथ खड़े रहने का कार्य वे करते हैं।जिप सदस्य संजय हजारा ने कहा कि सार्वजनिक शौचालय जनोपयोगी है।विकास में कोई राजनीति नहीं हो।कार्यक्रम में जे के एल एम की जिलाध्यक्ष सुनीता सिंह ने कहा कि सब मिलकर जमुआ का विकास करें तभी बदलाव दिखेगा।कार्यक्रम को विहिप के प्रखंड महामंत्री सुभाष पंडा, पंसस प्रतिनिधि पंकज यादव, चर घरा की पंसस सोनिया,मो बेलाल हेंब्रम,पूर्व मुखिया महेंद्र यादव,कांग्रेस नेता सच्चिदानंद सिंह,यूथ फॉर्स के अध्यक्ष गौतम सागर राणा,सचिव रंजीत मंडल ने भी विचार रखे।कार्यकम में सुभाष पंडा,बद्री यादव,बिरेंद्र यादव,रामजी यादव,मो अलम ,रवि रजक,रमेश बजाज,ललन यादव,वकील यादव,भरत मोदी,उज्ज्वल कुमार साहा, भोला राम,मो सरताज रंजीत यादव, राजद पूरण यादव कांग्रेस के सुभाष यादव,गोविंद हेंब्रम सहित कई लोग थे यह शौचालय चौक के पास है महिला पुरुष के लिए अलग अलग दो दो शौचायल है दो दो स्नानघर हैं।



## सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गिरिडीह के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डिप्लोमा पंचम सेमेस्टर सत्र 2022-25 का परीक्षा फल घोषित सिविल विभाग के रोहित ओरांव बने कॉलेज टॉपर। प्रत्येक वर्ष की भाँति सुभाष इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सत्र 2022-25 के तृतीय वर्ष (पंचम सेमेस्टर) के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी अपना परचम लहराया। सत्र 2022-25 में कुल 137 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। जिसका शत-प्रतिशत परिणाम घोषित हुआ। इस बाबत संस्थान के निदेशक डॉ बिजय सिंह ने बताया कि संस्थान का लक्ष्य ही कड़ी मेहनत और रोजगार दिलाकर विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाना है। श्री सिंह ने सभी सफल परीक्षार्थियों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।इसे लेकर बताया गया कि इलेट्रिकल विभाग में कुल 49 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे,



जिसमें 02 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन, 24 विद्यार्थियों ने फर्स्ट क्लास मार्क्स हासिल किया। जबकि इलेक्ट्रिकल ब्रांच की पलक कुमारी ने 78.88 % अंक लाकर ब्रान्च टॉपर का खिताब हासिल किया। वहीं राजेंद्र कुमार ने 76.25% अंक लाकर द्वितीय तथा बिकाश रजक ने 71.38% अंक लाकर तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं सिविल विभाग में कुल 32 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें से 03 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन मार्क्स हासिल किया , जबकि 20 विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन अंक हासिल किया। वहीं सिविल ब्रांच में रोहित ओरांव ने 83.13% अंक लाकर ब्रांच टॉपर के साथ साथ कॉलेज टॉपर का भी खिताब हासिल किया। जबकि कल्पना ओरांव ने 75.13% अंक लाकर द्वितीय स्थान तथा खुशबू भगत ने 75% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार मैकेनिकल विभाग में कुल 56 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें 02 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन मार्क्स हासिल किया और 39 विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन अंक हासिल किया। जबकि मैकेनिकल ब्रांच में अजय मंड़ल ने 75.38% अंक लाकर ब्रांच टॉपर का खिताब हासिल किया तथा आदित्य कुमार राणा ने 75.13% अंक लाकर द्वितीय स्थान तथा अम्मार खालिद ने 72.88% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### जमुआ में ज्वेलरी दुकान में हुई सेंधमारी

**दीवार काट कर 3 लाख जेवर पर किया हाथ साफ**

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुआ थाना अंतर्गत चितरडीह मुख्य मार्ग में स्थित कसौटी ज्वेलर्स दुकान में बीती रात से दीवार तोड़कर करीब 3 लाख रूपए के जेवरात की चोरी कर ली। वही उसके साथ ही लगे एक कपड़ा सिलाई के दुकान से भी चोरों ने सिलाई के कपड़े पर हाथ साफ कर दिया उनके भी दुकान से सिले हुए करीब 20 जोड़ी कपड़े की चोरी कर ली। इन दोनों चोरी के संबंध में संयुक्त रूप से कसौटी ज्वैलर के मालिक टिंकू प्रसाद एवं जीके ट्रेलर से मोहम्मद गुलजार ने थाने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाइ है। थाने में दिए गए में आवेदक टिंकू प्रसाद वर्मा जमुआ ने थाना में दिए गए आवेदन में कहा है वे पुराने जेवर को नए बनाकर अपने जीविका पालन करता था। नित्य दिन की तरह 27 जून को भी 10:00 बजे सुबह दुकान खोला तो देखा कि पीछे के दीवार में सेंधमिरी किया हुआ था साथ ही अलमारी और दराज भी टूटा हुआ था तथा सारा सामान बिखरा हुआ एवं सारा जेवरात गायब थे ।

# किशोरी नेतृत्व एवं जेंडर समानता पर कार्यशाला का आयोजन

**गोड्डा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रास्ता संस्था के तत्वाधान में किशोरी नेतृत्व एवं जेंडर समानता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बोआरीजोर प्रखंड अंतर्गत राजाभिट्ठा पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, संरक्षण अधिकारी ओम प्रकाश, रास्ता संस्था के अजय कुमार तथा ग्रामीण के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह आज के समाज के लिए एक बहुत बड़ी कुरीति है। शिक्षा के अभाव में या अन्य कारणों से आज भी समाज में बच्चों की शादी कम उम्र में कर दिया जाता है। जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हो जाती है। उनके



द्वारा पोक्सो अधिनियम सहित गुड टच बेड टच के बारे में भी बताया गया। उपस्थित बच्चियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए संरक्षण पदाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि समाज में जागरूकता लाने की जरूरत है, जो हम सभी के सहयोग से ही संभव है। बाल विवाह बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन करता है। सभी अभिभावक को चाहिए कि वो अपने बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देने के साथ साथ सहभागिता के अधिकारों को भी जानने समझने का अवसर दें। ताकि वे एक शिक्षित समाज बनाने में सहायक हो एवं अपने अंदर के आत्मविश्वास को पहचान करके नेतृत्व की क्षमता का विकाश कर सके। श्री प्रकाश द्वारा स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर एवं पालना योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। रास्ता के संस्थापक अजय कुमार द्वारा बच्चों के हित में काम करने वाले सभी सरकारी संस्थाओं के बारे में बताया गया। साथ ही उनके संस्था द्वारा बालहित में किए जा रहे कार्यों के संदर्भ में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि समाज तभी बाल विवाह मुक्त हो सकता है जब बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले। कार्यशाला का संचालन कार्यक्रम प्रबंधक सीमा कुमारी द्वारा किया गया। उनके द्वारा बालिकाओं और बालकों के बीच जेंडर समानता कैसे हो इसपर कई जानकारी दी गई एवं बालिकाओं से संवाद कर उनके अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, संरक्षण अधिकारी ओम प्रकाश, सहित रास्ता संस्था के संस्थापक अजय कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक सीमा कुमारी, जुली मोदी, राजेश, प्रमिला एवं स्थानीय बालक बालिका व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नीट एवं जे ई ई एडवांस में एक बार फिर होली मिशन का कीर्तिमान कायम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय होली मिशन स्कूल शनिवार को अत्यंत ही गौरवपूर्ण पलों का साक्षी रहा। इस अवसर पर विद्यालय ने अपने छात्रों को सम्मानित किया जिन्होंने नीट एवम खएए एडवांस में अच्छी रैंकिंग के साथ सफल हुए। लगभग 60 बच्चों को स्टार परफॉर्मर का अवार्ड मिला जो नीट अथवा जी एडवांस में सफल रहे। विद्यार्थियों तथा अभिभावकों की खुशी अपने चरम पर थी। बच्चों ने अपनी अपनी तैयारियों की रूपरेखा तथा अपनी भविष्य की योजनाओं को सभी के साथ साझा किया। इस अवसर पर जी एडवांस में 471 वीं रैंक पर आने वाले ज्ञान प्रकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि वो अपनी सफलता के प्रति आश्वस्त थे परन्तु इतनी अच्छी रैकिंग तो शिक्षकों के सहयोग एवं मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं था। जी एडवांस में ही 490 रैंक पाने वाले अंकित कुमार सिन्हा के विचार भी मिलते जुलते थे। उन्होंने कहा कि सतत अध्ययन एवं उचित मार्गदर्शन के अलावा सफलता का कोई विकल्प नही है। परीक्षा में सफल होने के लिए मनोरंजन अथवा खेलकूद से दूरी बनाने की कोई आवश्यकता नही है। यदि हम योजनाबद्ध तरीके से तैयारी



करें तो हमे सफलता पाने से कोई नही रोक सकता। नीट में सफल होने वाली समीक्षा सिंह ने अपनी सफलता के श्रेय अपने मातापिता के अलावा विद्यालय के शिक्षकों के देते हुए कहा कि विद्यालय में होने वाले टेस्ट सीरीज तथा असाइनमेंट के अलावा सारगर्भित नोट्स के कारण बिना किसी अतिरिक्त दबाव के इतना अच्छा रैंक मिला है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का तो कोई विकल्प नहीं हो सकता । स्कूल न केवल उचित मार्गदर्शन देते हैं बल्कि व्यक्तित्व का भी विकास करते है। नीटमें सफल होने वाली श्रीजी गोयनका भी उनके विचारों से इतेफाक रखती हैं। नीट में सफल होने वाली ध्रुव आदित्य , सान्वी तथा शुभम मंडल ने भी अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया।

## हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स का 300 प्रतिशत डिविडेंड बांटने का ऐलान

- 5 साल में 1184 प्रतिशत उछल गए हैं शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महारत्न कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हर शेयर पर 300 पर्सेंट के फाइनल डिविडेंड की घोषणा की है। यानी, कंपनी हर शेयर पर अपने निवेशकों को 15 रुपये का फाइनल डिविडेंड देगी। एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स ने डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट गुरुवार 21 अगस्त 2025 फिक्स की है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयरों में पिछले पांच साल में 1184 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है।

**सरकार को डिविडेंड में मिलेंगे 718.6 करोड़ रुपये**- जो निवेशक 20 अगस्त 2025 तक हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर खरीद लेंगे, वह डिविडेंड पाने के हकदार होंगे। केंद्र सरकार की हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स में 71.64 पर्सेंट हिस्सेदारी है। सरकार को इस डिविडेंड पेआउट में 718.6 करोड़ रुपये मिलेंगे। कंपनी की तरफ से दिया जाने वाला यह वित्त वर्ष 2025 का दूसरा डिविडेंड है, इससे पहले कंपनी ने फरवरी में हर शेयर पर 25 रुपये का अंतरिम डिविडेंड दिया था। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 में हर शेयर पर 13 रुपये का फाइनल डिविडेंड दिया था।

**5 साल में 1184 प्रतिशत चढ़ गए हैं कंपनी के शेयर**- महारत्न कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल में 1184 पर्सेंट उछल गए हैं। एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी इस कंपनी के शेयर 26 जून 2020 को 381.35 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 28 जून 2025 को 4896.60 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले चार साल में कंपनी के शेयरों में 844 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। अगर पिछले दो साल की बात करें तो कंपनी के शेयरों में 158 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 5675 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 3045.95 रुपये है।

## मझगांव डॉक ने गाड़ा श्रीलंका में झंडा

- दिग्गज कंपनी में खरीदी नियंत्रण हिस्सेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मिनीरत्न कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी में नियंत्रण हिस्सेदारी खरीदने का फैसला किया है। कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी, श्रीलंका की सबसे बड़ी शिपबिल्डिंग और रिपेयर फैसिलिटी है। यह कंपनी कोलंबो स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड है। यह मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स का पहला वैश्विक अधिग्रहण होगा। पिछले पांच साल से कम में मझगांव डॉक



शिपबिल्डर्स के शेयरों में 3672 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है।

**452 करोड़ रुपये में डील**- कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी में नियंत्रण हिस्सेदारी खरीदने से जुड़ी इस डील की वैल्यू करीब 52.96 मिलियन डॉलर (करीब 452 करोड़ रुपये) है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, कोलंबो डॉकयार्ड में यह हिस्सेदारी जापान की ओनोमिची डॉकयार्ड कंपनी से खरीद रही है।

# सुकन्या समेत छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर में हो सकती है कटौती

### दशकों में पहली बार पीपीएफ की जा सकती है 7 प्रतिशत से नीचे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक भविष्य निधि योजना, राष्ट्रीय बचत पत्र जैसी अन्य छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की समीक्षा 30 जून 2025 को होनी हैं। नई दरें वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए प्रभावी होंगी। इस साल अब तक सुकन्या समृद्धि योजना और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित डाकघर योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि पहली जुलाई 2025 से इसमें बदलाव हो सकता है। इस संभावना की वजह है भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में कटौती। आरबीआई ने सबसे पहले फरवरी में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती की। फिर अप्रैल में 25 आधार अंक की कटौती की गई और जून में 50 आधार अंक की कटौती हुई। अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती हो चुकी है। रेपो रेट में कटौती के जवाब में बैंकों ने सावधि जमा पर ब्याज दर में कमी कर दी है। कुछ बैंकों ने अपनी विशेष एफडी भी बंद कर दी हैं, जो एक निश्चित अवधि के लिए सामान्य बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर प्रदान करती थीं।



**पीपीएफ की ब्याज दर जा सकती है 7 फीसदी से भी नीचे**- वर्तमान में पीपीएफ योजना में निवेशकों को 7.10 फीसदी की दर से ब्याज मिलता है। अनुमान जताया जा रहा है कि कई दशकों में पहली बार पीपीएफ की ब्याज दर सात फीसदी से भी नीचे जा सकती है। अप्रैल-जून 2025 तिमाही की शुरुआत से 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर औसत रिटर्न 6.30 प्रतिशत रहा है।

छोटी बचत योजनाओं के लिए गोपीनाथ कमेटी के फार्मूले में पीपीएफ की ब्याज दर पिछली तिमाही में औसत 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर रिटर्न से 25 आधार अंक अधिक रखा गया है। अगर इस फॉर्मूले को अपनाया गया तो जुलाई-सितंबर तिमाही में पीपीएफ की ब्याज दर 6.55 प्रतिशत हो सकती है। इसका मतलब कि पीपीएफ की ब्याज दर पांच दशक में पहली बार सात फीसदी के नीचे जा सकती है।

जानकारों का मानना है कि गोपीनाथ कमेटी का फॉर्मूला सिर्फ एक संकेतक मात्र है। यह फॉर्मूला सरकार को निर्णय लेने के लिए बाध्य नहीं करता। इससे पहले की भी पीपीएफ दरें इस फॉर्मूले से अलग रही हैं। वर्ष 2016 और 2017 में भी 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर रिटर्न 6.5 प्रतिशत के स्तर तक आ गया था, लेकिन सरकार ने पीपीएफ की ब्याज दरों को स्थिर रखा था।

### निवेशक अभी उठा सकते हैं फायदा

अगर आप छोटी बचत योजनाओं में निवेश की सोच रहे हैं, तो 30 जून 2025 से पहले मौजूदा दरों का फायदा उठा सकते हैं। पीपीएफ और सुकन्या समृद्धि योजना में तो मौजूदा खातों पर भी हर तिमाही में नई दरें लागू होती हैं। इसलिए इनमें अभी निवेश करके भी ब्याज दरें तय नहीं की जा सकतीं। वहीं, एनएससी, किसान विकास पत्र, डाकघर सावधि जमा योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और डाकघर मासिक आय योजना में अभी निवेश करने पर मौजूदा ऊंची ब्याज दर तय हो जाएगी, जो निवेश की पूरी अवधि के दौरान उतनी ही बनी रहेगी।

## एसबीआई के साथ लोन बांटने को लेकर हुई डील

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी पैसालो डिजिटल के शेयरों में शुक्रवार को जबरदस्त तेजी आई है। पैसालो डिजिटल के शेयर शुक्रवार को बीएसई में इंट्राडे के दौरान 7 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 33.75 रुपये पर पहुंच गए। स्मॉलकैप नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एक नए को-लेंडिंग लोन एग्रीमेंट पर दस्तखत करने की घोषणा की है। इस एग्रीमेंट का मकसद देश भर के स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज के लिए लोन तक पहुंच आसान बनाना है। पैसालो डिजिटल पर देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का भी दांव है।

**एसबीआईऔर पैसालो ने किया साझेदारी का विस्तार**- नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी , पैसालो डिजिटल लिमिटेड ने 26 जून 2025 को एसबीआई के साथ एक नया को-लेंडिंग लोन एग्रीमेंट किया है। यह एग्रीमेंट एसएमई प्रॉडक्ट्स को टारगेट करता है और यह साल 2021 में हुई उनकी मौजूदा को-लेंडिंग पार्टनरशिप का एक्सटेंशन है। कंपनी के मुताबिक, एसबीआई-पैसालो डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म देश भर में 3565 टचप्वाइंट्स के जरिए 94 लाख से ज्यादा कस्टमर्स को सेवाएं दे चुका है। अब इस प्लेटफॉर्म ने अपने पोर्टफोलियो में एसएमई लेंडिंग को शामिल किया है। प्लेटफॉर्म प्रायरिटी सेक्टर फाइनेंसिंग में ग्रोथ की रफ्तार बढ़ा सकता है और अंडरसर्व्ड बिजनेस सेगमेंट्स में क्रेडिट गैप से जुड़ी दिक्कत को हल करने में मदद कर सकता है।

**एलआईसी और एसबीआई लाइफ का कंपनी पर बड़ा दांव**- देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के पास पैसालो डिजिटल के 77,59,511 शेयर हैं। कंपनी में एलआईसी की हिस्सेदारी 1.17 पर्सेंट है। वहीं, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के पास पैसालो डिजिटल के 6,21,14,267 शेयर हैं। कंपनी में एसबीआई लाइफ की हिस्सेदारी 9.36 पर्सेंट है।

### दो बार बोनस शेयर बांट चुकी है पैसालो डिजिटल

पैसालो डिजिटल लिमिटेड अपने शेयरधारकों को 2 बार बोनस शेयर का तोहफा दे चुकी है। कंपनी ने मई 2010 में अपने निवेशकों को 3:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने हर शेयर पर 3 बोनस शेयर बांटे। कंपनी ने मार्च 2024 में शेयरधारकों को 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने 1 पर 1 फ्री शेयर दिया। कंपनी ने जून 2022 में अपने शेयरों का भी बंटवारा किया है। कंपनी ने अपने शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा है। कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले शेयर को 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटा है।

## अमेरिका में वारी एनर्जीज को मिला बड़ा ऑर्डर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनर्जी सेक्टर की दिग्गज कंपनी-वारी एनर्जीज लिमिटेड को एक गुड न्यूज मिली है। वारी एनर्जीज ने बताया कि उसकी अमेरिकी सहायक कंपनी वारी सोलर अमेरिकाज को यूटिलिटी-स्केल सोलर एंड एनर्जी स्टोरेज प्रोजेक्ट के एक प्रमुख अमेरिकी डेवलपर से 540 मेगावाट का सोलर मॉड्यूल आपूर्ति कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कंपनी की स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार कॉन्ट्रैक्ट में चरणबद्ध डिलीवरी शामिल होगी। इसके तहत 2025 में 270 मेगावाट और शेष 2027-2028 के दौरान 270 मेगावाट डिलीवरी शामिल है।

**अमेरिका में मिले कई बड़े ऑर्डर**- हाल के हफ्तों में, कंपनी ने अमेरिका में कई बड़े ऑर्डर हासिल किए हैं, जिसमें 586 मेगावाट और 599 मेगावाट मॉड्यूल आपूर्ति डील शामिल है। यह 2025 के अंत तक अपने ब्रुकशायर, टेक्सास फैसलिटीज में अपनी मैन्युफैक्चरिंग कैपिसिटी को दोगुना करके 3.2 गीगावाट करने की भी योजना बना रही है। पिछले सप्ताह की शुरुआत में वारी ने कहा था कि उसके पास 2027 तक 25 गीगावाट का ऑर्डर बुक है।

**शेयर की कीमत**- बीते शुक्रवार को वारी एनर्जीज लिमिटेड के शेयर की कीमत में मामूली बढ़ोतरी हुई और यह 2947.85 रुपये पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 3010 रुपये के स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल नवंबर महीने में शेयर 3,740.75 रुपये के स्तर पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। अप्रैल 2025 के महीने में शेयर 1,808.65 रुपये के स्तर पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो लेवल है।

**कैसे रहे मार्च तिमाही के नतीजे**- पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में वारी एनर्जीज का नेट प्रॉफिट आमदनी बढ़ने से दोगुना होकर 648.49 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि तिमाही के लिए उसकी आमदनी 37.69 प्रतिशत बढ़कर 4,140.92 करोड़ रुपये रही।

## आईपीओ से पहले फंड जुटाएगी टाटा की कंपनी टीसीएल

### बोर्ड मीटिंग में ताबड़तोड़ लिए गए फैसले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा की फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म- टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल) के बोर्ड ने आईपीओ से पहले एक बड़ा फैसला लिया है। कंपनी के बोर्ड ने 1752 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस लिमिटेड इस इश्यू में 1630 करोड़ की राशि जुटा सकती है।

**30,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की मंजूरी**- बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार टाटा कैपिटल की बोर्ड मीटिंग में कंपनी को अलग-अलग डेब्ट फैसलिटीज के माध्यम से 30,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की भी मंजूरी मिली। इनमें सिक्योर और अनसिक्योर डिबेंचर, अधीनस्थ और स्थायी बॉन्ड, बाजार से जुड़े उपकरण और ग्रीन बॉन्ड शामिल हैं।

**आईपीओ की तैयारी में कंपनी**- ये फैसले ऐसे समय में लिए गए हैं जब टाटा कैपिटल अपने 2 बिलियन डॉलर के आईपीओ की तैयारी कर रही है। बीते दिनों खबर आई थी कि टाटा कैपिटल ने गोपनीय मार्ग के जरिये आईपीओ के लिए बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर दाखिल किए हैं। इस आईपीओ में इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू के अलावा कुछ शेयरधारकों की तरफ से बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल होगी।




- **टाटा संस के पास कितनी हिस्सेदारी**- आपको बता दें कि टाटा कैपिटल की मूल कंपनी टाटा संस के पास 92.83 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस इश्यू के सफल होने पर यह आईपीओ देश के वित्तीय क्षेत्र में सबसे बड़ी शुरुआती शेयर बिक्री होगी। यह नवंबर, 2023 में टाटा टेक्नोलॉजीज की सूचीबद्धता के बाद हाल के वर्षों में टाटा समूह का सार्वजनिक बाजार में दूसरा पदार्पण भी होगा।
- **कैसे रहे मार्च तिमाही के नतीजे**- पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में टाटा कैपिटल के नेट प्रॉफिट 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,000 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 765 करोड़ रुपये रहा था।

## अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स को मिले 2 बड़े काम, 5 प्रतिशत उछल गया शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सिविल कंस्ट्रक्शन कंपनी- अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड को बड़े ऑर्डर मिले हैं। इसके बाद कंपनी के शेयर को खरीदने की होड़ मच गई। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शेयर 942.15 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 5 फीसदी से ज्यादा उछलकर 995.50 रुपये तक पहुंच गया। कंपनी के शेयर ट्रेडिंग के दौरान 1005.45 रुपये तक पहुंच गए। शेयर की क्लोजिंग 5.02 प्रतिशत बढ़कर 989.45 रुपये पर हुई।

**कंपनी के ऑर्डर की डिटेल**- अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड ने कुल 1103 करोड़ की दो प्रमुख घरेलू निर्माण परियोजनाएं हासिल की हैं। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि उसे गुरुग्राम के सेक्टर 103 में अर्बन रिजॉर्ट परियोजना के लिए आवासीय टावरों के निर्माण को ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर व्हाइटलैंड कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड से 821 करोड़ का मिला है। इस परियोजना के 36 महीनों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है।

**बेंगलुरु में मिला ऑर्डर**- अहलूवालिया को नेस्लेड हेवन एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड, मैया एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ऑर्डर दिया गया है। यह ऑर्डर बेंगलुरु में द बीकन नामक एक ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट पर सिविल स्ट्रक्चर और आर्किटेक्चरल फिनिशिंग वर्क के लिए है। यह 282.56 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट है। इस परियोजना को 32 महीनों में पूरा किया जाएगा। कंपनी ने स्पष्ट किया कि दोनों कॉन्ट्रैक्ट घरेलू आवासीय विकास के लिए हैं और इनमें किसी भी संबंधित पक्ष के लेन-देन शामिल नहीं हैं।

## इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग के लिए काम करेगी सर्वोटेक ईवी इंफ्रा, एनपीसीएल के साथ डील

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंचार्ज ब्रांड के तहत परिचालन करने वाली सर्वोटेक ईवी इंफ्रा ने ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने के लिए एक बड़ी डील की है। इसके तहत नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एनपीसीएलमें पीएमएस और सस्टेनेबिलिटी के प्रमुख संकेत श्रीवास्तव और इंचार्ज के सीईओ प्रेम प्रकाश ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एनपीसीएल, आरपी-संजीव गोयनका समूह और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बीच एक ज्वाइंट वेंचर है।




**क्या होगा काम**- समझौते के तहत, दोनों संगठन आवासीय परिसरों, कार्यालय भवनों, कॉमर्शियल सेक्टर और अस्पतालों सहित स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशनों की पहचान, विकास के लिए ज्वाइंट वेंचर से काम करेंगे। एनपीसीएलसंभावित स्थलों का सुझाव देकर और बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के साथ समन्वय स्थापित करके इस प्रयास का समर्थन करेगा। पहले चरण में ग्रेटर नोएडा की दो रिहायशी सोसायटियों में ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जा चुके हैं। स्टेलर जीवन में इंचार्ज ने 7.4 किलोवाट और 10 किलोवाट के एसी चार्जर लगाए हैं।

### क्या कहा कंपनी के सीईओ ने

इंचार्ज के सीईओ प्रेम प्रकाश ने कहा- एनपीसीएलके साथ यह साझेदारी पूरे देश में एक स्मार्ट और स्केलेबल ईवी चार्जिंग नेटवर्क बनाने की दिशा में हमारी यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर है। यह भारत को सौर ऊर्जा से जोड़ने और इसके शहरों को स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने के सर्वोटेक के बड़े मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

# भारतीय कंपनियां इस साल करेंगी कई सौदे

### जेएसडब्ल्यू पेंट्स खरीदेगी नीदरलैंड की कंपनी, तो बजाज करेगी सबसे बड़ा सौदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कंपनियां इस साल बड़े सौदे करने की तैयारी में हैं। सज्जन जिंदल की जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने डच पेंट निर्माता अक्जो नोबेल इंडिया के अधिग्रहण के लिए 12,915 करोड़ का सौदा किया है। यह इस साल का तीसरा बड़ा सौदा है। इससे वह देश में पेंट उद्योग में चौथी बड़ी कंपनी बन जाएगी। जेएसडब्ल्यू अक्जो नोबेल इंडिया में 8,986 करोड़ रुपये में 74.76 प्रतिशत और खुले बाजार से 3,929.06 करोड़ रुपये में 25 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी।

इस सौदे से पहले जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन ने मई में 13,483 करोड़ रुपये में यस बैंक में 20 फीसदी हिस्सा खरीदने की घोषणा की थी।

एसबीआई सात अन्य बैंकों के साथ मिलकर यस बैंक में 20 प्रतिशत हिस्सा सुमितोमो मित्सुई को बेचेगा। सुमितोमो-यस बैंक सौदा भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में सबसे बड़ा सीमापार निवेश था। इस वर्ष सबसे बड़ा सौदा बजाज समूह का है। बजाज समूह ने बजाज आलियांज लाइफ व जनरल बीमा में आलियांज की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी को 24,180 करोड़ में मार्च में खरीदने की घोषणा की थी। ओएनजीसी-एनटीपीसी ग्रीन की अयाना रिन्यूएबल पावर को 19,500 करोड़ मूल्य पर खरीदने की योजना है।

### एनएसई पर सभी की नजर

निवेशकों की नजर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई के आईपीओ पर है। यह भारतीय आईपीओ की जननी है। हाल में सेबी चेयरमैन तुहिनकांत पांडे ने कहा था, एनएसई के आईपीओ में सेबी की ओर से अब कोई बाधा नहीं है। सूत्रों ने बताया, एनएसई ने को-लोकेशन और डार्क फाइबर मामले में 1,388 करोड़ में सेबी को सेटलमेंट का ऑफर दिया है। एनएसई का मूल्य 6 लाख करोड़ आंका गया है। इस आधार पर अगर यह 10 फीसदी भी हिस्सा बेचता है तो आईपीओ रिकॉर्ड 60,000 करोड़ का हो सकता है। संस्थागत और हाई नेटवर्थ के साथ खुदरा निवेशकों में शेयर की जबरदस्त मांग है। मई में इसका शेयर गैर सूचीबद्ध बाजार में 1,500 रुपये पर था जो अब 2,500 रुपये पर आ गया है।




### कोलंबो डॉकयार्ड में 444.52 करोड़ की हिस्सेदारी हासिल करेगी मझगांव डॉक

सार्वजनिक क्षेत्र की मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) श्रीलंका की कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी में 52.96 मिलियन डॉलर (444.52 करोड़ रुपये) के सौदे के तहत हिस्सेदारी हासिल करेगी। यह कदम श्रीलंका में भारत की रणनीतिक उपस्थिति बढ़ाने और एमडीएल को क्षेत्रीय समुद्री शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एमडीएल का यह पहला अंतरराष्ट्रीय उद्यम है। यह इसे एक घरेलू जहाज निर्माता से वैश्विक समुद्री उद्यमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। एमडीएल की ओर से एक बयान में कहा गया है कि कोलंबो बंदरगाह में स्थित कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी (सीडीपीएलसी) हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। यह एक महत्वपूर्ण समुद्री गलियारा है।

अधिकारियों के अनुसार, सीडीपीएलसी में नियंत्रण हिस्सेदारी हासिल करने से क्षेत्र में भारत का जहाज निर्माण और मरम्मत का परिदृश्य काफी हद तक बदल जाएगा। इससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मरम्मत, रिफिटिंग और नए जहाज निर्माण के निर्माण में नई गति मिलेगी। गौरतलब है कि कोलंबो डॉकयार्ड श्रीलंका का सबसे बड़ा जहाज निर्माण यार्ड है। यह कोलंबो स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है और श्रीलंका के समुद्री उद्योग का प्रमुख केंद्र है। यह एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में वाणिज्यिक और सरकारी ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है।



# विक्की कौशल ने लव एंड वॉर में आलिया-रणबीर के साथ काम करने का अनुभव किया साझा

फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म पर काम चल रहा है। दमदार सितारों से सजी फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। हाल ही में विक्की कौशल ने फिल्म में रणबीर-आलिया के साथ काम करने का अनुभव बताया। जानिए

## रणबीर और आलिया के साथ दूसरी बार काम कर रहे विक्की

विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ दूसरी बार स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। इससे पहले विक्की कौशल ने जहां आलिया के साथ राजी में काम किया। फिल्म संजू में वे रणबीर कपूर के साथ काम कर चुके हैं। विक्की कौशल ने आलिया और रणबीर के साथ काम करने का अनुभव शेयर करते हुए दोनों की जमकर तारीफ की। बातचीत में विक्की ने अपनी आगामी फिल्म, स्टारडम और निजी जिंदगी पर बात की।

## दोनों बहुत शानदार इंसान हैं

रणबीर और आलिया के बारे में बात करते हुए विक्की ने कहा, वे दोनों कमाल हैं। लेकिन इससे भी ज्यादा मुझे रणबीर और आलिया के बारे में जो बात पसंद है, वह यह है कि वे शानदार इंसान हैं। मैंने उनके साथ संजू और राजी में काम किया है और यह उन दोनों के साथ काम करने का दूसरा मौका है। यही बात इसे मजेदार और आसान बनाती है। विक्की ने लव एंड वॉर में संजय लीला भंसाली के साथ काम करने का अनुभव बताते हुए कहा, वे एक बच्चे की तरह हैं, जो हर चीज के बारे में जिज्ञासु हैं। जो अभिनेता, कंटेंट, कैमरा, सेट और हर चीज के साथ गहराई से जानना और बारीकी से एक्सप्लोर करना चाहता है, वह हमेशा ऐसा ही सोचते हैं कि मैं और क्या कर सकता हूं, और किन तरीकों से मैं इसे जादुई, नया, सिनेमैटिक बना सकता हूं। मेरे लिए उन्हें देखना, उनके साथ रहना एक सीखने वाला अनुभव है।

## कब रिलीज होगी फिल्म

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है फिल्म लव एंड वॉर एक लव स्टोरी फिल्म है। भंसाली इससे पहले रणबीर के साथ फिल्म सावरिया में काम कर चुके हैं। बात करें फिल्म लव एंड वॉर की रिलीज की तो यह साल 2026 में ईद पर दस्तक देगी।



# द फैमिली मैन 3 मे निमरत कौर की एंट्री

अभिनेता मनोज बाजपेयी की आगामी सीरीज द फैमिली मैन के अगले सीजन का पहला लुक बीते दिनों जारी हुआ। आज शुक्रवार को इसका एनाउंसमेंट वीडियो जारी हुआ है। मनोज बाजपेयी रिलेशनशिप काउंसलर बने नजर आए हैं। उनके अलावा निमरत कौर और जयदीप अहलावत की झलक भी वीडियो में है।

## कब आएगी सीरीज?

आज शुक्रवार 27 जून को प्राइम वीडियो के यूट्यूब चैनल से एनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया है। लोकप्रिय सीरीज का यह तीसरा सीजन है। इसका पहला सीजन 2019 और दूसरा, 2021 में आया था और दर्शकों के बीच खूब लोकप्रिय रहा। इस बार कास्ट में जयदीप अहलावत और निमरत कौर की एंट्री हुई है। सीरीज का तीसरा सीजन इसी साल रिलीज होगा। हालांकि, डेट का खुलासा अभी नहीं हुआ है।

## जयदीप की एंट्री से उत्साहित दर्शक

इस सीरीज को राज और डीके की जोड़ी ने अपने बैनर के तहत बनाया है। मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी के रोल में वापसी कर रहे हैं। एक तरफ वे अंडरकवर जासूस की जिम्मेदारियां निभाते हैं, दूसरी तरफ एक मिडिल क्लास फैमिली में पिता और पति का फर्ज पूरा करते हैं। सीरीज का नया सीजन राज-डीके और सुमन कुमार ने मिलकर लिखा है, जबकि डायलॉग्स सुमित अरोड़ा ने दिए हैं। तीसरे पार्ट के एलान पर नेटिजन्स खुश हैं। जयदीप अहलावत की एंट्री ने सीरीज के प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है।

## दो दुश्मनों से होगी श्रीकांत तिवारी की टक्कर

सीरीज का निर्देशन राज और डीके कर रहे हैं। इस बार उनके साथ सुमन कुमार और तुषार सेठ भी डायरेक्शन में जुड़े हैं। इस बार श्रीकांत तिवारी का टकराव दो दुश्मनों- जयदीप अहलावत और निमरत कौर से होगा। पहले के मुख्य किरदार भी सीरीज का हिस्सा हैं, जैसे प्रियामणि (सुचित्रा तिवारी), शारिब हाशमी (जेके तलपड़े), अलेशा ठाकुर (धृति तिवारी) और वेदांत सिन्हा (अथर्व तिवारी) आदि।



# बॉर्डर 2 से दिलजीत दोसांझ को बाहर करने का मेकर्स ने लिया फैसला

भारतीय दर्शकों के दिलों में बसने वाले पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ की फिल्म सरदार जी 3 में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर की मौजूदगी ने बड़ा बवाल खड़ा कर दिया है। हाल ही में कश्मीर में आतंकी हमले और फिर भारत की ओर से किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय पाकिस्तान को किसी तरह से बख्शने के मूड में नहीं हैं। एक यही गलती दिलजीत पर लगातार भारी पड़ती दिख रही है। खबर है कि बॉर्डर 2 मेकर्स ने दिलजीत दोसांझ की जगह बैड न्यूज़ एक्टर और सिंगर एमी विर्क को फाइनल करने का मन बना रहे हैं। खबर है कि ये फैसला विकास फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज द्वारा प्रड्यूसर्स से दिलजीत को फिल्म से हटाने की पब्लिकली अपील के बाद लिया गया है।



# एफआईआर होने के बाद अभिनेत्री पूजा बनर्जी ने तोड़ी चुप्पी

टीवी की जानी-मानी जोड़ी पूजा बनर्जी और कुणाल वर्मा इन दिनों एक संगीन विवाद में फंसे हुए हैं। हाल ही में फिल्म निर्माता श्याम सुंदर डे ने इन दोनों पर अपहरण, शारीरिक हमले और पैसे वसूलने का आरोप लगाया है। इस मामले में निर्माता की पत्नी मालविका डे ने एफआईआर भी दर्ज करवाई है। वहीं अब पूजा बनर्जी ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने इस घटना को अपने जीवन का सबसे मुश्किल दौर बताया है। दरअसल, पूजा और कुणाल कुछ दिनों पहले खुद को एक आर्थिक धोखाधड़ी का शिकार बता चुके हैं। उन्होंने दावा किया था कि उनकी मेहनत की कमाई किसी करीबी ने हड़प ली। लेकिन इसी बीच एक नया मोड़ तब आया जब प्रोड्यूसर श्याम सुंदर डे ने उन पर गंभीर आरोप लगाए।

प्रोड्यूसर ने लगाए गंभीर आरोप

श्याम के मुताबिक, वो गोवा में एक काम के सिलसिले में रुके थे, तभी एक काली जगुआर कार ने उनका रास्ता रोका और दो लोगों ने उन्हें जबरदस्ती कार से उतरने को कहा। उन्होंने जब पूजा को देखा, तो उन्हें लगा कि कोई गलतफहमी हुई है और वो उनके साथ चले गए। लेकिन बाद में उन्हें एक विला में बंद कर दिया गया। श्याम का दावा है कि विला में उन्हें चार दिन तक बंधक बनाकर रखा गया और इस दौरान कुणाल ने उन्हें पीटा भी। उन्होंने ये भी कहा कि पूजा ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। श्याम का कहना है कि भले ही उनके और पूजा-कुणाल के बीच कुछ व्यवसायिक लेनदेन रहा हो, लेकिन ऐसा बर्ताव किसी भी सूरत में जायज नहीं ठहराया जा सकता।





# ऑस्कर अकादमी में शामिल होंगे कमल हासन और आयुष्मान खुराना



भारतीय सिनेमा के लिए ये हफ्ता गौरव से भरा रहा है। दिग्गज अभिनेता कमल हासन और अपने दमदार अभिनय से हर किसी का दिल जीतने वाले आयुष्मान खुराना को हॉलीवुड की सबसे प्रतिष्ठित संस्था 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' यानी ऑस्कर अकादमी की सदस्यता के लिए आमंत्रित किया गया है। ये मौका न सिर्फ दोनों कलाकारों के लिए सम्मानजनक है, बल्कि भारतीय फिल्म जगत के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## अकादमी अवॉर्ड्स के लिए आया न्योता

इस साल अकादमी ने कुल 534 नए सदस्यों को आमंत्रण भेजा है, जिसमें भारत से कई नामों ने जगह बनाई है। कमल हासन और आयुष्मान खुराना के साथ-साथ कास्टिंग डायरेक्टर करण माली, सिनेमैटोग्राफर रणवीर दास, कॉस्ट्यूम डिजाइनर मैक्सिमा बसु, डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर स्मृति मुंदड़ा और फिल्ममेकर पायल कपाड़िया को भी सदस्य बनने के लिए न्योता मिला है।

## कमल हासन, आयुष्मान को न्योता

कमल हासन को दक्षिण भारतीय सिनेमा में उनकी बहुपक्षीय प्रतिभा और चार दशकों के सिनेमाई योगदान के लिए जाना जाता है। वहीं आयुष्मान खुराना ने बॉलीवुड में अपने हटके रोल्स और सामाजिक मुद्दों को छूने वाली फिल्मों से एक खास पहचान बनाई है। दोनों कलाकारों का चयन वैश्विक मंच पर भारतीय प्रतिभा की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। इस लिस्ट में सिर्फ भारतीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कलाकारों को भी जगह मिली है। जैसे कि हॉलीवुड स्टार्स डेव बॉतिस्ता, जेसन मोमोआ, गिलियन एंडरसन, एंड्रयू स्कॉट, ऑब्रे प्लाजा और 'सक्सेशन' फेम कियरन कल्किन जैसे नाम भी शामिल हैं।

## कैसे मिलती है अकादमी की सदस्यता?

अकादमी की सदस्यता कोई आवेदन प्रक्रिया से नहीं बल्कि मौजूदा सदस्यों की सिफारिश और इंडस्ट्री में व्यक्ति के योगदान के आधार पर दी जाती है। इस बार विशेष ध्यान विविधता और समावेश पर दिया गया है। नए आमंत्रित सदस्यों में 41त्न महिलाएं हैं और 45त्न ऐसे समुदायों से आते हैं जिन्हें वैश्विक मंच पर अब तक कम प्रतिनिधित्व मिला है। अगर ये सभी आमंत्रित सदस्य अकादमी की सदस्यता स्वीकार कर लेते हैं तो 2025 तक अकादमी के कुल सदस्यों की संख्या 11,120 हो जाएगी, जिनमें से 10,143 सदस्य वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे।

## कब होंगे ऑस्कर अकादमी अवॉर्ड?

अगले ऑस्कर अवॉर्ड समारोह की तारीख भी तय हो चुकी है। यह भव्य आयोजन 15 मार्च 2026 को आयोजित होगा, जिसमें मेजबानी की जिम्मेदारी मशहूर होस्ट कॉनन ओब्रायन निभाएंगे। नामांकन के लिए वोटिंग 12 से 16 जनवरी 2026 तक होगी और नामों की आधिकारिक घोषणा 22 जनवरी को की जाएगी।



# शादी का रिश्ता जिद से ही चलता है

## जिस दिन हार मान ली उस दिन टूट जाएगा

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में अपनी अदाकारी का झंडा गाड़ने वाले मिर्जापुर के रंगबाज गुड्डू भैया यानी एक्टर अली फजल अब मेट्रो... इन दिनों में मोहब्बत की दास्तान सुनाने आ रहे हैं। ऐसे में उन्होंने खास मुलाकात में प्यार, शादी, सिनेमा जैसे कई पहलुओं पर बात की -

**आपकी फिल्म प्यार के विविध रंगों में रंगी है। आजकल प्यार के रिश्ते बड़े नाजुक हो गए हैं। बेंचिंग, घोस्टिंग और सिचुएशनशिप होने लगी है। क्या सोचते हैं इस बारे में?**

अली फजल बोले- ये बेंचिंग, घोस्टिंग तो लेबल ही हैं ना। लेबल पहले भी थे, आज भी हैं। बस अब नए-नए शब्द आ गए हैं, मगर हां, रिश्ते बिल्कुल नाजुक हुए हैं। देखो, पहले लोग रिश्तों की खातिर कुछ समझौते करते थे, कुछ कुर्बानियां देते थे तो रिश्ते चल जाते थे। आज सब्र थोड़ा कम हो गया है, जिसकी एक बड़ी वजह मोबाइल है। आज फोन पर हम तीन सेकंड में किसी चीज की ओर आकर्षित नहीं हुए तो तुरंत आगे बढ़ जाते हैं। इससे हमारा मनोविज्ञान बदल गया है और हमारे अंदर धैर्य कम हो गया है।

**आज के दौर में आपके और ऋचा चड्ढा के रिश्ते की लोग मिसाल देते हैं। इस रिश्ते ने आपको किस तरह बदला है? एक सफल शादी की नींव क्या मानते हैं?**

मुझे लगता है कि इस रिश्ते ने मेरा नसीब बदला है। मैं बहुत ही खुशनसीब हूं कि हम दोनों (अली फजल और ऋचा चड्ढा) साथ हैं। हम हर स्तर पर साथी हैं। हालांकि, इस पर ज्यादा बात करना मुझे अजीब लगता है। अब मैं पिता भी हूं, तो मुझे काम खत्म करके ऋचा के पास ही भागना रहता है। हमने साथ में एक प्रोडक्शन भी शुरू किया है तो उसमें भी 10 चीजें होती रहती हैं। मेरा मानना है कि प्यार के रिश्ते को निभाना एक जिद है और जब तक वो जिद है, तब तक रिश्ते हैं। मुझे सच में लगता है कि रिश्ते जिद से ही चलते है। जिस दिन आप हार मान लो, जोकि बहुत आसान चीज है, उस दिन वो रिश्ता टूट जाता है।

**आपने हिंदी फिल्मों से लेकर ओटीटी और हॉलीवुड तक में काम किया है। इन अलग-अलग जगहों पर काम करते वक्त बतौर एक्टर खुद में भी कुछ बदलाव करना पड़ता है?**

मेरी शिद्दत में कोई बदलाव नहीं आता है। कम से कम मैं कोशिश करता हूं कि उसी शिद्दत से हर जगह काम करूं, लेकिन हां, अलग-अलग माध्यमों की जरूरतें अलग-अलग होती हैं। मसलन, जब हम वेब सीरीज करते हैं, जैसे मिर्जापुर तो उसमें बहुत धैर्य चाहिए होता है। वो बहुत मुश्किल होता है, कई बार मैं नहीं कर पाता हूं। इसलिए, मिर्जापुर के बाद अब जाकर मैं दोबारा लॉन्ग फॉर्म में कुछ कर रहा हूं। वहीं, हॉलीवुड का तरीका अलग है, क्योंकि उनका बजट अलग है। खुशनसीबी से मैं स्टूडियो फिल्मों का हिस्सा रहा हूं, जो बहुत ज्यादा बड़े बजट की होती हैं।

**अब आप निर्माता भी बन चुके हैं। पिछले कुछ समय से थिएटर्स और दर्शकों के बीच जो दूरी देखने को मिली है, उसकी क्या वजह मानते हैं?**

देखिए, हम जिस तरह कॉन्टेंट बना रहे हैं और जैसे उसे बेच रहे हैं, अगर उसमें तालमेल बैठ जाता है तो लोग देखने आएंगे। कई बार कॉन्टेंट खराब होता है और आप बेचते अच्छा है, तो लोग आते हैं और निराश होकर जाते हैं। कई बार आप अच्छा कॉन्टेंट बेच नहीं पाते हैं, लेकिन यह बहुत जरूरी है कि लोग थिएटर में आएं। अब वो जमाना गया कि अपना-अपना देखो, अभी बहुत जरूरी है कि हम एक-दूसरे की फिल्मों को सपोर्ट करें और ऑडियंस को अन्दर लाएं। अभी जैसे, आमिर खान सर की फिल्म सितारे जमीं पर इतना अच्छा कर रही है। मैं तो चाहता हूं कि अगली कई और फिल्में चलें, ताकि थिएटर और दर्शकों का रिश्ता फिर मजबूत हो। वो कनेक्ट टूट गया है, पर इसके लिए हमें वैसा कॉन्टेंट देना होगा।

**3 इडियट्स और फुकरे के बाद मेट्रो... इन दिनों में भी आप गिटार लिए दिख रहे हैं। गिटार आपका पीछा नहीं छोड़ रहा, कैसा अनुभव रहा इस फिल्म का?**

अरे यार, मैं फंस जाता हूं गिटार के साथ और फिर मेरे दोस्त जो वाकई गिटार बजाते हैं, वो गालियां देते हैं कि तुम्हें ऐसे रोल मिल जाते हैं, तुम कुछ भी टुनटुना देते हो और हमें देखना पड़ता है (हंसते हैं)। इसके चक्कर में मैंने थोड़ा-बहुत गिटार बजाना सीख भी लिया है, पर प्रैक्टिस का समय नहीं मिल पाता, तो कलाकारों वाली बात नहीं आ पाती, इसलिए एक्टिंग अच्छी करनी पड़ती है। बाकी, मेट्रो... इन दिनों का अनुभव बढ़िया था। शुरू में हवा थोड़ी टाइट हो गई थी, क्योंकि दादा (डायरेक्टर अनुराग बसु) ने कहानी बता दी थी। फिर बाद में कहा कि एक गाना भी तुम्हें गाना है। यह भी करना है, वो भी करना है, पर स्क्रिप्ट नहीं मिली थी और शूटिंग का पहला दिन आ गया था। मगर दादा अपने काम के माहिर हैं। वह बहुत बढ़िया डायरेक्टर हैं, तो मुझे बहुत अच्छा लगा।

### एमएलसी 2025

## सिएटल ओर्कास की अंतिम गेंद पर रोमांचक जीत, आखिरकार खुला जीत का खाता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिएटल ओर्कास ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 18वें मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने एमआई न्यूयॉर्क को तीन विकेट से हराया। यह सिएटल ओर्कास की सीजन में पहली जीत रही। इससे पहले उसे लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा था। टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे अंतिम पायदान पर है। वहीं, दूसरी ओर एमआई न्यूयॉर्क ने पांचवीं हार का सामना किया है। टीम छह में से सिर्फ एक ही मैच जीतकर चौथे स्थान पर है।मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने चार विकेट गंवाकर 237 रन बनाए। टीम ने जल्द क्विंटन डी कॉक (1) का विकेट गंवा दिया। यहां से कप्तान निकोलस पूरन ने मोनांक पटेल (20) के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। इसके बाद पूरन ने तजिंदर ढिल्लन के साथ तीसरे विकेट के लिए 158 रन जोड़े। इस साझेदारी ने टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। तजिंदर 35 गेंदों में 95 रन की तूफानी पारी खेलकर आउट हुए। इस दौरान उन्होंने आठ छक्के और इतने ही चौके जड़े। वहीं, निकोलस पूरन 60 गेंदों में आठ छक्कों और सात चौकों की मदद से 108 रन बनाकर नाबाद रहे।विपक्षी टीम की ओर से काइल मेयर्स और गेराल्ड कोएत्जी को दो-दो सफलता हाथ लगी।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से पीटा, सीरीज जीती



**कोलंबो, एजेंसी।** प्रभात जयसूर्या ने श्रीलंका को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश पर पारी और 78 रनों से जीत दिलाई। उन्होंने चौथे दिन शनिवार को आधे घंटे के भीतर मैच समाप्त कर दिया और 1-0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया। बाएं हाथ के स्पिनर को टर्निंग ट्रैक पर खेलना मुश्किल था, उन्होंने दूसरी पारी में 56 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर ढेर हो गई। सुबह 6 विकेट पर 115 रन से आगे खेलने उतरी बांग्लादेश को मुकाबले को आगे बढ़ाने के लिए चमत्कार की जरूरत थी। जयसूर्या ने सुनिश्चित किया कि कोई राहत न मिले, उन्होंने दिन के अपने पहले ओवर में लिटन दास को 14 रन पर आउट कर दिया। उन्होंने बल्लेबाजों के इर्द-गिर्द अपना जाल बुनना जारी रखा और लगातार ओवरों में नईम हसन और तैजुल इस्लाम को आउट किया। थारिंदू रत्नायके ने इबादत हुसैन को एलबीडब्लू आउट करके बांग्लादेश की उम्मीदों का अंत किया। यह जीत मेजबान टीम के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत मिली। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन शादमान इस्लाम के 46 रनों के बावजूद वे अपनी पहली पारी में केवल 247 रन ही बना सके।

# 120 रन ठोक ट्रेविस हेड ने कर दिया कमाल

### ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को उसी के घर पर रौंदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में जीत के साथ शुरुआत की है. उसने बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को उसी के घर में 159 रनों से रौंद दिया. इस जीत के हीरो ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड रहे, जिन्होंने दोनों पारियों में शानदार अर्धशतक लगाकर मेजबान टीम के जबड़े से जीत को छीन लिया. उन्होंने इस मैच में कुल 120 रन बनाए, जिसकी वजह से ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है. वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने इस मैच में कुल 9 विकेट चटकाए, लेकिन वो अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके. दूसरा टेस्ट मैच 3 जुलाई से सेंट जार्ज में खेला जाएगा. ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड एक बार फिर टीम के लिए संकटमोचक साबित हुए. उन्होंने दोनों पारियों में अर्धशतक ठोककर टीम को शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई. पहली पारी में उन्होंने 59 रनों की पारी खेली, जबकि दूसरी पारी में वो 61 रन बनाए. इसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को उसी के घर में हराकर डब्ल्यूटीसी 2025-27 में पहली जीत दर्ज की. प्लेयर ऑफ द मैच ट्रेविस हेड के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने 65 और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर ने शानदार 63 रनों की पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के स्कोर को 300 के पार पहुंचा दिया. इसके बाद तो वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने घुटने ही टेक दिए.
पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को केवल 180 रनों पर रोकने के बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाज पहली पारी में बड़ी बढ़त लेने से चूक गए और केवल 190 रन ही बना पाए. दूसरी पारी में भी ऑस्ट्रेलिया ने काफी खराब शुरुआत की थी. उसके 4 विकेट केवल 65 रन पर ही गिर गए थे, लेकिन इसके बाद ट्रेविस हेड, एलेक्स कैरी और ब्यू वेबस्टर की शानदार अर्धशतकीय पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 310 रन ठोक दिए. ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 301 रनों का लक्ष्य दिया, लेकिन वेस्टइंडीज की दूसरी पारी केवल 141 रनों पर ही सिमट गई. दूसरी पारी में शमार जोसेफ ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए. ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड ने पांच विकेट हासिल किए.

## नंबर-एक भारतीय बनने पर गौतम अदाणी ने प्रज्ञानंद को दी बधाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद शुक्रवार को ताशकंद में उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस जीत से प्रज्ञानंद की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की। अदणी समूह के चेयरमैन और बिजनेस टाइकून गौतम अदाणी ने शनिवार को ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानंद की सराहना की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया, बधाई हो प्रज्ञानंद! आप पर गर्व है! उजचेस कप जीतना, भारत का नंबर एक और दुनिया के चौथे नंबर का खिलाड़ी बनना क्या उपलब्धि है!

## नीरज चोपड़ा एनसी क्लासिक देखने के इच्छुक फैन की इच्छा पूरी करेंगे, यात्रा का पूरा खर्च उठाएंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक प्रशंसक ने बुधवार को पहला एनसी क्लासिक टूर्नामेंट देखने की इच्छा जताते हुए सोशल मीडिया पर 2000 रूपये देने का अनुरोध किया और जवाब में भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने खुद उनकी बेंगलुरू यात्रा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने प्रशंसक को पूरा वीवीआईपी अनुभव देने का वादा किया जिसमें पांच जुलाई को होने वाली स्पर्धा के लिए बेंगलुरू में रहने का बंदोबस्त भी शामिल है। तमिलनाडु के कोयंबटूर के भालाफेंक प्रशंसक रंजीत कुमार रविचंद्रन ने सोशल मीडिया पर ट्वीट करके कहा था कि वह भारत में नीरज चोपड़ा के नाम पर होने वाला यह टूर्नामेंट देखना चाहते हैं। उन्होंने लिखा था, 'कोई मुझे 2000 रुपए दे सकता है ताकि मैं कोयंबटूर से जाकर यह देख सकूं।

# ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा की सरे टीम में एंट्री

### टी-20 ब्लास्ट में दिखाएंगे हुनर



**सरे, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा ने चार टी20 ब्लास्ट मैच खेलने के लिए सरे के साथ अनुबंध किया है। वह 6 जुलाई को द ओवल में एसेक्स के खिलाफ सरे के डबल-हेडर मैच से पहले पहुंचेंगे। 33 वर्षीय जम्पा टी20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 117 विकेट लिए हैं। वह 100 टी20आई विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई थे और 2021 में टी20 विश्व कप और 2023 में 50 ओवर का विश्व कप जीतने वाली टीमों का हिस्सा थे। लेग स्पिनर जम्पा ने अपने करियर में 350 से अधिक टी20 विकेट लिए हैं जिसने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग, बिग बैश और द हंड्रेड सहित दुनिया भर की सभी सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी लीगों में ले जाया है, जहां उन्होंने 2023 और 2024 में ओवल इनविंसिबल्स को लगातार खिताब दिलाने में मदद की। सैम कुरेन की सरे प्रतियोगिता में शानदार फॉर्म में है, उसने केंट के खिलाफ आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल की, जिसमें क्रिस जॉर्डन ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर जीत सुनिश्चित की। इसके बाद ससेक्स और मिडलसेक्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर व्यापक जीत हासिल की।

जम्पा का पहला मैच 6 जुलाई को एसेक्स के खिलाफ डबल-हेडर होगा, इसके बाद ग्लॉस्टरशायर से भिड़ने के लिए ब्रिस्टल की यात्रा होगी। वह 11 जुलाई को ओवल में सरे के ग्लैमरगन से भिड़ने से पहले लाइट्स के नीचे फिर से एक्शन में होंगे, उसके बाद 13 जुलाई को ग्रुप लीडर समरसेट के खिलाफ एक और डबल-हेडर में थ्री फेदर्स में अपने शुरुआती स्पेल को समाप्त करेंगे। यदि सरे प्रतियोगिता के नॉकआउट चरणों में पहुंचता है, तो जम्पा क्वार्टर फाइनल और फाइनल डे के लिए उपलब्ध होंगे।

--------------

# निकोलस पूरन का कमाल, इतने गेंदों में ठोक दिया शतक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेजर लीग क्रिकेट 2025 में वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज निकोलस पूरन ने तूफानी शतक ठोक दिया. उन्होंने एमआई न्यूयार्क की ओर से कप्तानी पारी खेलते हुए सिएटल ओर्कास के खिलाफ 55 गेंदों में 8 छक्के और 6 चौकों की मदद से शानदार शतक बनाया. इस लीग में ये उनका दूसरा शतक है. इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलने वाले इस बल्लेबाज ने सिएटल ओर्कास के गेंदबाजों की खूब धुनाई की. उन्होंने करीब 184 की स्ट्राइक रेट से अपना शतक पूरा किया. पूरन ने इस मैच में 60 गेंदों में 7 चौकों और 8 छक्कों की मदद से नाबाद 108 रनों की पारी खेली. उनकी इस पारी की मदद से एमआई न्यूयार्क ने सिएटल ओर्कास के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट पर 237 रन बनाए. एमएलसी 2025 में एमआई न्यूयार्क के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन का बल्ला अभी तक खामोश ही जा रहा था. उन्होंने पिछले 5 मैचों में केवल 66 रन ही बना पाए थे, लेकिन छठे मैच में वो कुछ सोचकर डलास के मैदान में उतरे थे. उन्होंने सिएटल ओर्कास के खिलाफ मैदान के चारों ओर शॉट लगाए. उन्होंने अपनी शतकीय पारी के दौरान 76 रन केवल बाउंड्री से बटोरे. इस दौरान उन्होंने किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा.

पूरन ने तजिंदर सिंह के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 68 गेंदों में 158 रनों की साझेदारी कर दी. ये एमएलसी में अब तक की सबसे बड़ी पार्टनरशिप है. तजिंदर सिंह ने केवल 35 गेंदों में 8 चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 95 रन बनाए. हालांकि वो अपना शतक बनाने से चूक गए, लेकिन उन्होंने अपनी टीम एमआई न्यूयार्क का स्कोर 200 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. निकोलस पूरन अंत तक नाबाद रहे.

### एमएलसी में ठोका दूसरा शतक

निकोलस पूरन ने एमएलसी में अपना दूसरा शतक बनाया है. उन्होंने सिएटल ओर्कास के खिलाफ 60 गेंदों में नाबाद 108 रनों की पारी खेली. इससे पहले उन्होंने साल 2023 में नाबाद 137 रनों की पारी खेली थी. इस सीजन में पूरन ने 6 मैचों में 34.80 की औसत से 174 रन बनाए. इसमें एक शतक शामिल है. इसके अलावा उन्होंने एमएलसी में अब तक 21 मैच खेले हैं. इसमें पूरन ने 43.64 की औसत से 742 रन बनाए हैं. इसमें 2 शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं.

# तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी का शानदार प्रदर्शन, सेमीफाइनल में जगह पक्की



### यूएस ओपन बैडमिंटन

**काउंसिल ब्लफ्स (अमेरिका), एजेंसी ।** उभरते भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इन युवा शटलर ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। 16 वर्षीय तन्वी ने सीधे गेम में उच्च रैंकिंग वाली मलेशियाई खिलाड़ी करुपथेवन लेत्शाना के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। तन्वी ने 33 मिनट तक चले इस मुकाबले को 21-13, 21-16 से अपने नाम किया। वहीं, दूसरी ओर आयुष ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर विश्व चैंपियन चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल में तन्वी का सामना यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन को हराकर उलटफेर किया है। यह तन्वी का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 इवेंट में पहला सेमीफाइनल है।

इस बीच, आयुष शीर्ष वरीयता प्राप्त चोउ टिएन-चेन से भिड़ने के लिए तैयार हैं। चोउ टिएन-चेन एक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी हैं, जिसने उन्हें ताइपे ओपन में हराया था। आगे की कड़ी चुनौती के बावजूद, आयुष 2025 के एक मजबूत अभियान से हौसला बढ़ा सकते हैं, जिसमें ऑरलियन्स मास्टर्स और ताइपे ओपन दोनों में सेमीफाइनल फिनिश शामिल है। इससे पहले, तन्वी ने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की पिचामोन ओपटनीपुथ को सीधे गेमों में 21-18, 21-16 से हराया था। पिचामोन ओपटनीपुथ दुनिया की 58वें नंबर की खिलाड़ी हैं, जिन्होंने साल 2023 की जूनियर विश्व चैंपियनशिप अपने नाम की थी। दूसरी ओर, आयुष ने पुरुष एकल राउंड ऑफ-16 में हमवतन थारुन मन्नेपल्ली पर 21-12, 13-21, 21-15 से कड़ी टक्कर दर्ज की। थारुन मन्नेपल्ली दुनिया के 54वें नंबर के खिलाड़ी हैं।

हालांकि, पुरुष युगल में भारत को झटका लगा है। हरिहरन अम्सकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति को शुक्रवार को मिड-अमेरिका सेंटर में क्वार्टर फाइनल मैच में चीनी ताइपे के चियांग चिएन और वेई वू ह्सुआन-यी ने 21-9, 21-19 से हरा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी की 3 घंटे चली बैठक में 102 प्रस्ताव पेश, 25 पर लगी मुहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्टैंडिंग कमेटी की ढाई साल बाद शुक्रवार को हुई पहली बैठक में 102 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। तीन घंटे चली बैठक में सिर्फ 25 प्रस्तावों को ही पास किया गया। इनमें से अधिकतर निगम के प्रशासनिक कामकाज से जुड़े प्रस्ताव शामिल रहे। स्टैंडिंग कमेटी की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में निगम आयुक्त अश्वनी कुमार ने नालों की साफ सफाई को लेकर निगम के कामकाज का ब्योरा दिया। निगम आयुक्त ने कहा कि जलभराव और नालों से गाद की समस्या दोनों अलग-अलग हैं। हम कोई भगवान नहीं है कि हमारा इंद्र पर नियंत्रण है कि बारिश नहीं होगी या बारिश कम होगी या बारिश तीव्रता वाली नहीं होगी। यहां निचले निकाले हैं वहां जलभराव होगा लेकिन पिछले साल की तुलना में हमारी अपेक्षा है कि हम बेहतर काम करेंगे और हमारी यह पूरी कोशिश रहेगी। विभागों के प्रमुख और जोन के उपायुक्त रहे अनुपस्थित ̄ स्थायी समिति की बैठक में सभी विभागों के प्रमुख और सभी 12 जोन के उपायुक्त अनुपस्थित रहे।

### दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में रोडरेज में 19 वर्षीय लड़के को चाकुओं से गोदकर मारा, 3 लोग गिरफ्तार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के शाहदरा जिले में गीता कॉलोनी के रानी गार्डन इलाके में शुक्रवार रात एक 19 वर्षीय युवक की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान यश के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने शनिवार को इस हत्याकांड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार रात गीता कॉलोनी इलाके में कथित तौर पर रोडरेज के दौरान 19 साल के एक लड़के यश की हत्या कर दी गई। पुलिस की शुरुआती जांच में हत्या के सिलसिले में दो संदिग्धों, अमान और रेहान के नाम सामने आए थे। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया, 19 साल के लड़के यश की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान अमान, रिहान और लकी के रूप में हुई है। 27 जून को रात करीब 9ः41 बजे लक्ष्मी नगर अस्पताल से सूचना मिली कि लगभग 20 साल के एक लड़के को पीठ के निचले हिस्से में चाकू लगने के बाद मृत अवस्था में लाया गया है। बताया गया है कि आरोपियों ने मिलकर यश की पीठ के निचले हिस्से में चाकू घोंप दिया था।

### कार में आगे बैठने को लेकर हुआ झगड़ा, बेटे ने की रिटायर्ड एसआई पिता की गोली मारकर हत्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में एक बेहद हैरान और परेशान करने वाला मामले सामने आया है। यहां एक 26 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर कार में आगे की सीट पर बैठने को लेकर हुए झगड़े में अपने बुजुर्ग पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक सीआईएसएफ के रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर थे। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि परिवार ने उत्तराखंड स्थित अपने पैतृक गांव जाने के लिए कार किराये पर ली थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हत्या के आरोपी बेटे की पहचान दीपक के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया और अपराध में इस्तेमाल हुई बंदूक और 11 कारतूस बरामद किए गए हैं।

# दिल्ली के लिए अभी कोई नई शराब नीति नहीं

## मौजूदा पॉलिसी मार्च 2026 तक रहेगी जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में शराब बिक्री के लिए मौजूदा आबकारी नीति को आगामी 1 जुलाई से 31 मार्च-2026 तक जारी रखने की शुक्रवार को मंजूरी दे दी। आबकारी उपायुक्त तनवीर अहमद की ओर से आज जारी आदेश के मुताबिक पिछले वर्षों के आधार पर ही इस बार भी लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाएगा।

आदेश में कहा गया है कि आवेदन दाखिल करने की अवधि के आधार पर नवीनीकरण शुल्क तय किया जाएगा। 30 दिनों के भीतर आवेदन दाखिल किए जाने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा, जबकि 60 दिनों की देरी होने पर 25 प्रतिशत और 60 दिनों से अधिक की देरी होने पर 100 फीसदी अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपनी आबकारी नीति (शराब नीति) को आगे बढ़ा दिया है। हालांकि, राजधानी में शराब व्यापार को विनियमित करने के लिए एक नई व्यवस्था लाने पर काम चल रहा है।

दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग द्वारा गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि लाइसेंसिंग वर्ष 2022-23 (जिसे 2023-24 और 2024-25 में जारी रखा गया था) से लागू आबकारी शुल्क आधारित व्यवस्था को आबकारी वर्ष 2025-26 के लिए जारी रखने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा मंजूरी दे दी गई है।

आदेश में कहा गया है कि मौजूदा नीति को 1 जुलाई से 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाया जाएगा। मौजूदा नीति की शर्तों और आनुपातिक लाइसेंस फीस के भुगतान के आधार पर थोक लाइसेंस दिए जाएंगे।

आदेश में कहा गया है, इसके अलावा, हर साल रिन्यू होने वाले सभी लाइसेंसों की शर्तें आबकारी वर्ष 2025-26 के लिए भी जारी रहेंगी।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में अधिकारियों को 30 जून तक नई आबकारी नीति का मसौदा प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक नई नीति लाना है जो पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण शराब की आपूर्ति सुनिश्चित करे और इसके लिए राजस्व उत्पन्न करे।

मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता वाली एक हाई लेवल कमेटी अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन करके नई नीति का मसौदा तैयार कर रही है।

### यमुना सफाई के लिए दिल्ली सरकार ने तैयार किया 45 सूत्रीय एक्शन प्लान

नईदिल्ली, एजेंसी। भाजपा सरकार ने यमुना सफाई के अपने चुनावी वादे को पूरा करने के लिए 45 सूत्रीय व्यापक कार्ययोजना (एक्शन प्लान) लॉन्च कर दिया है, जिसका मकसद अगले दो सालों में यमुना नदी की सफाई करते हुए उसका कायाकल्प करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा स्वीकृति प्राप्त इस योजना को मुख्य रूप से दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति, दिल्ली नगर निगम, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा पूरा किया जाएगा। इस दौरान ये सभी एजेंसियों एक-दूसरे के साथ भागीदारी से काम करते हुए सीवरेज ट्रीटमेंट और नदी में बहने वाले नालों को रोकने जैसी चुनौतियों से निपटेंगी। इस बारे में जानकारी देते हुए शुक्रवार को अधिकारियों ने बताया कि यमुना की सफाई और कायाकल्प के लिए चल रही परियोजनाओं, नई योजनाओं और अन्य प्रोजेक्ट को 10 वर्किंग हेड्स के अंतर्गत विशिष्ट समयसीमाओं में एक साथ रखा गया है। इस महत्वाकांक्षी कार्ययोजना को इस महीने की शुरुआत में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में डीजेबी की बैठक में मंजूरी दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में मुख्य रूप से सीवेज प्रबंधन, नाला ट्रैपिंग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वर्षा जल प्रबंधन और यमुना नदी में प्रवाह को जोड़ने के लिए बनाई जाने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, यमुना में हो रहे कुल प्रदूषण में दिल्ली का योगदान 76 प्रतिशत है, जबकि नदी की कुल लंबाई में से इसका मात्र दो प्रतिशत हिस्सा ही शहर से होकर बहता है। दिल्ली में यमुना का अधिकतम 52 किलोमीटर हिस्सा बहता है, जिसमें से वजीराबाद से ओखला तक का 22 किलोमीटर का महत्वपूर्ण हिस्सा अत्यधिक प्रदूषित है और यही विभिन्न योजनाओं और नीतिगत कोशिशों का केन्द्र बिन्दु बन गया है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार यमुना नदी और नजफ़गढ़ नाले पर फ्लोटिंग स्कीमर लगाएगा। इन उपकरणों का उपयोग पानी के किसी हिस्से में तैरते मलबे को इकट्ठा करने के लिए किया जाता है। नदी में गिरने वाले प्रत्येक प्रमुख नाले पर फ्लोटिंग पोंटून इस महीने के अंत तक लगा दिए जाएंगे। एमसीडी को नालों और उप-नालों में ठोस कचरे के गिरने की निगरानी करने और उसे रोकने का निर्देश दिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि नदी में पानी का प्रवाह बढ़ाने के लिए डीजेबी को तीनों एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) कोरोनेशन पिलर, यमुना विहार और ओखला के बीच एक कन्वेयंस सिस्टम बनाना होगा। प्रवाह बनाए रखने के लिए उपचारित पानी को वापस नदी में डालना अनिवार्य करना होगा। इस काम की समय सीमा सितंबर 2026 है। अधिकारियों ने दावा किया कि ओखला एसटीपी एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा एसटीपी है। इसके अलावा, डीडीए को यमुना के डूब क्षेत्र में किसी भी तरह के कचरे को हटाने के लिए कहा गया है। एक्शन प्लान में इस साल नवंबर तक बाढ़ के मैदानों और नालों से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है। यमुना की सफाई के लिए आइएसपी (इंटरसेप्टर सीवेज प्रोजेक्ट) भी एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जिस पर पिछले कुछ सालों से डीजेबी काम कर रहा है। जिसमें सभी नालों को बंद करके उनमें बहने वाले गंदे पानी को पास के एसटीपी में ले जाना शामिल है।

## दिल्ली में नहीं घुस पाएंगी पुरानी गाड़ियां, 126 एंट्री पॉइंट पर लगेंगे एएनपीआर कैमरे




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दस वर्ष पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों को दिल्ली की सीमा पर ही रोक दिया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। वायु गुणवत्ता आयोग ने बताया कि दिल्ली के सभी 126 प्रवेश स्थानों पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्नीशन (एएनपीआर) कैमरे लगेंगे।

वाहन रोकने के संबंध में 15 दिनों के अंदर निर्देश जारी किए जाएंगे। अभी राजधानी में बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों के पुराने वाहन प्रवेश कर जाते हैं। प्रदूषण की समस्या से जूझ रही राजधानी में अब इस तरह के वाहनों को रोका जाएगा। दिल्ली में प्रवेश करते ही कैमरे पकड़ लेंगे कि वाहन कितना पुराना है। अपनी समय अवधि पूरी कर चुके वाहनों को तत्काल लाउडस्पीकर पर बताया जाएगा कि वे दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकते हैं। इन्हें लौटाया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, सभी स्थानों पर परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की टीम लगाई जाएगी। यह टीम वाहनों को दिल्ली में प्रवेश से रोक देगी। इन सभी स्थानों पर अभी दिल्ली सरकार टोल वसूल करती है। इस संबंध में भी आयोग की तरफ से अगले पंद्रह दिनों में निर्देश जारी होने की संभावना है।

**ईंधनबंदी के साथ ही पेट्रोल पंप से होगी जब्ती :** शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के साथ-साथ दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने ईंधनबंदी को लागू करने की रणनीति का खुलासा किया। कहा गया कि पेट्रोल पंपों पर ईंधन देने से मना करने के साथ ही इन्हें जब्त करने और स्क्रैप में भेजने की कार्रवाई भी की जाएगी। दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में समयावधि (एंड ऑफ लाइफ) पूरे कर चुके वाहनों पर अब निर्णायक तौर पर शिकंजा कसने की तैयारी है। आयोग के सदस्य वीरेन्द्र शर्मा ने कहा कि पुराने वाहनों को दिल्ली से बाहर करने के लिए एक जुलाई से इन्हें ईंधन देने पर पाबंदी लगा दी गई है।

## बस दो-तीन दिन और.. फिर उमस से मिलेगा छुटकारा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के कई राज्यों में जहां मॉनसून कहर बरपा रहा है वहीं राजधानी दिल्ली में उमस और गर्मी ने हाहाकार मचा रखा है। हर कोई आसमान की ओर टकटकी लगाए राहत भरी बारिश का इंतजार कर रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने आखिरकार राहत भरी खबर दी है। बस दो-तीन दिन और, फिर दिल्ली में मॉनसून की फुहारें झमाझम बरसेंगी।

शुक्रवार को आईएमडी ने बताया कि मॉनसून अब दिल्ली की दहलीज पर दस्तक देने को तैयार है। देश का लगभग हर कोना मॉनसून की बारिश से सराबोर हो चुका है, सिवाय उत्तर-पश्चिम के एक छोटे से हिस्से के, जिसमें दिल्ली भी शामिल है। लेकिन अब इंतजार की घड़ियां खत्म होने को हैं। जानिए कब से दिल्ली में बारिश शुरू होगी।

**मॉनसून का दिल्ली से आखिरी आंखमिचौली:** आइएमडी के मुताबिक, अगले दो-तीन दिनों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून दिल्ली समेत देश के बाकी हिस्सों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगा। दिल्ली के आसपास का इलाका इस बार मॉनसून की रेस में थोड़ा पीछे रह गया है। आमतौर पर 27 जून तक मॉनसून दिल्ली में दस्तक दे देता है, लेकिन इस बार ऊपरी वायुमंडलीय परिसंचरण (एंटी-साइक्लोनिक हवाएं) ने बारिश को रोके रखा है। ये हवाएं उच्च दबाव बनाकर मॉनसून की नमी को दिल्ली तक पहुंचने से रोक रही हैं। लेकिन अच्छी खबर ये है कि मॉनसून की ट्रफ लाइन अब दिल्ली के ठीक दक्षिण में है और इसके कुछ किलोमीटर उत्तर की ओर खिसकते ही बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

**1961 के बाद सबसे छोटा सूखा कोना:** इस साल मॉनसून ने पूरे भारत को लगभग कवर कर लिया है, सिवाय उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्से, दिल्ली और राजस्थान के सुदूर पश्चिमी इलाकों के एक छोटे से टुकड़े के। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 1961 के बाद से यह पहली बार है जब मॉनसून ने इतने छोटे क्षेत्र को छोड़ा है। यानी, दिल्ली इस बार एक अनोखे मौसमी रिकॉर्ड का हिस्सा बन रही है!

### दिल्ली क्यों रह गई सूखी?

जबकि पूरे भारत में जून में 9 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है, दिल्ली अभी भी सूखी और उमस भरी गर्मी से जूझ रही है। मध्य भारत में 22 प्रतिशत और उत्तर-पश्चिम भारत में 39 प्रतिशत अतिरिक्त बारिश दर्ज की गई है। लेकिन दिल्ली के आसपास नमी तो है, मगर बादल और बारिश अभी तक नदारद हैं। आइएमडी के वैज्ञानिकों का कहना है कि मॉनसून की ट्रफ के उत्तर की ओर बढ़ने पर दिल्ली में बारिश का माहौल बनेगा।

पड़ोसी राज्यों में जमकर हो रही बारिष

दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में मॉनसून ने पहले ही धमाल मचा दिया है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 27 जून से 3 जुलाई तक भारी बारिश की भविष्यवाणी है। हिमाचल और पंजाब में 29 जून को, हरियाणा में 29-30 जून को, और उत्तराखंड में 1 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। केरल, कर्नाटक और असम में तो पहले से ही मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। लेकिन दिल्ली अभी भी बादलों की मेहरबानी का इंतज़ार कर रही है।

### कब आएगी राहत की बौछार?

आइएमडी की लंबी अवधि की भविष्यवाणी के अनुसार, 3 से 10 जुलाई के बीच मॉनसून की ट्रफ अपनी सामान्य स्थिति में आ जाएगी। इससे दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी हिमालय में सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद है। तो दिल्लीवासियों, बस थोड़ा और सब्र। जल्द ही मॉनसून की ठंडी फुहारें आपको गर्मी और उमस से राहत दिलाएंगी।

## सूडान की सेना संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव से सहमत, अल फशेर में एक सप्ताह के लिए होगा युद्ध विराम



**काहिरा, एजेंसी।** सूडान में दो साल से जारी गृहयुद्ध के बीच सेना ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। सूडान की सेना अल फशेर क्षेत्र में सहायता वितरण के लिए एक सप्ताह का युद्ध विराम करेगी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सूडानी सैन्य नेता जनरल अब्देल-फतह बुरहान से इस बारे में फोन पर बात की। गुटेरेस ने सैन्य नेता से उत्तरी दारफुर प्रांत की राजधानी अल फशेर में मानवीय संघर्ष विराम लागू करने के लिए कहा। सैन्य नेता बुरहान ने प्रस्ताव पर सहमत जताई। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों को लागू करने के महत्व पर बल दिया। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि दूसरा पक्ष अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (RSF) इस प्रस्ताव पर सहमत होगा या नहीं। गुटेरेस ने कहा कि हम दोनों पक्षों से संपर्क कर रहे हैं। अल फशर में हमारे सामने एक नाटकीय स्थिति है। प्रभावी सहायता वितरण के लिए मानवीय संघर्ष विराम की आवश्यकता है। साथ ही अल फशेर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वितरण की तैयारी के लिए कई दिन पहले इस पर सहमति होनी चाहिए।

### सूडान में गृहयुद्ध, जनता में भुखमरी

गौरतलब है कि सूडान में अप्रैल 2023 में गृहयुद्ध शुरू हुआ था, जब सेना और आरएसएफ सत्ता के लिए आपस में भिड़ गए। यह लड़ाई धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गई। अब तक करीब 20,000 लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन असल आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है।

## ट्रंप को सीनेट से मिली खुली छूट, ईरान पर फिर गिर सकते हैं बम!

**वाशिंगटन एजेंसी।** ईरान के खिलाफ आगे और कोई कार्रवाई करने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रोकने के डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का प्रयास शुक्रवार को संसद के उच्च सदन सीनेट में खारिज हो गया। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने संसद में प्रस्ताव पेश किए जाने का विरोध किया। सीनेट सदस्य टिम केन के इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ट्रंप को ईरान के खिलाफ आगे कभी सैन्य कार्रवाई शुरू करने से पहले संसद की मंजूरी लेनी होगी। यह पूछे जाने पर अगर उन्हें जरूरी लगा है तो क्या वह फिर से ईरान के परमाणु स्थलों पर बमबारी करेंगे तो ट्रंप ने कहा कि बिल्कुल, बिना किसी हिचकिचाहट के। प्रस्ताव के पारित होने को दूर की कौड़ी माना जा रहा था। रिपब्लिकन पार्टी को सीनेट में बहुमत प्राप्त है और 100 सदस्य सीनेट में उसके 53 सदस्य हैं। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ईरान पर हमला करने के फैसले के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े हैं। रिपब्लिकन पार्टी के अधिकतर सांसदों का कहना है कि ईरान एक आसन्न खतरा बन गया है, जिसके लिए ट्रंप की ओर से निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है।



## गाजा में राहत सामग्री वितरण में हो रहीं मौतों पर संयुक्त राष्ट्र का आरोप, कहा- सामूहिक हत्याओं को बढ़ा रहा इस्राइल



**न्यूयार्क, एजेंसी।** गाजा में राहत सामग्री वितरण के दौरान हो रहीं मौतों पर संयुक्त राष्ट्र ने इस्राइल पर बड़ा आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा कि इस्राइल सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दे रहा है। इस्राइल को गाजा में संयुक्त राष्ट्र की मानवीय सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करनी चाहिए। आरोप है कि पिछले एक महीने में जब से गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) ने खाने के पैकेट बांटना शुरू किया है, तब से अब तक 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। हालांकि इस्राइल की सेना और जीएचएफ ने आरोपों से इनकार किया है।

इस्राइल के एक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया था कि इस्राइली सैनिकों को गाजा में राहत सामग्री पाने की कोशिश कर रहे फलस्तीनियों पर गोली चलाने का आदेश मिला है। रिपोर्ट में कहा गयश कि जब लोग राहत केंद्रों की ओर जा रहे होते हैं तो उन पर फायरिंग की जाती है। इस मामले में फलस्तीन के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (यूएनडब्ल्यूआरए) के प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने कहा कि नई सहायता वितरण प्रणाली एक हत्या का मैदान बन गई है, यहां लोगों को भोजन प्राप्त करने का प्रयास करते समय गोली मार दी जाती है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि इस घृणित कार्य को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अन्य स्थानों से मानवीय सहायता प्रदान कर समाप्त किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि लोग केवल अपना और अपने परिवार का पेट भरने की कोशिश में मारे जा रहे हैं। भोजन की खोज कभी भी मौत की सजा नहीं होनी चाहिए।

# चीन में चमगादड़ों में मिले 20 नए वायरस

**बीजिंग, एजेंसी।** कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के बाद वायरस की उत्पत्ति और उनके पशु स्रोतों की निगरानी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। अब चीन के दक्षिण-पश्चिमी युन्नान प्रांत से आई एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने वैज्ञानिकों की चिंता और बढ़ा दी है। वैज्ञानिकों ने फलों के बागों में पाए जाने वाले चमगादड़ों में 20 नए वायरस खोजे हैं, जिनमें से दो जानलेवा निपाह और हेंड्रा वायरस से मिलते-जुलते हैं। यह खोज एक नई महामारी की चेतावनी भी देती है। युन्नान इंस्टीट्यूट ऑफ एंडेमिक डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन और डाली यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की एक टीम ने 10 प्रजातियों के 142 चमगादड़ों का आनुवंशिक विश्लेषण किया। विश्लेषण में 20 नए वायरस, एक अज्ञात जीवाणु और एक नया प्रोटोजोआ परजीवी भी मिला। दोनों वायरस की संरचना निपाह और हेंड्रा वायरस के आधे से अधिक जीन से मेल खाती है। ये दोनों वायरस पहले भी मानव संक्रमण में बेहद घातक साबित हुए हैं। खास चिंता की बात यह है कि वायरस खास तौर पर चमगादड़ों की किडनी में पाया गया है, जो मूत्र उत्पादन से जुड़ा अंग है।



**जानवरों और मनुष्यों में संक्रमण का खतरा:** ये चमगादड़ ग्रामीण उद्यानों में पकड़े गए, जो आबादी वाले गांवों के पास स्थित हैं। इसका मतलब है कि अगर इन वायरस में प्रजातियों के बीच संचार करने की क्षमता है, तो मनुष्य और पालतू जानवर सीधे जोखिम में पड़ सकते हैं। पीएलओएस पैथोजेन्स पत्रिका में प्रकाशित शोध में चेतावनी दी गई है कि वायरस के फैलने की संभावना को देखते हुए सख्त निगरानी की आवश्यकता है।

**दो नए वायरस: युन्नान बैट हेनिपावायरस 1 और 2...:** अध्ययन में विशेष रूप से दो नए वायरस, युन्नान बैट हेनिपावायरस 1 और 2 की पहचान की गई है, जो हेंड्रा और निपाह जैसे हेनिपावायरस के करीबी विकासवादी चचेरे भाई हैं। उनके जीनोम का पूरी तरह से विश्लेषण किया गया है, जो चीन में अपनी तरह की पहली खोज है। हालांकि यह अभी तक निश्चित नहीं है कि ये वायरस मनुष्यों को संक्रमित कर सकते हैं या नहीं, लेकिन उनकी संरचनात्मक समानताएं उन्हें प्राथमिक निगरानी सूची में डालती हैं।

**कोविड-19 की छाया में, यह खोज इसलिए महत्वपूर्ण है...:** यह शोध ऐसे समय में आया है जब दुनिया अभी भी कोविड-19 के दंश से उबरने की कोशिश कर रही है। एक ऐसा वायरस जिसकी उत्पत्ति भी चमगादड़ों से बताई गई। वुहान लैब लीक थ्योरी पर विवाद के बाद अब ऐसी हर खोज को खास गंभीरता से देखा जा रहा है। इस हालिया शोध ने एक बार फिर इस बात की पुष्टि की है कि वायरस की उत्पत्ति, प्रसार और जूनोटिक ट्रांसफर की वैज्ञानिक निगरानी बेहद जरूरी है।

# दुकानदारों को सड़क का अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा : उपायुक्त

## फैंसी नंबर प्लेट व ब्लैक फिल्म के विरुद्ध जारी रहेगा अभियान : एसएसपी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि सड़कों पर जाम का मुख्य कारण अतिक्रमण है। दुकानदार अपनी दुकान से कई फीट आगे सामान रखकर अतिक्रमण करते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं करने दिया जाएगा। इसको रोकना सड़क सुरक्षा समिति की प्राथमिकता होगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को मोहन बाजार, फुस बंगला तथा गोधर में बंद पड़ी और अनुपयोगी रोपवे को तुरंत हटाने तथा कतरास मोड़ में जहां बीसीसीएल की सड़क मुख्य सड़क से मिलती है, वहां स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्देश दिया। वहीं जिले में ट्रैफिक सिग्नल एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए उन्होंने सड़क सुरक्षा टीम तथा धनबाद नगर निगम को संयुक्त रूप से सर्वे करने तथा बंद और खराब ट्रैफिक लाइट को पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए हटा लेने, विभिन्न कार्य एजेंसियों को अपनी सामग्री सड़क से हटाकर निकटतम सरकारी परिसर में अनुमति लेकर रखने, नगर निगम को ग्रामीण क्षेत्र में रखे अनुपयोगी खंभे हटा लेने, 8 लेन सड़क पर अशर्फी अस्पताल के सामने सर्विस रोड पर अवैध रूप से वाहन पार्क करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने, समिति की अगली बैठक से पहले अवैध कट बंद करने, पीएचइडी एवं झमाडा को पाइपलाइन लीकेज तुरंत ठीक करने का निर्देश दिया। पथ निर्माण विभाग एवं एनएच ने सिटी सेंटर चौक, चंद्रशेखर आजाद चौक, डीआरएम ऑफिस, वी मार्ट, हिरक चौक सहित अन्य स्थानों पर येलो (पिली) ब्लिंकर लाइट चालू कर दी है। उपायुक्त आवास व डीआरएम ऑफिस के सामने स्पीड ब्रेकर ठीक किए हैं। पूजा टॉकीज के सामने येलो ब्लिंकर के झुके पोल को सीधा कर दिया है। इसके अलावा जहां सड़क संबंधी साइन बोर्ड अस्पष्ट थे एवं उसके आगे पौधे उग आए थे, उसकी पहचान स्पष्ट कर दी है। इसके अलावा सड़कों पर अनुपयोगी बैनर पोल हटाना, सड़कों पर झाड़ियां को हटाना, देवली एवं अटल चौक के पास स्पीड ब्रेकर की रंगाई, हर्ल गेट के सामने हजार्ड साइन लगाना, दयाबंस पहाड़, बरवाअड्डा गोविंदपुर रोड, गोधर, निरसा सहित अन्य स्थानों पर खुले डिवाइडर को ग्रील से बंद किया है। देवली व अन्य स्थान में बंद स्ट्रीट लाइट चालू कर दी है।

**फैंसी नंबर प्लेट व ब्लैक फिल्म के विरुद्ध जारी रहेगा अभियान : एसएसपी**

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि पुलिस का फैंसी नंबर प्लेट व ब्लैक फिल्म के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। वहीं फर्जी नंबर प्लेट लगाने वालों के विरुद्ध एफआईआर कर कारवाई की जाएगी। उन्होंने बीसीसीएल को अनुपयोगी कबाड़ सामग्री को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा समिति को पूरे जिले में ट्रैफिक मूवमेंट अवरोध की पहचान करने और संबंधित पदाधिकारी से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जहां-जहां अतिक्रमणह हट रहा है वहां दोबारा अतिक्रमण नहीं लगना चाहिए। उन्होंने सिटी सेंटर सहित अन्य मॉल जहां पार्किंग की व्यवस्था नहीं है उन्हें नोटिस देकर कार्रवाई करने, सड़क पर अनुपयोगी पोल, जर्जर यात्रि शेड, जिले के प्रमुख चौक चौराहा को अतिक्रमण से मुक्त रखने, मार्ग अवरुद्ध करने वाले साइन बोर्ड नहीं लगाने, मटकुरिया चेक पोस्ट से अतिक्रमण हटाने, जहां मुख्य सड़क के साथ वाली सड़क नीची है उसे समतल करने, बरटांड बस स्टैंड के बाहर बस खड़ी करने वाले, स्टील गेट, गोल बिल्डिंग, कलेक्ट्रेट के सामने सहित अन्य प्रमुख सड़कों पर रिफ्लेक्टर के साथ रंबल स्ट्रिप लगाने का निर्देश दिया।

**सड़क पर न हो पार्किंग की सैरात - विधायक धनबाद**

विधायक राज सिन्हा ने बैंक मोड़ व बिग बजार के सामने नगर निगम द्वारा सैरत से पार्किंग नहीं देने का अनुरोध किया। उन्होंने सेंट्रल हॉस्पिटल के पास बीसीसीएल के गेट के कारण हो रहे अतिक्रमण की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। वहीं आवारा पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रकने की पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने बरमसिया एफसीआई गोदाम के पास खड़े लावारिस वाहनों, बंद पड़ी रेलवे लाइन जहां अक्सर दुपहिया वाहन स्लीप करते हैं, को दुरुस्त करने, टोटो एवं ऑटो के लिए पार्किंग निर्धारित करने का अनुरोध किया।

**झमाडा की जमीन पर दुकानदारों को करें शिफ्ट : विधायक निरसा**

निरसा में राष्ट्रीय राजमार्ग को अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए विधायक निरसा अरूप चटर्जी ने झमाडा की जमीन पर दुकानदारों को शिफ्ट करने का अनुरोध किया। टेंपो स्टैंड को पंचायत भवन के पास शिफ्ट करने, निरसा कलियासोल सड़क अतिक्रमण मुक्त करने का अनुरोध किया।

**बस स्टैंड को शिफ्ट कर पुराने में बने टेंपो स्टैंड : विधायक झरिया**

विधायक झरिया रागिनी सिंह ने झरिया से अतिक्रमण दूर करने के लिए चार नंबर स्थित बस स्टैंड को झरिया के पुराना बाजार में शिफ्ट करने तथा पुराने बस स्टैंड में टेंपो स्टैंड बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने दुख हरणी मंदिर के पास जर्जर बाउंड्रीवल ठीक करने, डी-नोबली स्कूल के पास स्कूल की छुट्टी होने के समय भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने का अनुरोध किया। वहीं विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो ने 8 लेन सड़क पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करने का अनुरोध किया। बैठक में सांसद धनबाद के प्रतिनिधि नितिन भट्ट, विधायक बाघमारा के प्रतिनिधि मनीष कुमार तथा विधायक टुंडी के प्रतिनिधि जगदीश महतो ने अपने विचार व्यक्त किए।

## रोटरी क्लब चास ने आयोजित किया वार्षिक अवार्ड समारोह



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास का वार्षिक अवॉर्ड फंक्शन रोटरी भवन, चीरा चास में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों को उनके साल भर के कार्यों का मूल्यांकन कर उन्हें पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया। दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। ललिता चोपड़ा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक, बोकारो हरविंदर सिंह का स्वागत किया। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने आगुंतक अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पुरस्कार अथवा सम्मान से व्यक्ति की कार्य क्षमता बढ़ती है। साथ ही उसका आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ता है। पूर्व अध्यक्ष डॉ सुमन ने अवार्ड की महता पर प्रकाश डालते हुए इसे प्रेरणा के लिए आवश्यक बताया।

100% उपस्थित, सक्रिय भागीदारी, सर्वश्रेष्ठ फैलोशिप के अलावा विभिन्न विशिष्ट पुरस्कार की श्रेणी में संजय बैद,डिंपल कौर, पूजा बैद, डॉ सुमन, कुमार अमरदीप, मुकेश अग्रवाल, रितु अग्रवाल, अर्चना सिंह ,पूनम अग्रवाल, श्वेता रस्तोगी को मुख्य अतिथि हरविंदर सिंह के हाथों पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। नरेंद्र सिंह को स्टार रोटेरियन ऑफ द ईयर से पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि हरविंदर सिंह ने अपने संबोधन में कहा की सदस्यों के महत्वपूर्ण योगदान और उपलब्धियां की सराहना होनी ही चाहिए। हरविंदर सिंह ने कहा कि मेहनत और समर्पण को सम्मान देने से दूसरे सदस्यों में इसकी भावना बढ़ती है। पूजा बैद ने एक स्मृति चिन्ह मुख्य अतिथि को भेंट कर सम्मानित किया। मंच का संचालन डॉ परिंदा सिंह ने किया। सिद्धार्थ पारख ने धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश केजरीवाल,चेंबर के पूर्व अध्यक्ष अशोक तनेजा,चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी, चीरा चास थाना प्रभारी चंदन दुबे, साजन कपूर, मंजीत सिंह, राजकुमार जायसवाल, संजय रस्तोगी, गौरव रस्तोगी, आनंद अग्रवाल, प्रकाश केजरीवाल, विजय अग्रवाल, सिद्धार्थ सिंह माना, मनोज सिंह, बिनय सिंह, प्रेम शंकर सिंह, माधुरी सिंह, आरती पारख,रंभा सिंह,ज्योति अग्रवाल, शैल रस्तोगी, चनप्रीत सिंह, हरबंस सिंह, मनप्रीत सिंह, सुमि सलूजा, आदि उपस्थित थे।

## शराब की दुकानों की जांच 30 जून तक करें पूरी : अपर समाहर्ता



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में बोकारो जिला अंतर्गत संचालित 83 खुदरा उत्पाद दुकानो के स्टॉक सत्यापन / जांच हेतु अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जांच हेतु सभी प्रतिनियुक्त जांच पदाधिकारी एवं उत्पाद विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में खुदरा उत्पाद दुकानों के स्टॉक सत्यापन के संबंध में विस्तृत वार्ता की गई एवं अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी द्वारा ससमय स्टॉक सत्यापन करने हेतु सभी जांच पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

मौके पर सहायक उत्पाद आयुक्त उमाशंकर सिंह सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे। अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 30 जून, 2025 तक हर हाल में आवंटित खुदरा उत्पाद दुकान के स्टॉक का कार्य पूर्ण कर प्रतिवेदन देने को कहा। उन्होंने आगे कहा कि सहायक उत्पाद आयुक्त सभी खुदरा उत्पाद दुकानों के स्टॉक से संबंधित जांच प्रतिवेदन नोडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे एवं अनुमंडल पदाधिकारी चैस एवं अपने-अपनी अनुमंडल अंतर्गत स्टॉक सत्यापन का कार्य का बढ़िया प्रभार के रूप में पर्यवेक्षक करेंगे। अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने कहा वैसे खुदरा उत्पाद दुकान जिन पर वित्तीय अनियमितता अथवा दुकान में कार्यरत कर्मी जिनमें विरुद्ध पूर्व में गंभीर आरोप, प्राथमिक की दर्ज या ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई की गई है, उनसे प्रस्तावित खुदरा उत्पाद दुकान के संचालन में किसी भी परिस्थिति में कार्य नहीं ली जाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि बोकारो जिला अंतर्गत कुल 83 खुदरा उत्पाद दुकाने, जिसमें 20 देसी, 37 विदेशी एवं 26 कंपोजिट शराब की दुकान के स्टाफ सत्यापन जांच का कार्य आगामी 01 जुलाई, 2025 से पूर्व करने का निर्देश दिया। ज्ञातव्य हो कि विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में जिला अंतर्गत संचालित 83 83 खुदरा उत्पाद दुकान का स्टॉक सत्यापन 30 जून, 2025 तक किया जाना है, इस कार्य हेतु अपर समाहर्ता बोकारो को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

## मासिक लोक अदालत में 100 वादों का हुआ निपटारा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के अध्यक्षता में आज मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि आज मासिक लोक अदालत में कुल आठ बेंच गठित किया गया जिसमें 100 वादों का निपटारा किया गया इस दौरान कुल 5 लाख 71 हजार 5 सौ 33 रुपए रिकवरी हुई । जिसमें अधिकतम रेलवे वाद से संबंधित 62 मामलों का निपटारा किया गया ।

## सिविल कोर्ट बोकारो एवं तेनुघाट में मासिक लोक अदालत का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के तत्वाधान एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार आज मासिक लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट, बोकारो एवं अनुमंडल न्यायालय तेनुघाट में किया गया। मासिक लोक अदालत हेतू 05 बेंचों का गठन किया गया, जिसमें व्यवहार न्यायालय बोकारो में तीन (03) एवं अनुमंडल न्यायालय तेनुघाट में दो (02) बेंच का गठन किया गया। मासिक लोक अदालत में कुल-118 वादों को निष्पादन हुआ जिसमें समझौता राशि कुल-47,36,500/- (सैंतालीस लाख छत्तीस हजार पांच सौ रुपये) की हुई।

## बार एसोसिएशन द्वारा बनाए गए नए शेड में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का पाठ



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसडीओ कोर्ट कैंपस में वर्षो से प्लास्टिक्स के नीचे बैठकर वकालत करने वाले अधिवक्ताओं को बार एसोसिएशन ने बड़ी सौगात दी। पूरे परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए शेड का निर्माण किया गया जिसका उद्घाटन शनिवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय एवं महासचिव जितेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर अधिवक्ताओं द्वारा शेड में संगीतमय सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत सुबह ग्यारह बजे राम दरबार के वैदिक पूजन से शुरू हुई . दोपहर 12 बजे से संकटमोचन जागरण ग्रुप के कलाकारों के द्वारा संगीत मय सुंदरकांड का पाठ शुरू किया गया एक से एक धुन पर मानस के चौपाइयों और दोहों का गान किया गया कलाकारों के साथ अधिवक्ताओं ने भी सुन्दरकाण्ड का पाठ किया वहीं इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी , अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो, रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट भी उपस्थित थे. पुर्णहुति के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया . इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंदर सहाय ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारे आत्मिक और मानसिक बल को सशक्त करने का एक अद्वितीय अवसर है। सुंदरकांड जो श्रीरामचरितमानस का एक अत्यंत प्रभावशाली अध्याय है न केवल श्रीराम की विजयगाथा का वर्णन करता है, बल्कि संकट में धैर्य, श्रद्धा, सेवा और साहस का जो अनुपम उदाहरण श्री हनुमान जी ने प्रस्तुत किया, वह हम अधिवक्ताओं के जीवन और कार्यशैली के लिए भी अत्यंत प्रेरणास्पद है।इस आयोजन से हमें न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है, बल्कि यह हमारी संस्था, हमारे बार की एकता, सहयोग और सांस्कृतिक चेतना को भी प्रकट करता है। वहीं महासचिव जितेन्द्र कुमार ने कहा कि हम अधिवक्ताओं का जीवन भी एक निरंतर संघर्ष है अन्याय के विरुद्ध न्याय की तलाश का, झूठ के विरुद्ध सत्य की स्थापना का। ठीक वैसे ही जैसे हनुमान जी ने माता सीता की खोज कर श्रीराम के संदेश को लंका तक पहुँचाया, वैसे ही हम अधिवक्ता जनसामान्य की पीड़ा को न्याय के मंच तक पहुँचाने का कार्य करते हैं। हमें ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों को समय-समय पर आयोजित करना चाहिए, ताकि हम केवल पेशेवर नहीं, बल्कि संवेदनशील, सशक्त और संतुलित व्यक्तित्व भी बन सकें। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सुंदरकांड हमें सिखाता है कि जब लक्ष्य बड़ा हो, तो साधन स्वयं मिल जाते हैं। जब संकल्प दृढ़ हो, तो समुद्र भी रास्ता दे देता है। वहीं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी ने कहा कि जब मन में भक्ति और सेवा का भाव हो, तो असंभव भी संभव हो जाता है।

## विद्या विकास समिति के प्रदेश भर के स्कूलों से बोकारो में जुटेंगे मेधावी विद्यार्थी, होंगे सम्मानित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 डी बोकारो में रविवार को मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। विद्या विकास समिति झारखंड के धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख विवेक नयन पाण्डेय ने बताया कि पूरे झारखंड के शिशु मंदिरों से जैक बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कक्षा दशम एवं द्वादश के भैया - बहनों को सम्मानित किया जाएगा । उन्होंने बताया की झारखंड के आठ विभाग से कुल 54 बच्चे सम्मिलित होंगे इसमें उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया जाना है। साथी अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहनों को भी सम्मानित किया जाना है। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने बताया कि यह बोकारो के लिए सौभाग्य का विषय है कि हमारे झारखंड के होनहार छात्र पूरे झारखंड से 9 डी बोकारो में आने वाले हैं । जहां उनका स्वागत करने का मौका हम सभी को मिलने वाला है । यह बड़ा ही हर्ष एवं विद्यालय के बालकों के लिए भी प्रेरणा का विषय है । इस सम्मान समारोह में बोकारो से विद्या मंदिर 9 डी का भैया पवन कुमार ठाकुर भी शामिल हैं।

## शिल्प डिजाइन विकास कार्यशाला सह प्रशिक्षण का समापन



**बलियापुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प के देवघर कार्यालय के तत्वावधान में धनबाद जिला अंतर्गत बलियापुर प्रखंड के कोराहिर ग्राम में आयोजित 25 दिवसीय डिजाइन विकास कार्यशाला का शनिवार को सफल समापन हुआ। इस वर्कशॉप का आयोजन टेराकोटा शिल्प को नया स्वरूप देने और स्थानीय कारीगरों को आधुनिक डिजाइन तकनीकों से परिचित कराने के उद्देश्य से किया गया था। इस कार्यक्रम में टेराकोटा शिल्प से जुड़े 30 से अधिक कारीगरों ने भाग लिया और डिजाइनर देवानंद राणा द्वारा पारंपरिक कला को नए आयाम देने के लिए उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने कई नवाचारी डिजाइनों एवं उत्पादों का निर्माण किया, जो बाजार की वर्तमान मांग के अनुरूप तैयार किए गए। कार्यक्रम में हस्तशिल्प प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने समापन समारोह के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया और सभी कारीगरों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि ऐसी कार्यशालाएं न केवल शिल्प को जीवंत बनाए रखती हैं, बल्कि कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहन मिलता है और यह प्रयास 'वोकल फॉर लोकल' के उद्देश्य को भी साकार करता है। विभाग के अवर श्रेणी लिपिक विवेक कुमार ने योजनाओं की जानकारी साझा की और कारीगरों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर मास्टर ट्रेनर अनंतराम सहित 30 प्रतिभागी हस्तशिल्पी मौजूद रहे।

## भू माफिया ने बुजुर्ग को किया लहूलुहान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमीन माफियाओं ने बुजुर्ग को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। घायल अवस्था में बुजुर्ग थाना पहुंचे। चास थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 स्थित सुभाष को-ऑपरेटिव में रहने वाले एक बुजुर्ग को उनकी पत्नी के नाम पर खाली पड़े जमीन को छोड़ने की बात कह कर पिटाई करते हुए सिर फोड़ दिया। घायल अवस्था में बुजुर्ग ओम प्रकाश शर्मा चास थाना पहुंचे और जमीन माफियाओं से बचाने की गुहार लगाई। ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि अर्जुन स्वर्णकार और विशाल पत्रा 20 -25 की संख्या में लोगों के साथ मेरे घर पर पहुंचे। जब मैं बागान में डाल रहा था तो अर्जुन स्वर्णकार ने मेरे माथे पर एट पत्थर चला कर मुझे लहूलुहान कर दिया। इस दौरान विशाल ने भी मुझे धक्का दे दिया। दोनों मेरे घर के बगल में मेरी पत्नी के नाम पर को-ऑपरेटिव के द्वारा अलॉट किए गए जमीन को छोड़ने को लेकर रंगदारी कर रहे थे। हाल के दिनों से दोनों का आतंक कोऑपरेटिव में शुरू हुआ है और लगभग 20 से 30 प्लाट ओटी पर इन लोगों ने ताला मार दिया है। यह दोनों रंगदारी करते हैं उनकी बात नहीं मानने पर मारपीट की घटना को भी अंजाम दे रहे है।

## डीवीसी चंद्रपुरा प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**चंद्रपुरा (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीवीसी चंद्रपुरा प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित दीघार्यु जीवन शैली, स्वास्थ्य और खुशी के रहस्यों को समझना विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार की शाम संपन्न हो गया । इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विनोद कुमार राय ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कुछ ना कुछ गुण आवश्यक होता है ,इस गुण को अपनाकर हम अपने जीवन शैली में सुधार ला सकते हैं । उन्होंने कहा कि जीवन एक उतार चढ़ाव का अंग है इसे हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए । उन्होंने मानसिक सोच की मजबूती पर बल दिया और कहा कि मानसिक रूप से मजबूत व्यक्ति ही शारीरिक और सामाजिक रूप से मजबूत हो सकता है । श्री राय ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में भी लोगों को सकारात्मक सोच और सहयोग का कर्तव्य अपना कर मानसिक रूप से तनाव से मुक्ति पाया जा सकता है । उन्होंने कहा कि लोगों को निस्वार्थ भाव से सेवा करना चाहिए, इसका फल उन्हें अवश्य प्राप्त होता है । उन्होंने मानसिक मजबूती, सेवा भावना और सकारात्मक सोच पर बल दिया। डॉक्टर एएम मिश्रा ने कहा कि आज के युग में लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, सामूहिक काम में भागीदारी, और लोगों पर भरोसा बनाए रखना चाहिए । प्रशिक्षक डॉ अशोक कुमार ने आम लोगों के महत्वाकांक्षी कार्यों पर विशेष प्रकाश डाला और कहा कि बच्चों को स्वतंत्र रूप से शिक्षा लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए, लेकिन आज के युग में उनके माता-पिता उनकी सफलता को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए काफी तनाव दे रहे हैं, जो सही नहीं है। डॉक्टर पीके घोष ने स्वस्थ रहने के लिए लोगों को खुश रहने की अपील की और कहा कि खुशियां खरीदी नहीं जा सकती। इस अवसर पर आपसी सहमति बनाए रखने और आपसी भ्रांतियां दूर करने के लिए एक खेल का भी आयोजन किया। लोगों को उच्च शिखर पर जाने के लिए सपना देखना, काम करना और आलोचना करना विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई । प्रशिक्षण के माध्यम से आम लोगों को सही जीवन चाहिए जीने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अक्षय कुमार, सुमन कुमार, नूरजहां बानो, राम रतन टुडू, सुजीत कुमार, रईस अंसारी, बैसाखी बेरा, अनूप कुमार सिन्हा, महेंद्र कुमार विश्वकर्मा,मोहम्मद मुजाहिद रजा, आशीष कुमार चक्रवर्ती, जितेंद्र कुमार सिन्हा, महेंद्र साव, उमाशंकर प्रसाद, सुरेश मनोरी, सुनीता कुमारी आदि शामिल थे। इस अवसर पर प्रबंधक रोहित कुमार, मीरा बखला, अजीत कुमार आदि उपस्थित थे। निदेशक श्री राय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों और प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

## गतका ने स्थानीय बच्चों को दिया निःशुल्क प्रशिक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गतका एसोसिएशन ऑफ झारखंड, गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव सरदार बलजीन्दर सिंह दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचें। यहां के बच्चों को निः शुल्क गतका प्रशिक्षण राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में दिया। जहां विधालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी कमल नयन ने बलजीन्दर सिंह तुर का स्वागत पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर किया। इसी क्रम में यूनियन क्लब में गतका एसोसिएशन के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में उपस्थित राष्ट्रीय महासचिव सरदार बलविंदर सिंह तुर ने बताया की आज बच्चों के हाथों मे मोबाइल अभिभावकों के लिए चिंता का विषय है इसलिए गतका खेल के माध्यम से बच्चो में अनुशासन पैदा कर देश के विकास मे सहयोग करें।गतका राष्ट्रीय स्कूल गेम्स, यूनिवर्सिटीज गेम्स, खेलो इंडिया में सम्मिलित है। वहीं गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष केशव कुमार हारोदिया ने बताया की आज धनबाद के बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है और कल झारखंड के कोच व रेफरी के लिए सेमिनार का आयोजन होटल पोद्दार रेजेंसी व राजकमल स.वि.मंदिर मे किया जाएगा।झारखंड की सचिव विद्या ने बताया की झारखंड के खिलाड़ीयों ने विगत पांच वर्षो मे खेलो इंडिया मे 10 पदक ,राष्ट्रीय स्कूल गेम्स मे 25 पदक वा राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप मे लगभग 110 पदक जीत चुके हैं और झारखंड सरकार ने विजेता खिलाड़ीयों को लगभग 10 लाख रू नकद ईनाम दे चुकी है।कल होटल पोद्दार रेजेंसी वा राजकमल स.वि.मंदिर मे कोचेस व रेफरी का सेमिनार किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com